kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-336 ❒ शनिवार, 10 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए ग्रामीण भारत का मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब ग्रामीणों को 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार मिलेगा।

सूर्य प्रताप शाही

स्कूलों को समाज से जोड़ना होगा: धर्मेंद्र प्रधान 11

तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामला: एक और आरोपी गिरफ्तार 12


विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा, ऐसा मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं

# यूपी में बनेगा सेनाओं के लिए हथियार : राजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। देश की सेनाओं के लिए हथियार, गोला-बारूद और लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान, अब उत्तर प्रदेश में बनेगा। लखनऊ में तो ब्रह्महोस की फैक्ट्री भी लगी है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बनाई जा रही है। अब ये मिसाइल बाहर से बनकर नहीं आती, हमारे अपने देश में, हमारे अपने उत्तर प्रदेश में बनती है। भारत का रक्षा क्षेत्र, अब पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की ओर बढ़ रहा है। भारत अब कमजोर नहीं है, हम अपने हथियार खुद बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार ने डिफेंस कॉरिडोर बनाया है। शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में अशोक लीलैंड के नए ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री (भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय) एचडी कुमार स्वामी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में हम लोग भारत में सिर्फ 46,000 करोड़ रुपये के हथियार और साजो-सामान बना पाते थे। आज वहीं बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो चुका है। 2014 के समय भारत का जो रक्षा निर्यात है, वह बहुत कम हुआ करता था। हम 1,000 करोड़ रुपये से भी कम के हथियार और साजो-सामान, दुनिया को बेच पाते थे, लेकिन आज वही बढ़कर रिकार्ड 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।




**राजनाथ बोले**

- ❒ गोला-बारूद और लड़ाकू जहाजों का सामान, आज का जो समय है उसमें स्किल का बड़ा महत्त्व है
- ❒ 2014 में हम लोग भारत में सिर्फ 46,000 करोड़ रुपये के हथियार और साजो-सामान बना पाते थे
- ❒ इस फैक्ट्री का शुरू होना, केवल अशोक लीलेंड की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह हमारी नीतियों पर, उद्योग जगत के विश्वास की कहानी भी है।
- ❒ लगभग 70 एकड़ में यह संयंत्र फैला हुआ है। इस पूरी सुविधा का निर्माण 24 महीने में होना था, लेकिन आप लोगों ने इसे 18 महीनों में तैयार किया है।

रक्षामंत्री ने कहा कि इस फैक्ट्री का शुरू होना, केवल अशोक लीलेंड की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह हमारी नीतियों पर, उद्योग जगत के विश्वास की कहानी भी है। हमारी सरकार ने हमेशा जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में जो किया है, उससे लगातार उद्योग जगत का विश्वास बढ़ा है। यदि आज लखनऊ जैसे शहर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की इतनी बड़ी फैक्ट्री की शुरुआत हो रही है, तो उसके पीछे उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था और सड़कों के जाल का बहुत बड़ा योगदान है। राजनाथ सिंह ने बताया कि लगभग 70 एकड़ में यह संयंत्र फैला हुआ है। ● शेष पेज 11 पर

## फियरलेस, ईज ऑफ डूइंग और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस नए यूपी की पहचान : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया और सिंदूर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज उत्सव का प्रदेश है। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि इसने खुद को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। दृढ़ निश्चय से लिए गए फैसले, साफ नीयत व स्पष्ट सोच के कारण ''फियरलेस बिजनेस, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस'' नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता। यूपी में अब 34 सेक्टरियल पॉलिसी हैं, जिनके माध्यम से निवेशक किसी भी सेक्टर में निवेश करके यूपी की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं।




**योगी बोले**

- ❒ आज यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है, अशोका लेलैंड का ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट एफडीआई व फॉर्चून-500 पॉलिसी का हिस्सा है।
- ❒ योगी आदित्यनाथ ने प्लांट में निर्मित बस का जिक्र करते हुए बताया कि यह 15 लाख की 17-18 सीटर बस है
- ❒ इस अवसर पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा एमडी-सीईओ शेनू अग्रवाल ने आभार प्रकट किया

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा कि यह अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। पिछले आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस इकाई की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे चरणबद्ध ढंग से 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। यह परियोजना यूपी के औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता और हम सभी के दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है। जब दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग व ग्लोबल कूलिंग से त्रस्त है। तमाम आपदाएं चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उन स्थितियों में हम सब भी अपने आप को तैयार ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### गांधी-वाड्रा परिवार आज देश में भ्रष्टाचार और लूट का पर्याय: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी-वाड्रा परिवार आज देश में भ्रष्टाचार और लूट का पर्याय बन चुका है। अगर कोई भ्रष्टाचार और लूट की बात करता है तो देश की जनता में सिर्फ एक ही परिवार का नाम आता है और उस परिवार का नाम है- गांधी-वाड्रा परिवार। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी, दोनों बेल पर बाहर हैं। सभी जानते हैं कि 2008 में नेशनल हेराल्ड पेपर का सर्कुलेशन बंद हो चुका था। आज कांग्रेस की कर्नाटक की सरकार टैक्स पेयर के पैसे को, जनता के पैसे को गांधी-वाड्रा परिवार के पर्सनल अखबार नेशनल हेराल्ड को विज्ञापन देने में जनता का पैसा बर्बाद कर रही है।

ये बंद अखबार नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार जनता का पैसा लूटकर देती है। एक तरह बेंगलुरू में गड्ढे को भरने के लिए इनके पास पैसे नहीं हैं, दूसरी तरफ कर्नाटक की जनता का पैसा लूटकर राहुल-सोनिया के बंद अखबार को फंड करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है। हिमाचल प्रदेश जो अभी 350 करोड़ रुपये का लोन ले चुका है, जिनके पास अपने कर्मचारियों की सैलरी देने के पैसे नहीं हैं। कुल 7,200 करोड़ रुपये का कर्ज़ है। ये हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार भी 97 लाख रुपये तक नेशनल हेराल्ड को दे रही है। राहुल गांधी का मॉडल है- टैक्सपेयर के पैसे को लूटो और अपने प्राइवेट अखबार( जो बंद है) उसके माध्यम से राहुल-सोनिया की लाइफ-स्टाइल को फंड करो और जनता के साथ नाइंसाफी करो।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पिछले आठ सालों में 4.26 करोड़ महिलाओं को मिली मदद

नई दिल्ली। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से शुरू की गई केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत पिछले आठ वर्षों में सवा 4 करोड़ से अधिक महिलाओं को मदद दी गई। योजना की शुरुआत से 8 जनवरी 2026 तक 4.26 करोड़ महिलाओं को 20,060 करोड़ रुपये की मातृत्व सहायता प्रदान की जा चुकी है।

## राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली से देश की आंतरिक सुरक्षा को मिलेगी मजबूती: शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा विकसित राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। यह एआई-सक्षम राष्ट्रीय मंच देशभर से तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) से जुड़ा डेटा एकत्रित कर उसका विश्लेषण करेगा और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनएसजी देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है और इसकी वीरता, अद्वितीय कौशल व समर्पण के कारण देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली (एनआईडीएमएस) के शुरू होने से विस्फोटकों के जरिए होने वाली आतंकी घटनाओं के विश्लेषण, उसकी रोकथाम और प्रभावी जवाबी कार्रवाई में देश को नया सुरक्षा कवच मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि आज एनआईडीएमएस का लोकार्पण हो रहा है। देश में विस्फोटकों के उपयोग से जुड़ी जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनके विश्लेषण में यह प्रणाली अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह मंच ऐसे खतरों से निपटने और प्रभावी बचाव उपाय विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि एनएसजी भारत की विश्वस्तरीय जीरो-एरर फोर्स है, जिसने साल 1984 में स्थापना के बाद से दुनियाभर की आतंकी घटनाओं का लगातार अध्ययन कर स्वयं को हर प्रकार की चुनौती के लिए तैयार किया है। बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप एनएसजी भी स्वयं को लगातार उन्नत कर रही है। उन्होंने बताया कि मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद और अब अयोध्या में भी एनएसजी हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में एनएसजी डेढ़ घंटे के भीतर देश के किसी भी हिस्से ● शेष पेज 11 पर



**मजबूती**

- ❒ एनएसजी देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है और इसकी वीरता, अद्वितीय कौशल व समर्पण के कारण देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं
- ❒ यह उनके लिए गर्व का विषय है कि आज एनआईडीएमएस का लोकार्पण हो रहा है
- ❒ एनएसजी भारत की विश्वस्तरीय जीरो-एरर फोर्स है, जिसने साल 1984 में स्थापना के बाद से दुनियाभर की आतंकी घटनाओं का लगातार अध्ययन कर स्वयं

## लव जिहाद का आरोपी डॉक्टररमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

लखनऊ-चौक थाने और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए केजीएमयू के सीनियर डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज को गिरफ्तार किया है। आरोपी रमीज पर अपनी जूनियर छात्रा का शारीरिक शोषण करने, धोखे से उसका धर्म परिवर्तन कराने और बिना सहमति के गर्भपात कराने का आरोप हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार फरार चल रहा था, जिसके बाद उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

मामला 23 दिसंबर 2025 को सामने आया था, जब केजीएमयू की एक एमडी पैथोलॉजी छात्रा (पीड़िता) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप था कि उसके सीनियर डॉक्टर रमीज ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने डरा-धमकाकर उसका धर्म परिवर्तन कराया और जब वह गर्भवती हुई, तो उसकी मर्जी के बिना उसका गर्भपात भी करा दिया। जांच में पता चला कि रमीज ने एक अन्य मेडिकल छात्रा के साथ भी इसी तरह की दरिंदगी की थी। आरोपी के माता-पिता (सलीमुद्दीन और खतीजा) भी इस पूरे खेल में शामिल थे। वे लड़कियों पर दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराते थे और निकाह के लिए मजबूर करते थे। रमीज के बुजुर्ग माता-पिता को पुलिस पहले ही 5 जनवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आज मुखबिर की मदद से पुलिस ने शुक्रवार दोपहर ● शेष पेज 11 पर



❒ आरोपी रमीज पर अपनी जूनियर छात्रा का शारीरिक शोषण करने, धोखे से उसका धर्म परिवर्तन कराने और बिना सहमति के गर्भपात कराने का आरोप हैं।

### दिल्ली में आआपा के 4 विधायक शीतकालीन सत्र के बाकी समय के लिए निलंबित

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें एवं अंतिम दिन शुक्रवार को भी सदन में हंगामा जारी रहा। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन की मर्यादा का उल्लंघन करने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आआपा) के चार सदस्यों को मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाही में निरंतर बाधा उत्पन्न करने और सदन की मर्यादा का उल्लंघन करने के कारण विपक्षी दल के सदस्य सोमदत्त, जरनैल सिंह, संजीव झा और कुलदीप कुमार को मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाता है। यह निर्णय सदन की गरिमा, अनुशासन एवं अधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से तथा विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है। इस सत्र में यह दूसरी बार है जब आम आदमी पार्टी के ये चारों सदस्य निलंबित किए गए हैं। इसके पूर्व, सत्र के पहले दिन सोमवार (5 जनवरी) को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान ● शेष पेज 11 पर

## निजी कंटेंट निर्माताओं को प्रसार भारती देगा 90% राजस्व

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

नई दिल्ली। सरकार ने निजी कंटेंट निर्माताओं को दूरदर्शन, आकाशवाणी और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी डिजिटल रचनाओं के प्रसारण करने तथा उससे अर्जित होने वाले राजस्व में से 90 फीसदी निर्माताओं को देने का प्रस्ताव किया है। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार यहां प्रसार भारती के प्लेटफॉर्म्स के लिए क्रिएटर्स कॉर्नर के शुभारंभ के मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। इस अवसर पर सूचना प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल मुरुगन, सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू और प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी भी उपस्थित थे। वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रसार भारती के प्लेटफॉर्म्स के लिए कंटेंट के चयन को लेकर एक टीम बनाई जाएगी जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमने राजस्व साझा करने वाला एक अनोखा मॉडल तैयार किया है। दूरदर्शन, आकाशवाणी और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी डिजिटल रचनाओं के प्रसारण से जितना राजस्व आएगा, उसका लगभग 90 फीसदी निर्माताओं को दिया जाएगा जबकि केवल 10 फीसदी ही प्रसार भारती लेगी। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी टेलीविजन चैनल पर कंटेंट निर्माताओं को उनकी डिजिटल रचनाओं के प्रसारण का मौका मिलेगा। ● शेष पेज 11 पर



❒ हमने राजस्व साझा करने वाला एक अनोखा मॉडल तैयार किया है

# ईडी के छापे पर ममता बनर्जी को इतनी घबराहट क्यों : भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरों

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के प्रदर्शन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निशाना साधा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में कोई जांच नहीं होने देती हैं। उन्हें इतनी घबराहट क्यों हैं। उन्होंने ममता पर ईडी के अधिकारियों को धमकाने का भी आरोप लगाया।

भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आजाद भारत के पश्चिम बंगाल में जो हुआ, वो आज तक नहीं हुआ। एक प्राइवेट प्रॉपर्टी में, जहां ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग पर कार्रवाई चल रही थी, वहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री चली जाएं और ईडी के लोगों को धमकाएं और पेपर छीनकर चली जाएं।

उन्होंने कहा कि कोयले की स्मगलिंग और हवाला ट्रांजैक्शन को लेकर ईडी कार्रवाई कर रही है, जिसके तहत कई जगह रेड हुई। प्रतीक जैन की कंसल्टेंसी फर्म को लेकर शिकायत आई कि यहां से करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है। ये हम नहीं कह रहे हैं, ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है, जो उनकी वेबसाइट पर मौजूद है। उन्होंने कहा कि बंगाल कोयले की स्मगलिंग का एक बहुत बड़ा हॉट स्पॉट है, जिसमें सत्ताधारी दल के लोग भी शामिल हैं। ये रेड न तो बनर्जी के घर पर थी, न उनके दफ्तर में, न ही टीएमसी के दफ्तर में और न ही टीएमसी के किसी नेता या मंत्री के घर पर थी। ये रेड एक प्राइवेट कंसल्टेंसी फर्म ● शेष पेज 11 पर




- ❒ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में कोई जांच नहीं होने देती हैं
- ❒ कोयले की स्मगलिंग और हवाला ट्रांजैक्शन को लेकर ईडी कार्रवाई कर रही है, जिसके तहत कई जगह रेड हुई

### आई-पैक विवाद : ईडी के विरोध में सड़क पर उतरीं ममता कोलकाता में निकाली विरोध रैली

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परामर्श संस्था इंडिया पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) से जुड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी शुक्रवार को सड़क पर उतर आईं। दक्षिण कोलकाता में उन्होंने एक विशाल विरोध ● शेष पेज 11 पर

### दिल्ली में तृणमूल सांसदों के साथ व्यवहार शर्मनाक और अस्वीकार्य : ममता बनर्जी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे पार्टी सांसदों के साथ किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे ॥शर्मनाक और अस्वीकार्य॥ बताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर तृणमूल कांग्रेस के कई सांसद केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के विरोध में ● शेष पेज 11 पर

# संयुक्त सचिव भारत सरकार, नोडल अधिकारी ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत की जिला कार्य योजना की समीक्षा

**जिला कार्य योजना में सुधार हेतु दिए गए दिशा-निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत शुक्रवार को संगम सभागार में जिला कार्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दया निधान पाण्डेय, संयुक्त सचिव, भारत सरकार एवं नोडल अधिकारी ने की।

बैठक में मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी तथा हर्षिका सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी (नाबार्ड), जिला उद्यान अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र नैनी एवं छाता के प्रतिनिधि, भूमि संरक्षण अधिकारी, सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण एवं संस्कृति), कृषि रक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), दुग्ध विकास अधिकारी, सिंचाई विभाग सहित योजना से संबंधित कुल 11 विभागों के जनपदीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के आधारभूत आंकड़े प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत जनपद की 06 वर्षीय प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की जिला कार्य योजना प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान केंद्रीय नोडल अधिकारी द्वारा कार्य योजना में आवश्यक सुधार हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी संबंधित विभागों की पुनः बैठक आयोजित कर निर्देशानुसार कार्य योजना में आवश्यक सुधार कर लिया जाएगा। साथ ही यह भी बताया गया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक 15 दिवस में सभी विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।बैठक से पूर्व नोडल अधिकारी द्वारा विकास खंड श्रृंगवेरपुर के ग्राम मेण्डारा में किसान चौपाल का आयोजन किया गया तथा कृषि प्रदर्शनों का निरीक्षण भी किया गया।नोडल अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास संभव है। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने, भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल चयन हेतु किसानों को प्रेरित करने तथा नवीन तकनीकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कृषकों को जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा किसानों को नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण देने, कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करने तथा किसानों से फीडबैक प्राप्त कर योजनाओं में आवश्यक सुधार किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे कृषि उत्पादकता एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

## गत वर्ष परेड मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित होगी: पुलिस आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा वर्ष 2026 की गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए बताया गया कि इस वर्ष परेड मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित होगी। परेड में मार्चपास्ट की सभी टोलियाँ महिला पुलिसकर्मियों की होंगी, जिसमें महिला कमांडो दस्ता, स्कूटी दस्ता तथा घुड़सवार दस्ता भी सम्मिलित रहेगा। परेड की कमान इएघ (ठ/ट्ठ) मानसी दहिया (ॠट्ट) द्वारा संभाली जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों के अनुशासन, टर्नआउट, आचरण, समन्वय एवं समरूपता को उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति के साथ महिला सशक्तिकरण की भावना को प्रमुखता देते हुए नुक्कड़ नाटक एवं प्रदर्शनी के माध्यम से संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा मानकों, आवागमन व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निरंतर मॉनिटरिंग एवं आपसी समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम गरिमामय, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके। इस दौरान दौरान पुलिस उपायुक्त लाइन श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त लाइन डॉ0 ईशान सोनी, इएघ(ठ/ट्ठ) मानसी दहिया एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयागराज दौरा आज

**माघ मेले के आगामी स्नान पर्वो की तैयारियों का लेंगे जायजा, संत समाज से भी सीएम की होगी मुलाकात**

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित देश के सबसे बड़े वार्षिक धार्मिक आयोजन माघ मेले के आगामी स्नान पर्वो की तैयारियों का जायजा लेने सीएम योगी 10 जनवरी को प्रयागराज पहुंच रहे है। सीएम सुबह 11 बजे प्रयागराज पहुंचेंगे । वहां सीएम सबसे पहला कार्यक्रम माघ मेला क्षेत्र के खाक चौक क्षेत्र में स्थित खाक चौक व्यवस्था समिति के प्रधानमंत्री जगद्गुरु संतोष दास सतुआ बाबा के शिविर में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 726 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने का है। यहां सीएम दो से ढाई घंटे तक विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सीएम यहीं साधु संतों से मुलाकात भी करेंगे और उनसे माघ मेले की तैयारियों की स्थिति भी जानेंगे। सीएम माघ मेला क्षेत्र से परेड ग्राउंड स्थित आई ट्रिपल सी सभागार पहुंचेंगे जहां वह माघ मेला के आगामी स्नान पर्व की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सीएम यहीं 14 जनवरी के मकर संक्रांति स्नान पर्व और 18 जनवरी के मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक के बाद सीएम मीडिया से बात कर सकते हैं। परेड ग्राउंड में समीक्षा बैठक के समापन के बाद सीएम डॉ राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी परिसर कालिंदीपुरम जाएंगे । इसके उपरांत सीएम प्रयागराज से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

## निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त, गौशालाओं में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में निराश्रित गोवंश जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ठंड के मौसम को देखते हुए जनपद की सभी गौशालाओं में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्साधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा-चारा, स्वच्छ पेयजल, पोषण आहार एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। ठंड से बचाव के लिए सेड के चारों ओर तिरपाल लगाने और अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उनकी क्रियाशीलता नियमित रूप से जांची जाए तथा जहां अब तक कैमरे नहीं लगे हैं, वहां तत्काल सीसीटीवी लगवाए जाएं। उन्होंने गोआश्रय पोर्टल पर प्रतिदिन की गतिविधियां अपडेट करने के भी निर्देश दिए और कहा कि किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक

प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं जलापूर्ति से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात्रि के समय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। उन्होंने शराब की दुकानों के पास सार्वजनिक स्थलों पर ओपन ड्रिंकिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जाम की समस्या से निपटने के लिए फूलप्रूफ ट्रैफिक प्लान बनाने को कहा। स्वच्छ पेयजल आपूर्ति पर विशेष जोर देते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि अभियान चलाकर खराब सीवर व पाइप लाइनों की जांच कर तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि दूषित जल की आपूर्ति न हो। बैठक में किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता, धान क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता और ओवररेटिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति की जानकारी दी और पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की अपील की।

## जी रामजी योजना' से ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार

प्रयागराज/लखनऊ ,कैनविज टाइम्स संवाददाताउत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 'जी रामजी योजना' को ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। शुक्रवार को प्रयागराज में आयोजित विकसित भारतऽजी रामजी जनजागरण अभियान की प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीणों को अब 100 दिन के बजाय 125 दिन का गारंटीशुदा रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में वर्षों से फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी भुगतान और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं। 'जी रामजी योजना' इन सभी कमियों को दूर करते हुए पारदर्शी व्यवस्था लागू करेगी। उन्होंने बताया कि अब मजदूरों को भुगतान के लिए 15 दिन का इंतजार नहीं करना होगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक रूप से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। साथ ही बुआई और कटाई के महत्वपूर्ण 60 दिनों में कार्य विराम का प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों को समय पर श्रमिक उपलब्ध हो सकें। मंत्री ने कहा कि यह योजना मजदूर को केवल कामगार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता के रूप में सम्मान देती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद । न्यायालय ने शुक्रवार को घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना टूंडला क्षेत्र में 23 मई 2023 को एक किशोरी अपने घर के आंगन में सो रही थी। उसी दौरान घर में एक युवक घुस आया। उसने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। उसका मुंह बंद कर दिया। उसी दौरान किशोरी की मां जाग गई। मां के जागते ही युवक धमकी देकर भाग गया। किशोरी के परिजनों ने मासूम खान पुत्र अलाउद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद अभियुक्त मासूम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।मुकदमा अपर सत्र न्यायधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कोर्ट संख्या तीन राजीव सिंह की अदालत में चला।

## दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने पर पत्नी को 3 माह की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर । यूपी के जौनपुर में दीवानी न्यायालय स्थित अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने आपसी विवाद की वजह से पति पर अपनी ही नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने का मुकदमा चलाने वाली पत्नी को दोषी पाते हुए तीन माह के कारावास व 5000 रुपए अर्थ दंड से दंडित किया।

मामले के अनुसार 2017 में सरपतहा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति के ऊपर आरोप लगाया कि वह उसकी नाबालिग पुत्री से बलात्कार किया है। जिसमें न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस के उपरांत 24 दिसम्बर 2025 को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने पति को दोष मुक्त कर दिया और फर्जी मुकदमा करने के आरोप में पत्नी के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज किया था।सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस मामले में आज शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने पत्नी को फर्जी ढंग से पति को फंसाने के मामले में तीन माह के कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालय ने कहा पिता पुत्री का संबंध सिर्फ रक्त से ही नहीं बल्कि भरोसा, सम्मान और गहरे भावनात्मक जुड़ाव का रिश्ता है।पत्नी का यह कहना सही नहीं है कि वह दुष्कर्म का अर्थ नहीं जानती थी। उसके इस कृत्य से एक निर्दोष व्यक्ति का जीवन तबाह हो गया। उसे अपराध बोध लज्जा की अनुभूति हुई होगी। आरोप लगते ही समाज आरोपित को दोषी मान लेता है तथा परिवार, मित्र, पड़ोसी और रिश्तेदार उससे दूरी बनाने लगते हैं। उसका सामाजिक बहिष्कार हो जाता है।इसके अतिरिक्त आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तारी, जमानत, कानूनी प्रक्रिया और अदालत के खर्चे से हुए तनाव से गुजरना पड़ता है। यदि कोई पाक्सो ऐक्ट का दुरुपयोग करे और पिता पुत्री के रिश्ते को कलंकित करने का प्रयास करे तो इससे सामाजिक ढांचा अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

## मौत को दावत दे रहा नगर निगम बड़ी घटना का कर रहा इंतजार

**आम जनमानस की सुरक्षा में लापरवाही, पूछने पर केवल ज्ञान वितरण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जनपद प्रयागराज के सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत नवाब यूसुफ रोड, खरबंडा मार्केट के पास नगर निगम द्वारा लगाए गए सीवर ढक्कन की स्थिति अत्यंत खतरनाक बनी हुई है।

ढक्कन इस प्रकार से लगाया गया है कि यदि कोई राहगीर, दोपहिया वाहन चालक या पैदल व्यक्ति उसमें गिर जाए, तो उसके हाथ-पैर, मुंह या शरीर के अन्य अंगों को गंभीर चोट लगना तय है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थान अत्यधिक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, जहां दिनभर पैदल चलने वाले नागरिक, महिलाएं, बच्चे और वाहन चालकों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा न तो ढक्कन को सही ढंग से लगाया गया है और न ही किसी प्रकार की चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था की गई है।नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम जमीनी स्तर पर कार्य करने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति और लीपापोती तक सीमित है। कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। पूछे जाने पर संबंधित अधिकारी समाधान के बजाय केवल औपचारिक जवाब और ज्ञान देने तक सीमित रह जाते हैं।स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।नागरिकों ने नगर निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की है कितत्काल सीवर ढक्कन को सुरक्षित ढंग से लगाया जाएमौके पर चेतावनी संकेत लगाए जाएंजिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएताकि किसी अनहोनी से पहले आम जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ उत्तर प्रदेश दुष्यन्त गौतम के समर्थन में खड़ी है: किशनलाल सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महा पीठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष किशनलाल सिंह ने बताया महापीठ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत कुमार गौतम जी, के संबंध में उत्तराखंड के कांग्रेस और उनके अनुषांगिक संगठनों ने बिना साक्ष्य प्रदर्शन करके और आमजन को भड़का कर उनको और उनके अनुयायियों का मान हरण करने का कार्य किया है।

देश की बेटी अंकित हत्याकांड में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के चलते एक झूठा प्रपंच रच कर सब कुछ जानकारी है की श्री दुष्यंत गौतम घटित और वर्णित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण घटना के समय वहां उपस्थित नहीं थे और उनके साथी बड़े नेताओं को भी घसीटा जा रहा है इसका कोई मतलब नहीं है इसमें कुछ लोगों का प्रपंच रचा हुआ है श्री दुष्यंत कुमार गौतम जी को राजनीतिक करणों से बदनाम करके समाज को भी लांछित करने का कार्य किया जा रहा है भारतीय समाज में रविदासी समाज अपना एक उच्च स्थान रखता है जिसे श्री दुष्यंत गौतम जी ने राजनीतिक कार्यों के साथ-साथ रवि दास समाज को एकत्र करके एक शक्तिशाली समाज बना दिया है सौभाग्य से उत्तर प्रदेश में गठित प्रदेश इकाई के द्वारा भी पश्चिम उत्तर प्रदेश के हापुड़, मेरठ। अवध क्षेत्र के अयोध्या के रविदास मंदिर और बनारस के समाज के एकत्रीकरण और समाज की एकता की शक्ति से श्री गुरु रविदास जन्म स्थल पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ पूरे भारत में गठित हो चुकी है उत्तराखंड में नई-प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन और सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण श्रेणी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र गिरी महाराज ने धार्मिक स्तर पर रविदास समाज का अखाड़ा बनाने की और मान्यता देने की घोषणा की है। जिससे स्वार्थी नेताओं और कांग्रेसी योजना कारो ने प्रदर्शन करके और अपनी कार्यसंस्कृति के अनुसार दलित विरोधी चेहरा दिखा कर भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड के समस्त वरिष्ठ नेतृत्व के साथ ही दुष्यंत कुमार गौतम जी को लांछित और बदनाम करने का कार्य किया है जिसे समाज कभी माफ नहीं करेगा साक्ष्यों के अनुसार जिनको राजनीतिक कर्म से बदनाम करने के लिए घसीटा जा रहा है उन तिथियां में वहां पर मौजूद ही नहीं थे रविदास जी समाज पूर्ण रूप से दुष्यंत गौतम के साथ खड़ा है ।

## केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में निरंतर प्रयासरत : हेमा मालिनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन कस्बा स्थित अड़ींग क्षेत्र में शुक्रवार को सांसद हेमा मालिनी ने ग्राम पंचायत अड़ींग पहुंचकर नवनिर्मित बारात घर एवं ड्रीम स्टूडियो का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करते हुए महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार मशरूम के अचार की विधिवत लांचिंग भी की।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बनाए गए ड्रीम स्टूडियो का निरीक्षण करते हुए सांसद ने इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के स्वयं की आय से निर्मित यह ड्रीम स्टूडियो उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित पहला स्टूडियो है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने, प्रशिक्षण, सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं अन्य डिजिटल गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा।सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार के नवाचार गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से गांवों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।इससे पूर्व सांसद के ग्राम पंचायत पहुंचने पर विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, ग्राम प्रधान स्नेहलता रावत, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, ग्राम सचिव, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, वीडीओ गिरीश पंत, सचिव यतिन शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राणा, राधाकुंड मंडल महामंत्री कपिल सेठ, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंघल, मीडिया प्रभारी केशव सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी ने ट्रैक डिपो एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर का किया निरीक्षण

**इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) विकास कुमार सिंह एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(तृतीय) आयुष कुमार सिंह उपस्थित रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी आशीष जैन ने शुक्रवार को वाराणसी-बनारस रेल खण्ड पर पड़ने वाले समपार फटक सं-2 इए, बनारस कोचिंग डिपो परिसर में स्थापित ट्रैक डिपो एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर( कार्य )उत्तर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर( समन्वय) विकास कुमार सिंह एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर( तृतीय) आयुष कुमार सिंह उपस्थित थे । मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन अपराह्न में अचानक वाराणसी जं-बनारस रेल खण्ड पर पड़ने वाले समपार फटक सं-02इए पर पहुंचे और समपार फटक का संरक्षा निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने गेट पर उपलब्ध संरक्षा उपकरणों को देखा और गेट मैन शैलेन्द्र मौर्या से कोहरे के मौसम में खराब दृश्यता के समय बरते जाने वाली सावधानियों समेत संरक्षा प्रश्न किया और उत्तर से संतुष्ट हुए। इस दौरान उन्होंने गेट के रख-रखाव एवं साफ-सफाई तथा गेट मैन की सुख सुविधाओ की जानकरी ली और सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया ।

तदुपरांत मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन बनारस कोचिंग डिपो परिसर में स्थापित ट्रैक डिपो पहुंचे ट्रैक डिपो का विस्तृत निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने रेल पथ में उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न फिटिंग्स यथा-स्विच एक्स्टेन्शन जॉइंट्स,ग्लूड जॉइंट्स,क्टए पंडाल क्लिप्स, लाइनर, साईंनेजेस समेत विभिन्न अवयवों के भंडारण की प्रापर स्टेकिंग की जाँच की और सभी कुछ ठीक स्थिति में पाया । उन्होंने ट्रैक डिपो में सभी भण्डारण को सुनियोजित तरीके से रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया । ज्ञातव्य हो की ट्रैक डिपो रेल पथ की सभी फिटिंग्स रेलवे ट्रैक डिपो रेल पथ (रेलवे ट्रैक) के भंडारण, रखरखाव, सफाई और मरम्मत के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है , जो रेल पटरियों, पुलों और डिपो सहित विशाल सिविल इंजीनियरिंग अवसंरचना का प्रबंधन करता है। ट्रैक डिपो में सामग्री (रेलवे लाइनों, स्लीपरों,रेल पथ की विभिन्न फिटिंग्स) का भंडारण करता है।

## झांसी रेल मंडल और आर्मी वेलफ़ेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के बीच ऐतिहासिक एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



झांसी । मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में झाँसी रेल मंडल, उत्तर मध्य रेलवे और आर्मी वेलफ़ेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन (इडघ्) के बीच शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (ख्रधठ) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अंतर्गत झाँसी रेल मंडल के विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों को ट्रैफिक गेटमैन एवं पॉइंट्समैन के रूप में नियोजित किया जाएगा।

एमओयू के तहत कुल 195 ट्रैफिक गेटमैन तथा 175 पॉइंट्समैन पदों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती प्रस्तावित है। यह भारतीय रेल में पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में नियुक्त करने हेतु किया गया पहला एमओयू है। साथ ही यह भारतीय रेल का दूसरा तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न रेल मंडलों में ट्रैफिक गेटमैन के रूप में पूर्व सैनिकों की नियुक्ति हेतु पहला एमओयू भी है।समझौता ज्ञापन पर झाँसी रेल मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जे. संजय कुमार ने हस्ताक्षर किए। जबकि इडघ् की ओर से कर्नल अनुराग कुमार (सेवानिवृत्त) ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।रेल प्रशासन ने बताया कि एमओयू के अंतर्गत भौतिक तैनाती आगामी 15 दिनों के भीतर प्रारम्भ की जाएगी। इस समझौते से रेल परिचालन की संरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। पूर्व सैनिकों का अनुशासन, अनुभव और कर्तव्यनिष्ठा रेल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।

# यूपीएसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी कोर्स का समापन

**समापन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा रहे, जिन्हें संस्थान के उप निदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव द्बारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस), लखनऊ में आई4सी, गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक के तीसरे बैच का साप्ताहिक प्रशिक्षण कोर्स शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा रहे, जिन्हें संस्थान के उप निदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव द्बारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा और मध्य प्रदेश के कुल 40 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने कोर्स पूर्ण करने वाले अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि साइबर अपराध के मामलों में पहला घंटा ही गोल्डन आवर होता है, जिसमें त्वरित कार्रवाई कर साइबर ठगी को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में आज भी लोग डिजिटल गिरफ्तारी जैसे झांसे में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं, ऐसे में प्रशिक्षित अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है।महानिरीक्षक ने अधिकारियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का शत-प्रतिशत उपयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में करें और पीड़ितों के प्रति संवेदनशील रहते हुए आम जनता को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से अपराधियों को मात दी जा सकती है, जबकि देरी का लाभ अपराधियों को मिल जाता है। इस अवसर पर उप निदेशक जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान दौर की पुलिसिग में आधुनिक तकनीक, साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक की समझ बेहद आवश्यक है। यदि पुलिस तकनीकी रूप से सशक्त नहीं होगी तो अपराधी आगे निकल जाएंगे। उन्होंने साइबर और फॉरेंसिक प्रशिक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताया। समापन कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिह, फैकल्टी सदस्य डॉ. मनीष राय, गिरिजेश राय, डॉ. पलक और कार्तिकेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीसीपी विश्वजीत द्वारा एसपीओ को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पुलिस की हर सफलता के पीछे जो अहम कड़ी होती है वो हर किसी को दिखाई नही देती लेकिन उनका काम प्रशसनीय होता है जिसे स्पेशल पुलिस आफिसर (एस पी ओ) के नाम से जाना जाता है ये पुलिस विभाग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इनकी इसी प्रभावी कार्यशैली से प्रभावित होकर शुक्रवार को थाना ठाकुरगंज में विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डीसीपी विश्वजीत ने थाना ठाकुरगंज में तैनात एसपीओ को उनके उत्कृष्ट, अनुशासित एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।डीसीपी विश्वजीत ने एसपीओ की कर्तव्यनिष्ठा और क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसपीओ पुलिस व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी हैं और जनसेवा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।सम्मान समारोह के दौरान एसपीओ ने डीसीपी विश्वजीत को अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बताया गया कि सभी एसपीओ अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।कार्यक्रम में एसीपी चौक,थाना ठाकुरगंज प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल एसपीओ का मनोबल बढ़ाने वाला रहा, बल्कि बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के लिए प्रेरणादायक संदेश भी लेकर आया। डी सी पी द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए एस पी ओ मोहम्मद हशीब खान,अनिल गुप्ता व अन्य एस पी ओ को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।

## हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन संपन्न

**आज की युवा पीढ़ी अंग्रेज़ी मानसिकता के जंगल में उलझती जा रही है, जिसके कारण उनके भीतर स्वत्व-बोध का क्षय हो रहा : ऋतेश्वर महाराज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सकल हिंदू समाज, रामदीन बस्ती, विवेकानंद, लखनऊ उत्तर विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना तथा सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की पद्मश्री विद्याबिन्दु ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोक व्यवहार और नैतिक मूल्य ही सनातन संस्कृति का मूल भाव हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति और समाज दोनों का उत्थान होता है। उन्होंने लक्ष्मण सीता राम के वनगमन, कौशल्या माता के आशीर्वाद तथा संस्कार आधारित जीवन दृष्टि के उदाहरणों के माध्यम से सनातन संस्कृति की गहराई को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जागरण और सामूहिक आयोजनों से समाज में अन्याय के प्रतिकार की शक्ति का संचार होता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ द्वारा सात प्रकार के कार्यक्रमों का निश्चय किया गया है, जिनमें बस्ती स्तर पर हिंदू सम्मेलन हो रहें हैं। कौशल ने कहा कि केवल अवध प्रांत में ही लगभग 3000 हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाने की योजना है। शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रम समाज के सहयोग से बस्ती स्तर पर संपन्न किए जा रहे हैं, जिसके लिए समाज से ही पाँच विषय तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की आत्म चेतना को जाग्रत करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निरंतर करता आ रहा है। डॉ. हेडगेवार के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शक्ति ही समाज का आधार है और यह शक्ति हिंदू धर्म में संगठित समाज के रूप में निहित है। सनातन संस्कृति का कोई एक संस्थापक नहीं है और इसके चिंतन में संपूर्ण विश्व के कल्याण की भावना अंतर्निहित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सद्गुरुदेव ऋतेश्वर जी महाराज(पीठाधीश्वर, श्री आनंदम धाम पीठ, वृंदावन) रहे। जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि हिंदू सम्मेलन समाज को चेतना के उच्च स्तर तक ले जाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज के सामने दो प्रकार के लोग है एक वे लोग, जिन्हें अपनी संस्कृति पर मंडराते संकट का भान नहीं है, और दूसरे वे, जो केवल व्हाट्सएप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से स्वयं को ज्ञानी मानते हैं, किंतु कर्म के स्तर पर सक्रिय नहीं हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अंग्रेज़ी मानसिकता के जंगल में उलझती जा रही है, जिसके कारण उनके भीतर स्वत्व-बोध का क्षय हो रहा है।

## सीमेंट व्यापारियों की बैठक में मूल्य वृद्धि नानट्रेड और बकाया भुगतान पर मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उप्र सीमेंट व्यापार संघ की लखनऊ इकाई की बैठक गोमती नगर स्थित एफिल क्लब, एल्डिको ग्रीन में आयोजित हुई। बैठक में सीमेंट कंपनियों द्वारा लगातार मूल्य वृद्धि, नानट्रेड सीमेंट से डीलर्स को हो रहे नुकसान तथा बकायेदार रिटेलरों के रुके भुगतान पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने कंपनियों द्वारा एक साथ रेट बढ़ाने पर सतर्क रहने की अपील की और नानट्रेड को सभी डीलर्स को समान रूप से आवंटित करने की मांग रखी।बैठक में बताया गया कि जीएसटी नियमों के तहत यदि रिटेलर ने बिल का इनपुट लिया है तो उसे भुगतान करना ही होगा, अन्यथा इनपुट वापस कराना संभव है। संघ ने जीएसटी डिफाल्टर को सिविल रिकॉर्ड में दर्ज कराने की मांग वित्त मंत्रालय से करने का निर्णय लिया। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री मनीष मोदी, लखनऊ अध्यक्ष अभिषेक मंसानी सीमेंट पर टैक्स दर में कमी से व्यापारियों को मिली राहत के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया गया।बैठक में श्याममूर्ति गुप्ता, दीपक सिंघल, मनीष अग्रवाल, अर्पित जैन, के.एम. गिरी, निर्मल गुप्ता, भास्कर गुप्ता, सिमरन जोत सिंह, डी.के. मिश्रा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### बंद कार में ब्लोअर बना जानलेवा, चौकी इंचार्ज अनूप तिवारी की सतर्कता से बची युवक की जान



निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठंड के मौसम में बंद कार में लंबे समय तक ब्लोअर चलाना कितना खतरनाक हो सकता है, इसका उदाहरण शुक्रवार को निगोहां थाना क्षेत्र में सामने आया। सड़क के बीच खड़ी कार में युवक को बेहोश देख कस्बा चौकी इंचार्ज दरोगा अनूप तिवारी ने सतर्कता दिखाते हुए शीशा तोड़कर युवक को बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। बताया गया कि मीरकनगर निवासी सरवन ठंड से बचने के लिए कार के सभी शीशे बंद कर ब्लोअर चलाए हुए था, जिससे कार में ऑक्सीजन की कमी और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस भर गई और वह बेहोश हो गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर युवक को निजी अस्पताल भिजवाया, जहां समय रहते इलाज से उसकी हालत में सुधार हुआ। परिजनों व स्थानीय लोगों ने निगोहां पुलिस की तत्परता की सराहना की। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बंद कार में देर तक ब्लोअर चलाना जानलेवा हो सकता है, इसलिए इसका सीमित उपयोग करें और समय-समय पर शीशे खोलते रहें।

### जरूरतमंदों में बांटी ट्राई साइकिल, बैसाखी छड़ी व कान की मशीन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती नगर के ग्वारी गांव स्थित पार्क में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंदों में ट्राई साइकिल, बैसाखी छड़ी, कान की मशीन व कंबलों का वितरण किया गया। बताते है कि ट्रस्ट के द्वारा शीतलहर में लगातार जरूरतमंदों में कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा, संजय राय(महामंत्री) भाजपा उत्तर प्रदेश प्रांत प्रचारक कौशल, पार्षद रामकृष्ण यादव, जितेश श्रीवास्तव ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, डॉ राजेश शुक्ला, गौरव पांडे ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आदि भाजपा के पदाधिकारीगण एवं क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नए डाकघर का उद्घाटन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय प्रशासन और डाक विभाग, मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ के संयुक्त प्रयास से नए डाकघर का उद्घाटन किया गया। यह डाकघर विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए डाक सेवाओं को और अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय की कार्यकारी कुलपति प्रोफ़ेसर मनुका खन्ना, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय, निदेशक डाक सेवाएं(मुख्यालय) डा. आनंद कुमार सिंह की उपस्थिति में डाक घर का उद्घाटन किया गया।

### आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इंदिरानगर महिला इकाई का हुआ गठन, अल्पना बनी अध्यक्ष

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन की इंदिरा नगर महिला इकाई की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से इंदिरा नगर महिला इकाई का गठन किया गया, जिसमें अल्पना गुप्ता मेहरोत्रा को इंदिरा नगर महिला इकाई का अध्यक्ष एवं शशि गिरि को सचिव मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी एवं इंदिरा नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के द्वारा मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं संगठन में नए सदस्यों के रूप में पल्लवी सिंह, कंचन गुप्ता, रंजना वाजपेई, पिंकी शर्मा, सुशीला गुप्ता, एकता, प्रियंका पांडे, रश्मि दुबे व गायत्री सिंह को शामिल किया गया।

### नगर निगम लखनऊ का बड़ा निर्णय: राजस्व बढ़ाने के लिए 10 व 11 जनवरी को अवकाश के दिन भी खुलेंगे कर कार्यालय

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम लखनऊ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व राजस्व संग्रहण को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नगर आयुक्त महोदय के आदेशानुसार आगामी शनिवार एवं रविवार, 10 व 11 जनवरी 2026 को नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं कर काउंटर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक खुले रहेंगे।वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में तीन माह से कम का समय शेष रह गया है। इस अवधि में नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुए गृहकर एवं जलकर की वसूली बढ़ाने तथा राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सार्वजनिक अवकाश के दिन भी कर संबंधी कार्य किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## सड़क सुरक्षा की दिशा में सराहनीय पहल: निगोहां टोल प्लाजा पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड द्वारा निगोहां टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों सहित 60 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 20 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुप्रवाह तिवारी एवं डॉ. शशिकांत चौधरी ने लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां एवं आई ड्रॉप वितरित किए। परियोजना प्रमुख दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह शिविर 1 से 31 जनवरी तक चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों की दृष्टि में सुधार कर सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया तथा वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने वाले पर्चे वितरित किए गए। कार्यक्रम में टोल मैनेजर राकेश सिंह सहित टोल प्लाजा के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## लोकतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया को पूर्ण करें छूटे हुए नागरिक : डॉक्टर नीरज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भाजपा के वरिष्ठ नेता डाक्टर नीरज सिंह ने एस आई आर से वंचित लोगों को इसमे जोड़ने के लिए खुद ही कमर कस ली है और वो स्वयं कार्यकर्ताओ के साथ घर घर जा कर इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने मे तत्परता के साथ लगे हैं। शुक्रवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची में छूट रहे पात्र लोगो के नाम जुड़वाने के लिए भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

भाजपा वरिष्ठ नेता डॉक्टर नीरज सिंह ने प्रत्येक बूथ पर 250 नए मतदाता जोड़ने के लक्ष्य के साथ मध्य विधानसभा क्षेत्र में घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया।नीरज सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रफ़ी अहमद किदवई वार्ड अंतर्गत स्कॉलर्स होम पोलिंग क्षेत्र के बूथ संख्या 332, 333, 334 एवं 335 में घर-घर जाकर छूट रहे नागरिकों से संपर्क कर फ़ॉर्म-6 भरवाए और आवश्यकता अनुसार संशोधन के लिए फॉर्म 7 व 8 की जानकारी भी दी। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि पार्षद रामकृष्ण यादव, मध्य विधानसभा के एस आई आर संयोजक विजय भुर्जी के.के. श्रीवास्तव एवं ओ.पी. स्वर्णकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के जानकीपुरम, वार्ड द्वितीय में भी कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ संख्या 411, 412 एवं 414 पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया तथा पात्र नागरिकों से फ़ॉर्म-6 भरवाकर उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को गति दी गई।नीरज सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करें तथा इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए बीकेटी में रवी उत्पादकता गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम तथा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण के तहत जनपद स्तरीय रवी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं आवासन व शहरी कार्य राज्यमंत्री माननीय कौशल किशोर ने फीता काटकर किया।उन्होंने कहा कि एक समय मोटे अनाज हर घर का हिस्सा थे,लेकिन इनके कम उपयोग से आज बीमारियां बढ़ रही हैं।उन्होंने किसानों से मिलेट्स की खेती अपनाने और केंद्र सरकार की कृषि योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. टी.पी.सिंह ने मोटे अनाजों के चिकित्सीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गेहूं और चावल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स बढ़ रहा है,जबकि मिलेट्स फाइबर से भरपूर होते हैं, पाचन शक्ति बढ़ाते हैं और कई बीमारियों से बचाव करते हैं।शोध अधिकारी प्रो.गजेंद्र सिंह ने मिलेट्स की खेती का रकबा बढ़ाने एवं खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी।कृषि कीट विज्ञान के सह-आचार्य डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने आम की फसल में जाला कीट प्रबंधन,जायद फसलों में सब्जी वर्गीय एवं मीठे फलों तथा मिलेट्स की खेती से अधिक आमदनी के बारे में बताया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.योगेंद्र कुमार सिंह ने मशरूम एवं मिलेट्स की खेती पर चर्चा की।कृषि सलाहकार सुरेश राजपूत ने मिलेट्स उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं विपणन की विस्तृत जानकारी किसानों को दी।कार्यक्रम के दौरान मिलेट्स से रेसिपी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें सावां की खीर,रागी का हलवा और बाजरे की खिचड़ी तैयार की गई।महिला स्वयं सहायता समूहों,कृषि महाविद्यालय की टीमों एवं कृषि विभाग की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।रेसिपी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उप कृषि निदेशक विनय कौशल द्वारा प्रशस्ति पत्र,शील्ड एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार,खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे,कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी,कृषि महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी सहित 300 से अधिक किसान,महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।सभी प्रतिभागियों को सार-संग्रह वितरित किए गए तथा भोजन की व्यवस्था की गई।अंत में उप कृषि निदेशक विनय कौशल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया।

## मोबाइल टावर से बिजली के तार चोरी करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**मलिहाबाद पुलिस ने भारी मात्रा में चोरी का सामान किया बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से मोबाइल टावर से बिजली के तार व केबल चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान तथा वारदात में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 3 जनवरी 2026 को इंडस टावर लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत अनुभव पुत्र श्यामू यादव, निवासी गोमतीनगर, लखनऊ द्वारा थाना मलिहाबाद में तहरीर दी गई थी।

तहरीर में बताया गया कि ग्राम मुजासा क्षेत्र में स्थित इंडस टावर लिमिटेड एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर से 28/29 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोरों द्वारा बिजली के तार व केबल काटकर चोरी कर ली गई थी। शिकायत के आधार पर मलिहाबाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी। आख़िरकार शुक्रवार को गश्त के दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त विकास शुक्ला पुत्र स्व. उमाशंकर शुक्ला उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी ग्राम पारा थाना मोरवा जनपद उन्नाव वर्तमान पता ससुराल गढ़ी संजर खां थाना मलिहाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर मोबाइल टावर व बिजली के तार चोरी करने की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से तीन बोरी बिजली के तार/केबल, एक केबल कटर, दो आरी ब्लेड, एक कटर प्लास तथा एक साइकिल ट्यूब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके विरुद्ध मलिहाबाद, रहीमाबाद, आशियाना, पारा, तालकटोरा सहित विभिन्न थानों में चोरी एवं अन्य गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस टीम तथा थाना मलिहाबाद पुलिस के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय यादव,उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक अनिल कुमार गौतम, क़ा0 सुशील कुमार शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के अयोध्या आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी

**501 किग्रा पुष्पों की वर्षा से होगा अभिनंदनपूरी गरिमा, अनुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप होगा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागतः चन्द्रभानु पासवान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अयोध्या । 12 जनवरी को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के अयोध्या आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उनके स्वागत के लिए विशेष और भव्य तैयारियां की जा रही हैं। रौनाही टोल प्लाजा मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन करेंगे। स्वागत कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।शुक्रवार को मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने स्वागत स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान 501 किलो पुष्पों की वर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का रामनगरी में भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही शंख ध्वनि और स्वस्तिवाचन के माध्यम से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर संगठन की एकजुटता और अनुशासन का संदेश भी दिया जाएगा। स्वागत स्थल पर पांच हजार कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वागत स्थल से सैकडों गाडियां व कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के काफिले में शामिल होंगे।इस अवसर पर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का आगमन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ल्लरामनगरी अयोध्या केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पूरी गरिमा, अनुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप किया जाएगा।ङ्ककार्यकर्ताओं में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और रामनगरी में उत्सव जैसा माहौल बनने की उम्मीद है।

## सीओ सिटी ने कचहरी परिसर का किया निरीक्षण,संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने निर्देश



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत ने शुक्रवार को कचहरी परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की उपस्थिति, सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था तथा न्यायालय परिसर में आमजन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रबंधों का अवलोकन किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को पूर्ण सतर्कता रखने के निर्देश दिए। कहा कि कचहरी में आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके अलावा उन्होंने न्यायालय परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ सिटी ने कहा कि जनसामान्य की सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शाहजहांपुर पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

# महावीर बस्ती में किया गया हिंदू सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवा, सीतापुर। सकल हिन्दू समाज आयोजक समिति द्वारा महावीर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिला मंत्री व पूर्व प्रवक्ता सेठ जय दयाल इंटर कालेज बिसवा वृन्दारक नाथ मिश्रा,संत समाज से बिसवा गुरुद्वारा सिंह सभा अमृत सिंह ज्ञानी, मातृ शक्ति से समाजसेविका व ज़ोनल कोऑर्डिनेटर इनर व्हील क्लब उड़ान रेनू मेहरोत्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भजन सिंह अध्यक्ष गुरु सिंह सभा बिसवा ने की।मुख्य वक्ता वृन्दारक नाथ मिश्रा ने कहा कि सकल हिन्दू सम्मेलन आयोजत करने के पीछे का प्रमुख उद्देश्य सनातन संस्कृति,धर्म एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है। संत अमृत सिंह ज्ञानी ने कहा कि ऐसे आयोजन से धर्म के प्रति लोगों में जागरूकता आती है, साथ ही एकता को बढ़ावा मिलता हैं।मातृ शक्ति श्रीमती रेनू मेहरोत्रा ने कहा कि सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का हर व्यक्ति अपने अपने जीवन में अनुपालन कर ले तो यही सकल हिन्दू सम्मेलन की सच्ची सार्थकता साबित होगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भजन सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि हिन्दू समाज धार्मिक आयोजन के द्वारा अपनी शक्ति का अहसास करा रहा है।कार्यक्रम का सफल संचालन साहित्यकार रूपेश अवस्थी ने किया क्र इस अवसर पर काफ़ी संख्या में हिंदू जन एकत्र हुए ।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश



**यातायात नियमों का नियमों का कड़ाई से पालन कराएं: डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि टूरिस्ट एवं यात्री बसों में किसी भी स्थिति में ज्वलनशील पदार्थ नहीं होने चाहिए। यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स लगवाए जाएं। चिंहित किए गए ट्रामा सेंटरों की सूची थानों में लगाई जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में व्यक्ति का त्वरित उपचार किया जा सके। उन्होंने गन्ना लदी ट्रालियों के पीछे लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टर लगाने, बिना हेलमेट के पेट्रोल देने वाले पंपों के खिलाफ कार्रवाई करने और कटरा, रोजा, तिलहर, कांट, अल्लाहगंज एवं जलालाबाद मार्गों पर रोड सेफ्टी के तहत सफ़ेद पेंट, साइन बोर्ड, संकेतक एवं ब्रेकर आदि कार्य प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्लीपर बसों में केबिन पर्दे नहीं होने चाहिए। यातायात नियमों का नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। डिवाइडर और मोड़ों वाले स्थानों पर रिफ्लेक्टर जरूर लगाए जाएं। हाईवे और रोड किनारे वाहनों को खड़ा न होने दें। उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जाए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह तथा लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महानारायण वर्मा, महान, द्वारा जनसंपर्क से क्षेत्रीय लोगों का जनादेश



कमलापुर, सीतापुर। विधानसभा 149 बिसवां में चुनाव 2027 को लेकर महानारायण वर्मा द्वारा क्षेत्रीय लोगों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है साथ ही में विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र के कलमकारों का कोठी ढाबा में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिसवां जहंागीराबाद के रहने वाले समाजसेवी महानारायण वर्मा महान ने कलमकारों को अंगवस्त्र ,भगवान राम का चित्र भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर अखिलेश पांडेय,,सत्य प्रकाश सिंह,अनुज बाजपेई,आदेश तिवारी,अमर शर्मा,शेष कुमार शुक्ला,अमर बाजपेई,छोटू मिश्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वीएचपी,बजरंग दल ने विभिन्न मांगों को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

**विशेष समुदाय के धर्मस्थलों की जांच, उनकी सूची व रजिस्ट्रेशन कराने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहंापुर। विश्व हिन्दू परिषद/ बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसपी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि महानगर के मोहल्ला तारीन टिकली में मोहन नर्सिंग होम के सामने स्थित मस्जिद, चारखम्बा चैराहे के पास मस्जिद तथा रेलवे स्टेशन के सामने मस्जिद में देश-विदेश से सैकड़ों लोग आकर रुकते हैं। जहां उनके रूकने का शुल्क भी वसूला जाता है।

कहा कि उक्त मस्जिदों का सराय अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं है और प्रशासन इसकी अनदेखी कर रहा है। कहा कि उक्त मस्जिदों तथा जनपद में निर्मित ऐसी मस्जिदों, जहां लोगों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। ऐसी मस्जिदों को सराय अधिनियम सहित अन्य संबंधित कानून के तहत लाया जाए। इससे बाहर से आकर रुकने वाले लोगों की संख्या, उनके कार्य तथा उनके अन्य आवश्यक विवरण सहजता से उपलब्ध हो सकेंगे। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में व्यवस्था निर्माण तथा अपराधों की रोकथाम के लिए मजबूत तन्त्र विकसित होगा। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसी मस्जिदों की जांच कराई जाए। उनकी सूची बनवाई जाए तथा ऐसी प्रत्येक मस्जिदों का सराय अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, सह-संयोजक प्रियम चैहान, विभाग मंत्री अश्नील सिंह, प्रचार प्रमुख अनुभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती, गोला कॉरिडोर की धीमी रफ्तार पर 3.35 करोड़ रुपये की पेनल्टी तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भुगतान से पहले जुर्माने की कटौती, डीएम ने प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखा पत्र**

**3 ठेकेदारों पर कुल 3.35 करोड़ का लिक्विडेटेड डैमेज तय**

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर चमकाने की योजना पर ठेकेदारों की सुस्ती भारी पड़ गई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली गोला कॉरिडोर परियोजना में निर्माण कार्य की रफ्तार थमती देख डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जाँच समिति और तकनीकी परीक्षण के बाद तीन ठेकेदारों पर 3.35 करोड़ रुपये से अधिक का लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थलीय निरीक्षण में एसडीएम गोला सहित अन्य अधिकारियों ने पाया कि निर्माण स्थल पर न श्रमिक पर्याप्त हैं, न ही काम में अपेक्षित तेजी। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) यूनिट-14, लखनऊ द्वारा कराए जा रहे कार्य की अनुबंधित पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है, लेकिन मौजूदा हालात में समय पर कॉरिडोर का पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि इतनी अहम परियोजना में देरी के बावजूद समयवृद्धि का प्रस्ताव तक सक्षम प्राधिकारी को नहीं भेजा गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है।

### तकनीकी आख्या में जुर्माने की मुहर

जाँच समिति की रिपोर्ट में गोला कॉरिडोर निर्माण की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार पहले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का तकनीकी परीक्षण लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड से कराया गया। अधिशासी अभियंता की आख्या में अनुबंध संख्या 109 (मेसर्स रीना सिंह) पर 8 प्रतिशत यानी लगभग 1.45 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 6 प्रतिशत यानी लगभग 1.04 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 5 प्रतिशत यानी लगभग 86 लाख रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किया जाना उचित बताया गया।

### भुगतान से पहले कटेगी पेनल्टी

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को भुगतान करते समय 3.35 करोड़ पेनल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाए, ताकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना वसूली और परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

# नशे में धुत युवक का तांडव, गन्ना काटने वाली बगौड़ी से जानलेवा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। निघासनऽढखेरवा मार्ग पर गोपाल जी लॉन के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नशे में धुत एक युवक ने गन्ना काटने वाली बगौड़ी से एक व्यक्ति पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। हमले में रामकरन पुत्र भाई लाल, निवासी पयागीपुर, थाना निघासन गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी युवक नशे की हालत में सड़क किनारे हंगामा कर रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसका रामकरन से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने पास में रखी गन्ना काटने वाली बगौड़ी उठा ली और रामकरन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले से रामकरन लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल रामकरन को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अखिलेश पुत्र राम खिलावन, थाना पढ़ुआ को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से हमले में प्रयुक्त बगौड़ी भी बरामद कर ली है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़ित के बयान और प्रत्यक्षदर्शियों की जानकारी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में शांति व्यवस्था बनी हुई है, जबकि घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## सकरन में श्री रामचंद्र जी ट्रस्ट यज्ञ समिति की बैठक, जरूरतमंदों को कंबल वितरण व पत्रकार सम्मान



सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सकरन स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर परिसर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे श्री रामचंद्र जी ट्रस्ट यज्ञ समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चौहान ने सर्वप्रथम जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए, जिससे ठंड में राहत मिली।इसके पश्चात आगामी सात दिवसीय श्री सतचंडी महायज्ञ को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह धार्मिक अनुष्ठान 12 मार्च से आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रवचन के लिए मुकेश कुमार अवस्थी (सकरन), प्रदुम्न कुमार शास्त्री (बकहुआ बाजार), मीनाक्षी दीक्षित (लखीमपुर खीरी) और सोनम व्यास (बाराबंकी) आमंत्रित रहेंगे। वहीं झांकी प्रस्तुति के लिए अनुराग म्यूजिकल ग्रुप (बरेली) तथा यज्ञाचार्य के रूप में पंडित जितेंद्र कुमार शुक्ला (सकरन) की सहभागिता रहेगी।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र वर्मा, राहुल मिश्रा, गौरव गुप्ता, अवधेश मिश्रा, रमेश मिश्रा, रामचंद्र यादव, मन्नालाल यादव, सुधाकर मिश्रा, बबलू वर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।समिति अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चौहान ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही इस महायज्ञ को भव्य और सफल बनाया जा सकेगा।

## अपहरण व दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पुवायां पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 18 नवम्बर 2025 को थाना पुवायां क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, महिला का आरोप था कि अज्ञात व्यक्ति उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने टीम गठित की। पुलिस टीम ने किशोरी को बरामद किया और उसका मेडिकल कराया। किशोरी के बयान और उसके मेडिकल के आधार पर पुलिस ने थाना बंडा क्षेत्र के गांव गुनहा खमरिया निवासी सुखवेन्द्र पुत्र रामशरण पर दर्ज रिपोर्ट में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज थाना पुवायां पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त मुकदमें का वांछित अभियुक्त सुखवेन्द्र कहीं भागने की फिराक में ग्राम मझिगंवा में उदना मोड़ के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और अपहरण व दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त सुखवेन्द्र पुत्र रामशरण को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुखवेन्द्र को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक गौरव चौधरी के साथ कां. बिजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पम्पों का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी के निर्देशन में जनपद के तमाम अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत विभिन्न पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया और दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, सीओ ट्रेफिक संजय कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा आदि की संयुक्त टीम ने जनपद के तमाम पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया और हेलमेट न लगाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के 26 दुपहिया वाहनों के चालान किए। अधिकारियों ने पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को किसी भी दशा में पेट्रोल न दिया जाए। क्षेत्राधिकारी लाइन/यातायात ने बताया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। कहा कि नियम के उल्लंघन पर संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट का उपयोग करें और सुरक्षित यात्रा को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

# गोला के विकास चौराहे पर गन्ने से भरी ट्रॉली पलटी, बड़ा हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। गोला नगर के व्यस्त विकास चौराहे पर बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गन्ने से भरी एक ट्रॉली अचानक पलट गई। ट्रॉली के पलटते ही चौराहे पर चारों ओर गन्ना बिखर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त चौराहे पर अधिक भीड़ नहीं थी, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रॉली ओवरलोड थी और मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के कारण पलट गई। ट्रॉली पलटते ही तेज आवाज हुई, जिससे आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए। सड़क पर बिखरे गन्ने की वजह से दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि गोला क्षेत्र में गन्ना वाहनों से लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो वाहन चालकों को सबक मिल रहा है और न ही संबंधित विभाग कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है। ओवरलोड ट्रॉलियां, बिना लाइट और रिफ्लेक्टर के चल रहे गन्ना वाहन रात के समय खास तौर पर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से सड़क पर बिखरे गन्ने को हटवाकर यातायात बहाल कराया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन स्थानीय नागरिकों में रोष है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गन्ना ढोने वाले वाहनों पर सख्त निगरानी रखी जाए, ओवरलोडिंग पर रोक लगे और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# सृजन हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत से हड़कंप, परिजनों ने काटा हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर स्थित सृजन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सक पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

परिजनों के अनुसार, प्रसूता को प्रसव पीड़ा होने पर सृजन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल में समय रहते उचित उपचार नहीं किया गया। हालत बिगड़ने के बावजूद डॉक्टरों द्वारा लापरवाही बरती गई। परिजनों का कहना है कि बार-बार स्थिति गंभीर होने की जानकारी देने के बाद भी न तो समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध कराए गए और न ही जरूरी चिकित्सीय सुविधाएं दी गईं, जिसके चलते प्रसूता की हालत लगातार बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई।प्रसूता की मौत की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। काफी देर तक अस्पताल में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से किसी ठोस कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं अस्पताल प्रबंधन की तरफ से भी मामले को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।इस घटना के बाद एक बार फिर निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और इलाज की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। परिजनों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# गेहूं की अधिक उपज के लिए संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं समयबद्ध खरपतवार नियंत्रण आवश्यक

**वर्तमान समय में गेहूं की फसल में प्रथम सिंचाई के बाद पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। कृषि विज्ञान केन्द्र, रायबरेली-द्वितीय के सस्य वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु वर्मा ने किसानों को गेहूं की फसल में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं समय पर खरपतवार नियंत्रण अपनाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में गेहूं की फसल में प्रथम सिंचाई के बाद पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे पौधों की समुचित बढ़वार हो सके और उपज में वृद्धि हो। डॉ. वर्मा ने बताया कि प्रथम सिंचाई के उपरांत गेहूं की फसल में टॉप ड्रेसिंग के रूप में प्रति एकड़ 65 किलोग्राम यूरिया, 2S3 किलोग्राम जिंक मोनोहाइड्रेट तथा 1S2 किलोग्राम सल्फर डक्क्का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इससे फसल में नाइट्रोजन, जिंक एवं सल्फर की कमी दूर होती है। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिए एक अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व है। यह प्रोटीन, क्लोरोफिल एवं न्यूक्लिक एसिड का प्रमुख घटक होने के साथ-साथ प्रकाश संश्लेषण, ऊर्जा स्थानांतरण तथा कोशिका विभाजन जैसी महत्वपूर्ण जैविक क्रियाओं में सहायक होता है। नाइट्रोजन की कमी से पौधों की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ पीली पड़ने लगती हैं।इसी प्रकार जिंक एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो एंजाइमों को सक्रिय करने, ऑक्सिन हार्मोन के संश्लेषण, क्लोरोफिल निर्माण तथा पौधों की तनाव सहनशीलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिंक की कमी से पौधों की बढ़वार प्रभावित होती है और पत्तियाँ विकृत दिखाई देती हैं। डॉ. वर्मा ने बताया कि सल्फर पौधों में प्रोटीन, अमीनो अम्ल (मेथियोनीन एवं सिस्टीन) तथा कुछ विटामिनों के निर्माण के लिए आवश्यक है। यह फसल की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ क्लोरोफिल संश्लेषण में भी सहायक होता है। सल्फर की कमी से पौधों की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ पीली पड़ जाती हैं।उन्होंने आगे बताया कि दूसरी टॉप ड्रेसिंग के रूप में प्रति एकड़ 45 किलोग्राम यूरिया का प्रयोग करने से दानों के भराव में सुधार होता है तथा दानों का वजन बढ़ता है, जिससे कुल उपज में वृद्धि होती है।खरपतवार नियंत्रण पर विशेष बल देते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि गेहूं की फसल में खरपतवार उपज को 20S30 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं, इसलिए समय पर उनका नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि बुवाई के लगभग 35 दिन बाद खरपतवारनाशी दवाओं का प्रयोग करें। संकरी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए क्लोडिनोफोप प्रोपार्जिल 160 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव प्रभावी रहता है, जबकि चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के लिए 2,4-क की 250 मिलीलीटर मात्रा, अथवा मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल 8 ग्राम या कारफेंट्राजोन 20 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है।उन्होंने यह भी सलाह दी कि खरपतवारनाशी दवाओं का छिड़काव साफ पानी में घोल बनाकर, फ्लैट फैन नोज़ल से तथा शांत मौसम में करें, जिससे दवा का प्रभाव बेहतर हो और फसल को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। साथ ही, दवा छिड़काव के दौरान सुरक्षा उपायों का पालन करना भी आवश्यक है।

## भीषण ठण्ड मे जाम की झाम से जूझ रहे किसनो के लिए वरदान बने श्री राजपूत करणी सेना के नायक



हरगांव, सीतापुर। अवध शुगर मिल हरगांव में अधिकारियो द्वारा ट्रक की तौल बराबर कराई जा रही वही इतनी भी भीषण ठण्ड में किसानों की ट्रॉली की तौल नहीं कराई जा रही जिससे किसान बहुत परेशान व ठंडी में जूझ रहा है कोई देखने वाला नहीं है जब इसकी जानकारी श्री राजपूत करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह को मिली वो विना किसी परवाह के आधी रात को अपनी पूरी टीम के साथ अवध शुगर मिल पहुंचकर किसान हित मे मिल अधिकारियो से वार्तालाप कर ट्रकों की तौल रुकवाकर ट्रालीयो की तौल कराई गई जिसमें पंकज सिंह जिला उपाध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना सौरभ सिंह,शिवम सिंह,अभिषेक सिंह सीबू ,अमरेन्द्र सिंह,डबलू सिंह,पिन्टू सिंह,सौरभ सिंह चौहान आदि लोगों ने पीड़ित किसानों की समस्या का समाधान कराया।

# मंडलायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन, आशा वर्कर्स की हड़ताल 26वें दिन भी जारी: जौली वैश्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आशा संगठन की जिला अध्यक्ष जॉली वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उनके साथ बदायूं से 450 सौ आशा कार्यकत्रियाँ मंडलायुक्त कार्यालय पर धरने के लिए रवाना हुई जो 3 बसों, 6 इको शेष आशा कार्यकत्रियाँ ट्रेन और बसों से बरेली पहुंचीं।

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की अनिश्चितकालीन हड़ताल के 26वें दिन प्रदेशव्यापी आह्वान पर बरेली मंडल की आशा कर्मियों ने मंडलायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले आशा कर्मी दामोदर पार्क में एकत्र हुईं, जहां से जुलूस निकालते हुए मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर सरकार की कथित हठधर्मी और वादाखिलाफी के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन की नेता जौली वैश्य ने कहा कि प्रदेशभर में सरकारी मशीनरी के माध्यम से आंदोलन को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कानपुर के शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरने पर बैठी आशा कर्मियों द्वारा ठंड से बचाव के लिए जलाए गए अलाव में पानी डाल दिया गया, जबकि फर्रुखाबाद में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा धरनारत आशा कर्मियों की दरियां और बर्तन फिंकवा दिए गए। इस तरह की घटनाओं से आशा कर्मियों में आक्रोश और विक्षोभ बढ़ रहा है। जौली वैश्य ने स्पष्ट कहा कि दमन और उत्पीड़न से आंदोलन को रोका नहीं जा सकता। आशा वर्कर्स पूरी तैयारी में हैं और हर तरह के दबाव का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बदायूं सहित अन्य जिलों की आशा कर्मियों का आह्वान करते हुए कहा कि व्यापक गोलबंदी से ही सरकार को झुकाया जा सकता है और यह आंदोलन सरकार की आंखें खोल देगा। प्रदर्शन में जिला सचिव मुनिशा, उपाध्यक्ष निर्दोष, सहसचिव मनीषा, कोषाध्यक्ष नीलम सहित सैकड़ों आशा कर्मी मौजूद रहीं। धरना-प्रदर्शन को क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने लिखित समर्थन दिया। प्रमुख रूप से सोनिया, शोभा, सुमन, सितावती, श्रीदेवी, सबनम बी, रजनीश, नन्ही देवी, मुन्नी, निर्मला सहित अनेक आशा कर्मी शामिल रहीं।

# बाल विवाह मुक्त भारत के '100 दिवसीय अभियान' में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगी सभी आंगनबाड़ी: डीपीओ

**जिले में बाल विवाह रोकने के लिए अब आंगनबाड़ी प्रमुख भूमिका निभाएंगी जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देश पर '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' को सफल बनाने के लिए ब्लॉक सभागर पवांसा में जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार की मौजूदगी में आंगनबाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। बाल अपराधों पर कार्य करने बाली प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बताया की जिले में बाल विवाह रोकने के लिए अब आंगनबाड़ी प्रमुख भूमिका निभाएंगी जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है क्योंकि आँगबाड़ियां अंतिम पायदान पर खड़ी हितधारक है जिनकी पहुंच हर घर तक होती है। और बाल विवाह को रोकने में ये सबसे महत्पूर्ण कड़ी साबित होंगी, बाल कल्याण समिति से गौरव शर्मा ने आँगनबाड़ियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में समझाया और कहा कि बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उसे दो साल की सजा या एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते है। थाना एएचटी से उपनिरीक्षक बाबू राम सैनी ने बताया की कम उम्र में शादी करने से बच्ची की विकास रुक जाता है अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार ने कहा की बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिसे हम सबको मिलकर खत्म करना होगा जिसके खिलाफ सभी को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, बाबू राम सैनी, कांस्टेबल मयंक, महिला कांस्टेबल स्वेता, फील्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद, आंगनबाड़ी नईम अख्तर, शबाना के साथ समस्त आंगनबाड़ी मौजूद रही।

# पांच दिवसीय मेला के अन्तिम दिन रामलीला में धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के हलोर स्थित बाबा श्री ब्रह्मचारी जी महाराज की कुटी में चल रहे पांच दिवसीय मेला के अन्तिम दिन रामलीला में धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ।

जिसकी दर्शकों ने प्रशंसा करते हुए कलाकारों की मुक्तकंठ से सराहना की। मंचन में सीता स्वयंवर के लिए आए भिन्न-भिन्न वीरों और राजकुमार द्वारा धनुष उठाने का सुंदर मंचन करने के साथ-साथ भगवान श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ने तक के कार्यक्रम का मंचन किया गया। इस दौरान मंच पर राजा जनक का भव्य दरबार सजा हुआ है। एक ओर सिंहासन है और दूसरी ओर एक विशाल और अलंकृत धनुष रखा हुआ है, जिसे उठाने का प्रयास कर रहे कई राजा और राजकुमार असफल होकर थक चुके हैं। धनुष के पास ही एक ऊँचा मंच बना था जहाँ सीता अपनी सखियों के साथ बैठी हुई थी। जब सभी वीर असफल हो जाते हैं, तो सभा में सन्नाटा छा जाता है। राजा जनक निराश होकर कहते हैं, ''क्या यह



पृथ्वी वीरों से खाली हो गई, क्या कोई भी ऐसा वीर नहीं जो मेरी पुत्री के योग्य हो। उनकी यह बात सुनकर सभा में बैठे सभी राजा और राजकुमार अपमानित महसूस करते हैं। तब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम उस शक्तिशाली धनुष को एक हाथ से ही उठाकर तोड़ देते हैं तथा रामलीला मंचन के दौरान उपस्थित भीड़ तालिया के साथ कलाकारों का उत्साह वर्धन करती है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी, मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा, जमुना प्रसाद मिश्रा, उमाकांत पांडेय, युगल किशोर बाजपेई, सूर्यनारायन शुक्ला, सुरेश द्विवेदी, राजकुमार शर्मा, रामचंद्र मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा, शिव प्रसाद पांडेय, दीपक चंद्र मिश्रा, शिव शंकर यादव, धनंजय मिश्रा, पिंटू चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## डीएम ने की समस्त विद्यालय संचालक और पुस्तक विक्रेताओं के साथ बैठक

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध माध्यमिक विद्यालयों के संचालक, प्रधानाचार्यों एवं पुस्तक विक्रेताओं के साथ बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया में आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ लगाए जाने वाले प्रमाण पत्रों का सत्यापन सक्षम अधिकारी के स्तर से कराया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुस्तक विक्रेताओं को विद्यालयों से प्राप्त पाठ्यक्रम संबंधी विवरण उपलब्ध कराया गया।जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि समस्त पुस्तकों से संबंधित सूचना जिले की एनआईसी वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जाए।एनसीईआरटी की पुस्तकों की आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निदेशक एनसीईआरटी को पत्र पूर्व में ही भेजा जा चुका है, जिलाधिकारी द्वारा पुनः पत्र भिजवाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार भी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026 जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाने का निर्देश

मुरादाबाद , कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन स्तर से ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026'' (दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक) को जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नरेन्द्र सिंह छावड़ा, यात्री / मालकर अधिकारी, मुरादाबाद एवं उनकी टीम द्वारा दलपतपुर चौराहा, डुंगरपुर चौराहा तथा दिल्ली हाई-वे पर बस, ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप तथा एचएसआरपी न लगे होने के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के तहत रेट्रो - रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर 12 तथा एचएसआरपी न लगे होने पर 10 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों को बिना एचएसआरपी लगे वाहनों का संचालन न करने तथा वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिए जागरूक करते हुए 25 वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए।

## जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व नो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति लागू करने को लेकर बैठक

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु नो हेलमेट नो फ्यूलक्क रणनीति लागू करने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में सड़क सुरक्षा के नियमों से संबंधित क्क्नो हेलमेट नोड फ्यूलक्क की रणनीति लागू करने तथा उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने पेट्रोल पम्प संचालकों को निर्देशित किया कि पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फ्यूल की फ्लेक्सी/होर्डिंग लगाये जाएं, जिससे कि दो पहिया चालकों एवं सहयात्रियों में हेलमेट पहनने की आदत मे वृद्धि हो और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृतकों की संख्या में कमी आएगी और सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जागरुकता और जिम्मेदारी की भावना का विकास होगा। यह कदम जिले में सड़क सुरक्षा के मानकों को बदलने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा भी सभी से इस अभियान में सहयोग करने की अपेक्षा की गयी। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री आनन्द निर्मल, सेल्स आफिसर श्री सुधांशू सहित पेट्रोल पम्प स्वामी/प्रबन्धक उपस्थित रहें।

## नवजात को काली पन्नी में बांधकर खेत में फेंका, मौत

बदायूं , कैनविज टाइम्स संवाददाता। जरीफनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दानपुर खेतिहर से एक दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कलयुगी मां ने अपने ही नवजात पुत्र को काली पन्नी में बांधकर गेहूं के खेत में फेंक दिया। ग्रामीणों ने खेत में पड़ी काली पन्नी को देखकर शक होने पर जब पास जाकर देखा तो अंदर मृत अवस्था में एक नवजात शिशु मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची जरीफनगर पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नवजात को खेत में फेंकने वाली महिला की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस अमानवीय कृत्य से पूरे इलाके में आक्रोश और सनसनी फैल गई है।

## छोटी दुकानों के पंजीकरण की अनिवार्यता हुयी समाप्त

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकार ने शॉप (दुकान) एक्ट में बड़ा बदलाव करते हुए छोटी दुकानों के पंजीकरण की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। अब केवल 20 या उससे अधिक कर्मचारियों वाली दुकानें और प्रतिष्ठान ही शॉप एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत होंगे। 19 कर्मचारियों तक की दुकानों को न तो पंजीकरण कराना होगा और न ही नवीनीकरण की आवश्यकता रहेगी। इस फैसले से छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। व्यापारियों का कहना है कि इससे अनावश्यक कागजी कार्यवाही और विभागीय चक्कर से मुक्ति मिलेगी। श्रम विभाग के अनुसार यह संशोधन छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया है।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा संगोष्ठी

बदायूँ ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूँ में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 7 व 9 जनवरी 2026 को व्याख्यान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, दुर्घटनाओं से बचाव और राहवीर योजना की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की बिना भय सहायता करने, एंबुलेंस बुलाने की प्रक्रिया समझाई और बताया कि घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा कानूनी संरक्षण व 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा शपथ के साथ किया गया।

## कड़ाके की ठण्ड ने किया जान जीवन अस्त व्यस्त, रजाई में भी छूटी कँपकपी

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में शीतलहर, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान में लगातार गिरावट से लोग रजाई में भी ठिठुरते नजर आए। सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता 10 मीटर से भी कम हो गई, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। पूरे दिन धूप नहीं निकली, ठंडी हवाओं ने परेशानी बढ़ाई। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम रही। अस्पतालों में सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक शीतलहर और कोहरे से राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन ने लोगों से आवश्यक होने पर ही घर से निकलने और सावधानी बरतने की अपील की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी सत्र के आयोजन एवं जरूरी संसाधनों की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के सभी अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि आगामी वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन बेहतर तरीके से किया जाए तथा सभी संसाधनों की उपलब्धता एवं स्टाफ की अनिवार्य रूप से उपस्थिति होनी चाहिए।वीएचएसएनडी सत्र पर होने वाली जांच एवं अन्य गतिविधियों की मॉनीटरिंग भी कराने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तथा कहा कि लापरवाही बरतने वाली आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाए। आईसीडीएस द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आयोजित होने वाली स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी गतिविधियों एवं डाटा अपलोड करने की प्रक्रिया की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार करें साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की नियमानुसार 50 वर्ष से अधिक आयु वाले कार्मिकों की स्क्रीनिंग करने की भी कार्य योजना तैयार की जाए ताकि अक्षम लोगों को चिन्हित करके जरूरी कार्यवाही की जा सके।पोषण पुनर्वास केंद्र गंभीर अति कुपोषित बच्चों को कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकालने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है परंतु आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा रुचि न लिए जाने के कारण इसका लाभ जरूरतमंद बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को फटकार लगाई तथा कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर गंभीरता दिखाएं तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की सक्रियता बढ़ाएं। एफआरएस में 90 प्रतिशत कार्य होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री लाभार्थी के घर जाकर एफआरएस कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र राय, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार सहित स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे।

# बदायूं-फर्रुखाबाद रोड पर टूटी पाइपलाइन की मरम्मत, सड़क गड्ढामुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बदायूं-फर्रुखाबाद रोड पर जैन हॉस्पिटल के सामने टूटी हुई पाइपलाइन के कारण सड़क गड्ढे में तब्दील हो रही थी। इस गंभीर समस्या को लेकर कैन्विज टाइम्स ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद 8 जनवरी 2026 को जलकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टूटी हुई पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई। इसके साथ ही सड़क पर बने गड्ढे को गिट्टी व अन्य सामग्री से भरकर दुरुस्त किया गया, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना की आशंका न रहे। स्थानीय लोगों ने समय रहते कार्रवाई होने पर राहत जताई और मीडिया की भूमिका की सराहना की।

## पुलिस ने फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बदायूं। थाना कादरचौक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आज गुरुवार को थाना कादरचौक पर पंजीकृत मु0अ0सं0 366/25 से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह मामला धारा 137(2)/64(2) एम बीएनएस एवं धारा 5ख/6 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रवीन कुमार पुत्र रामसनेही, निवासी ग्राम निविया, थाना सिकंदरपुर वैश्य, जनपद कासगंज के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राहवीर योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। गिन्दो देवी महिला महा विद्यालय, बदायूं में एनएसएस, एनसीसी एवं रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षाअभियान के अंतर्गत राहवीर योजना पर जाग रूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्तियों की सहायता के प्रति जागरूक करना तथा उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती ने कहा कि राहवीर योजना मानवता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाली सराहनीय पहल है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे दुर्घटना की स्थिति में बिना भय के घायल की सहायता करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को राहवीर योजना की जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल की समय पर मदद कर जान बचाने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा सम्मान एवं प्रोत्साहन दिया जाता है। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। अंत में छात्राओं और शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं दुर्घटना की स्थिति में निस्वार्थ सहायता करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं, स्वयंसेविकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी अवनिशा वर्मा द्वारा किया गया।

# चन्दापुर राजकीय हाई स्कूल में वार्षिक महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। चन्दापुर राजकीय हाई स्कूल जनई, रायबरेली में वार्षिक महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूपी बड़ौदा ग्रामीण बैंक के प्रबंधक विवेक कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सम्मानित नागरिक एवं पत्रकार धनंजय सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थेम्कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से मां सरस्वती के वंदन और भजन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत और काव्य-पाठ शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित किया और विद्यालय की रचनात्मक ऊर्जा तथा अनुशासन का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि विवेक कुमार सिंह ने वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को




सम्मानित किया। अकादमिक परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शिक्षा और सदाचार को जीवन की दीर्घकालिक उन्नति का आधार बताते हुए निरंतरता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।समारोह में विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और अनुशासित मार्गदर्शन की विशेष सराहना की गई। शिक्षकों के परिश्रम ने विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और कौशल से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में, विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मुख्य अतिथि, सभी गणमान्य नागरिकों, शिक्षकगणों, विद्यालय कर्मचारियों और सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से छापिया ब्लॉक के मनरेगा में नहीं रुक रहा फर्जीवाड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर एक तरफ जहां जीरो टॉलरेंस की बात करती है,वहीं उनके मातहत अधिकारी सरकार के इस नीति को ठेंगा दिखाते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं इस लूट में सरकारी मशीनरी के अ लावा कहीं न कहीं चुने हुए जनप्रतिनिधि भी बराबर के हिस्सेदार हैं। मामला छापिया ब्लॉक खजूरी, तिरखा बुजुर्ग,खामरिया बुजुर्ग, इटैलिया ग्राम पंचायत में इन दिनों मनरेगा योजना में डबल रोल का खेल करके धांधली की बात सामने आ रही है। छापिया ब्लॉक में रोजाना कोई न कोई नया मामला भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम खजूरी, तिरखा बुजुर्ग,खामरिया बुजुर्ग,इटैलिया ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है। खजूरी गाँव में एक कार्य के लिए 81 मजदूर और खामरिया बुजुर्ग में 49 तिरखा बुजुर्ग में 75 इटैलिया खुर्द में 45 सोहिला में 32 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है जहाँ अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यो का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है।उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिनभर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।औसत बनाने के चक्कर में फर्जी मस्टररोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।वही रोजगार सेवक मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की फर्जी फोटो को बार-बार अप लोड क़र फर्जी क़र फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। वही बड़ी हैरत कि बात यह है कि क्या कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधि कारी डीसी मनरेगा, बीडीओ, एपीओ, तकनीकी सहायक आंख बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

# गोंडा में चली तबादला एक्सप्रेस, एसपी ने इन पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर किए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा जिले में एक बार फिर से पुलिस विभाग में कई बदलाव किए गए हैं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार देर रात में तबादला एक्सप्रेस चलाई और कई पुलिस अधिकारियों के तबादले किए, इनमें वजीरगंज थाना प्रभारीनिरीक्षक को बिंदेश्वरीमणि त्रिपाठी को नगर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही नगर कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी को कटराबाजार का थाना प्रभा री निरीक्षक बनाया गया है। एसपी ने कल कई बड़े पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं इन में बड़गांव पुलिस चौकी प्रभारी रहे विपुल पांडे को वजीरगंज थानाध्यक्ष बनाया गया हैं जबकि कटरा बाजार थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को धानेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जबकि धानेपुर थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह मनकापुर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जबकि मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरक्षक निर्भय नारायण सिंह को अपराध शाखा भेजा गया है।वजीरगंज थाने में तैनात अतिरिक्त निर क्षक राधेश्याम यादव को कौड़िया थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। बड़े स्तर पर पुलिस अधिकारियों के तबादले विनीत जाय सवाल द्वारा किए गए इन तबादलों को पुलिस व्यवस्था को बेहतर करने की कोशिश से जोड़ कर देखा जा रहा है जिसके लिए वो लगातार काम कर रहे है इन ट्रांसफरों के बाद जिले की पुलिस व्यवस्था में काफी बदलाव हो गया हैं। इससे एक हफ्ते पहले भी में कई पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए थे। बता दें कि एक हफ्ते पहले ही एसपी ने जनपद में कई पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर किए थे।इन ट्रांसफरों के बाद गोण्डा जनपद में बड़े स्तर पर पुलिस व्यवस्था में बद लाव कर दिए गए हैं,सभी अधिकारियों को ज ल्द से जल्द नया पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अखिल भारतीय बार परीक्षा में उत्तीर्ण अधिवक्ता किए गए सम्मानित

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद में अधिवक्ता संघ के सभागार में अखिल भारतीय बार परीक्षा में उत्तीर्ण में जूनियर अधिवक्ताओं के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के सचिव राजेश कुमार अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में किया गया। सम्मानित किए गए अधिवक्ता आशुतोष दुबे, विवेक अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, अनुपम तिवारी, अमरेश अग्निहोत्री, किशन अग्निहोत्री , मधुबाला सिंह , भरत सिंह, रवींद्र वर्मा , शाहनवाज, किशन यादव , आजाद सिंह वर्मा ,यश गुप्ता , शिवदेस ठाकुर ,साहिल , मोहित कुमार , प्रशांत शुक्ला , कन्हैया यादव , आशु वर्मा , इब्राहिम , राहुल कुमार ,अर्पित सक्सेना, मोहम्मद शादाब, उत्कर्ष मिश्रा , अनुराग शुक्ला ,दीपक पाठक , विवेक यादव , मनोज कुमार सिंह , गौरव पाल , आदेश यादव , मधुराम द्विवेदी, खुशनूर आलम, हिमांशु यादव व सर्वेश कुशवाह आदि का नाम शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने की । अनूप कुमार तिवारी एडवोकेट संयुक्त सचिव अधिवक्ता संघ भी इस मौके पर मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन साइबर थाना का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ पुलिस लाईन परिसर में रू. 361.68 लाख की धनराशि से निर्माणाधीन साईबर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता अशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 02 मंजिला प्रशासनिक भवन के साथ-साथ सी.सी. रोड, इण्टरलाकिंग रोड, ड्रेनेज, बाउण्ड्रीवाल, गेट, रेन हार्वेस्टिंग इत्यादि का निर्माण कराया जाना है।

सहायक अभियन्ता ने बताया कि परियोजना पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2026 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि सब स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर है। परियोजना को निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गति को बनाये रखते हुए पूर्णता तिथि को लक्ष्य न मानते हुए जल्द से जल्द परियोजना को पूर्ण करायें। डीएम ने कार्यदायी संस्था को यह भी निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूरा किया जाय।

# स्वास्थ्य विभाग मेहरबान या लापरवाह, जिले में बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में सैकड़ों अवैध हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर चल रहे हैं कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में इनमें ज्यादा तर में झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली कर रहे हैं शहर में संचालित अवैध अस्प तालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बि गड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बु लाया जाता है। जिले में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मानकों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्प तालों के संचालको के हौसलेबुलंद है बिना रजि स्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खुल रही है मन माने तरीके से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है।जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन सैकड़ो से अधिक अस्पताल मान क विहीन अस्पताल है जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचें हुए हैं।

### मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग के खेल चलते इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो ती है।कटरा बाजार,आर्य नगर,खरगूपुर, इटिया थोक, मनकापुर, छपिया, मसकनवा, लखपतनगर कूड़ासन, बाबागंज, धानेपुर, झिलाही, वजीरगंज नवाबगंज, मोतीगंज, परसपुर, तरबगंज, रगड़गंज करनैलगंज क्षेत्र में ये मानक विहीन अस्पताल बड़ी बीमारी बताकर अस्पताल में आये हुए म रीजों का शोषण करते है जो बिना पंजीकरण के अस्पतालों का संचालन करने वाले संचालक अथवा ऐसे जगहों पर तैनात डॉक्टर गम्भीर रू प से सामान्य बीमारी से बीमार मरीजों को भी बड़ी बीमारी बता कर लम्बा इलाज करते है औ र शोषण करते है यही नहीं प्रसव के आने वाली महिलाओं को बिना जांच के ही ऑपरेशन की सलाह दे दी जाती है जिससे कई बार महिला ओं व नवजात की जान भी चली जाती है।

### जिले में सैकड़ो से अधिक अस्पताल संचालित

जिले में सैकड़ो सौ से अधिक अस्पताल,नर्सिग होम का संचालन किया जा रहा है जहां पर ओ पीडी से लगाकर ऑपरेशन तक की सुविधा मुहै या कराई जा रही है संसाधनों के अभाव के बी च में प्रशासन की बगैर जानकारी के चल रहे है और इन अस्पतालों होने वाली मौतों का भी प ता नहीं चल पाता है मनमाने तरीके से चलने वाले अस्पतालों पर होने वाली मौतों तक का पता प्रशासन या लोगों को पता तब चलता है जब परिवार के लोग मामले की शिकायत करतें है या फिर मौत के बाद हंगामा करते हैं।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अस्पतालों को चिन्हित करके स्वास्थ विभाग की कार्रवाई कर रहा है उनको नोटिस दी जा रही है।

# पूर्व आईपीएस अभिताभ ठाकुर को वाराणसी की जिला अदालत से मिली जमानत

**एजेंसी**

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी चौक थाने में दर्ज एक मामले में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को शुक्रवार को जिला अदालत से जमानत मिल गयी। जिला जज संजीव शुक्ला ने पूर्व आईपीएस को 50-50 हजार रुपये की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव ने दलील दी। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी नूतन ठाकुर के खिलाफ वाराणसी के चौक थाने में हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष व वीडीए के मानद सदस्य अंबरीष सिंह भोला ने नौ दिसंबर को मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर आरोप है कि 30 नवंबर को अमिताभ ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें बहुचर्चित कफ सीरप मामले में बिना किसी साक्ष्य के उन पर (अंबरीष पर) संलिप्तता का आरोप लगाया था। आरोप है कि इस वीडियो में भ्रामक और गलत तथ्यों का प्रचार किया गया, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर आघात पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने अमिताभ ठाकुर, उनकी पत्नी डा. नूतन ठाकुर और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। अदालत से वारंट 'बी' जारी होने के बाद पुलिस ने 19 दिसंबर को अमिताभ ठाकुर को देवरिया जेल से लाकर प्रभारी विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजीव मुकुल पांडेय की अदालत में पेश किया था। जमानत अर्जी पर सुनवाई नही हो सकी थी। इसके बाद पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की तरफ से 23 दिसंबर को जिला जज की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी।

# सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने विजय प्रकाश, महामंत्री बने गौरी शंकर चतुर्वेदी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव परि णाम बृहस्पतिवार देर रात घोषित कर दिए गए विजय प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष चुने गए, जबकि गौरी शंकर चतुर्वेदी ने महामंत्री पद पर जीत हा सिल की है।प्रदीप मिश्रा कोषाध्यक्ष बने,अध्यक्ष पद के कड़े मुकाबले में विजय प्रकाश त्रिपाठी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रामलक्ष्मण तिवारी को हराया है।महामंत्री पद पर गौरी शंकर चतु र्वेदी ने जितेंद्र बहादुर सिंह को पराजित किया है।जबकि कार्यसमिति में मृत्युंजय शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अरुण शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए हैं।चुनाव प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।मतदान के बाद मतों की गिनती के दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी रही परिणामों की घोषणा होते ही कचहरी परिसर जयकारों से गूंज उठा।विजयी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और उनके समर्थकों ने मिठाई खिलाकर और गले मिलकर खुशी का इजहार किया। नवनिर्वाचित टीम ने इस जीत को अधिवक्ताओं के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने अधिवक्ता हितों और न्याय पालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया है।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय पुलिस ने एक नामजद दहेज हत्या के अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बता या कि छविलाल पुत्र भगवानदीन निवासी खा ले जमथरा थाना कौडिया द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी पुत्री का विवाह लगभग छह माह पूर्व विपक्षी रमेश पुत्र दौलत निवासी उदवत नगर बरईनपुरवा थाना तरबगंज क्षेत्र से हुआ था। शादी के बाद से ही उसकी पुत्री को उसके पति व ससुरा लीजनों द्वारा दहेज में सोने की जंजीर व दो लाख रूपए नकद की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था,चार जनवरी 2026 को दिन में विपक्षी दौलतराम व अन्य ससुरालीजन द्वारा उनकी पुत्री को मार दिया ग या है।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तरबगं ज पुलिस ने नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध सु संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।छह जनवरी को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी अ भियुक्त दौलतराम पुत्र बुच्चा उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम उदवतनगर बरईनपुरवा थाना तर बगंज जनपद गोण्डा को डिडिसिया फार्म समय माता मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करके न्यायालय रवाना किया गया।

### अधिग्रहित भूमि के स्वामी 22 जनवरी को प्रस्तुत करें दावा

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद बहराइच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) का फोरलेन चौड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित निर्माण के भू-अधिग्रहण प्रस्ताव मे जनपद बहराइच की तहसील कैसरगंज 03 ग्रामों मे राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3डी का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 30 सितम्बर 2025 एवं 05 ग्रामों में 17 अक्टूबर 2025 को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में तहसील कैसरगंज के ग्राम मुस्तफाबाद, रिठौड़ा, आदमपुर, झुकिया व तप्पेसिपाह की भूमि प्रभावित है। यह जानकारी देते हुए सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) बहराइच राजेश प्रसाद ने योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्तियों से अपेक्षा की है कि 22 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कपूरथला परिसर स्थित सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

### शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु दिव्यांगजन कर सकते है आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत विभागीय वेबसाइट दिव्यांगजन डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पन्न हुआ हो वे अपना आवेदन साइबर कैफ़े, निजी इण्टरनेट, लोकवाणी के माध्यम से स्थापित ''जनसुविधा केन्द्रों'' आदि के माध्यम से ऑनलाइन करा सकते हैं। योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर दम्पति में पुरूष के दिव्यांग होने पर रू. 15000=00, महिला के दिव्यांग होने पर रू.. 20000=00 तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दोनों दिव्यांग है तो रू. 35000=00 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, जिले के सीएमओ द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र (यदि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं है, तो विवाह से सम्बन्धित अन्य कोई अभिलेख/प्रमाण पत्र/(षादी कार्ड संलग्न कर सकते हैं), निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर ऑनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नों सहित उनके कार्यालय को उपलब्ध करा दें। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय से किसी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

# स्तन कैंसर की जांच के लिए वाराणसी में चलेगा नमो शक्ति रथ

**एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के ह्लस्वस्थ नारीऽसशक्त परिवारङ्क अभियान से प्रेरित नमो शक्ति रथ महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच के लिए वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में चलेगा। महिलाओं में स्तन कैंसर की जल्दी पहचान, निवारक देखभाल और मुफ़्त घर-घर स्क्रीनिंग के माध्यम से समय रहते उपचार की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस नमो शक्ति रथ का संचालन मण्डल आयुक्त एस. राजलिंगम एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में आईटीवी फाउंडेशन के सहयोग से चलाया जाएगा। जो नीति, तकनीक और ज़मीनी क्रियान्वयन के बीच सशक्त तालमेल का उदाहरण है। इस पहल में डब्लूएचओ द्वारा अनुशंसित कैंसर रोकथाम की सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं को स्थानीय स्तर पर व्यवहार में लाया जा रहा है। महिलाओं में स्तन कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक चुनौती बन चुका है। स्तन कैंसर भारतीय महिलाओं में सबसे आम कैंसर है, जिसमें प्रतिवर्ष लाखों नए मामले सामने आते हैं और लगभग 60 प्रतिशत मामलों का पता देर से तीसरे या चौथे स्टेज में चलता है। जिसे समय पर स्क्रीनिंग से काफी हद तक रोका जा सकता है। मोबाइल वैन नमो शक्ति रथ के माध्यम से डोर स्टेप स्क्रीनिंग मॉडल के माध्यम से उन महिलाओं तक पहुंच बनाई जायेगी, जो अब तक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रही हैं।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में दूरी, लागत, समय और सामाजिक झिझक जैसी बाधाओं को देखते हुए मोबाइल स्क्रीनिंग वैन को सबसे प्रभावी माध्यम माना गया है। यह मॉडल महिलाओं को समानता, गरिमा और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नमो शक्ति रथ पहल में स्तन कैंसर स्क्रीनिंग के लिए एआई-पावर्ड थर्मल इमेजिंग तकनीक (थर्मलाइटिक्स) का उपयोग किया जायेगा, जो नॉन-इनवेसिव, रेडिएशन-फ्री और बिना सम्पर्क की जांच पद्धति है। इस पहल को सर्वप्रथम वाराणसी के 290 ग्राम पंचायतें, नगर निगम के 92 वार्डों एवं गंगापुर के 12 वार्डों में प्रारम्भ किया जा रहा है। इसके तहत लगभग 7.50 लाख महिलाएं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की हैं, जिन तक पहुंच बनाकर स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग किया जाना है। इस कार्यक्रम के लिए 20 नमो शक्ति वैन का संचालन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और पंचायत कर्मियों के सहयोग से समुदाय में जागरूकता एवं महिलाओं को निर्धारित स्थलों पर स्क्रीनिंग कराने जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य किये जाएंगे।

# गुजरात की न्यायाधीश रिजवाना ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से लिया आशीर्वाद

**एजेंसी**

वाराणसी। गौहत्या के एक मामले में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर चर्चा में आईं गुजरात की न्यायाधीश रिज़वाना बुखारी ने शुक्रवार को वाराणसी में ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने न्यायाधीश रिज़वाना के श्रद्धाभाव और उनके द्वारा दिए गए निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब न्याय के सिंहासन पर आसीन कोई व्यक्ति सत्य और धर्म की रक्षा के लिए साहसिक निर्णय लेता है, तो वह राष्ट्र और संस्कृति के लिए वंदनीय बन जाता है। शंकराचार्य ने कहा कि न्यायमूर्ति रिज़वाना का यह कदम अन्य न्यायाधीशों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। मुलाकात के दौरान गोभक्तों और संत समाज में प्रसन्नता देखी गई।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के अमरेली जिले में बीते वर्ष नवम्बर माह में सत्र न्यायालय की न्यायाधीश रिज़वाना बुखारी ने गोहत्या के एक मामले में तीन आरोपितों—कासिम हाजी सोलंकी, सत्तार इस्माइल सोलंकी और अकरम हाजी सोलंकी को गुजरात पशु संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दोषी ठहराया था। न्यायालय ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ-साथ प्रत्येक पर कुल 18 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। गुजरात में यह पहला मामला है, जिसमें किसी अदालत ने गोहत्या के अपराध में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई हो। इस निर्णय को न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और नजीर स्थापित करने वाला कदम माना जा रहा है।

# नगर पालिका में आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम, पहुंचे विधान परिषद सदस्य

## एमएलसी ने की नगर पालिका के कार्यों की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। गांधी सभागार कलेक्ट्रेट पीलीभीत में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद को विधान परिषद सदस्य कुँवर महाराज सिंह,विजय बहादुर पाठक, हरि सिंह ढिल्लों एवं जयपाल सिंह व्यस्त का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।नगर पालिका कार्यालय पहुंचने पर सभी एमएलसी अतिथियों का गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं,स्वच्छता व्यवस्था, अधोसंरचना विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने नगर पालिका के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी व जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए।अतिथियों ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान,धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट,सभासद साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह,वतनदीप मिश्रा, अवतार सिंह,विकास बाबू, शिवम श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा एवं अम्बरीश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ,जिसमें नगर के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजनाओं को गति देने का संकल्प लिया गया हैं।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन, महिला शक्ति पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 मातृशक्ति की उपस्थिति रही कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया अतिथियों का स्वागत एवं परिचय नूतन गुप्ता के द्वारा एवं प्रस्तावना सूर्यबाला तथा समूह गीत हम ही मातृशक्ति हैं बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया मुख्य वक्ता प्रीति सिंह(प्रांत प्रमुख, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, ब्रज प्रांत )के द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण भारतीय दृष्टिकोण विषय पर विचार व्यक्त किए गए प्रेरणादाई महिलाओं के संदेश विद्यालय की छात्राओं के द्वारा विभिन्न स्वरूपों में जैसे सावित्रीबाई, राजमाता अहिल्याबाई , छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई,इत्यादि स्वरूपों में दिए गए तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया गया जिसमें संयुक्त परिवार की भावना को धारण करने वाली चमेली देवी पत्नी स्व. ज्ञान सिंह रिटायर कानूनगो को विद्यालय की प्रबंध समिति की महिलाओं,पिंकी सिंह और रजनी वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आकांक्षा शुक्ला और तनु मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृष्णा शर्मा राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत प्रमुख ने देश के वर्तमान स्थिति में महिलाओं के योगदान को बहुत ही अच्छी तरह से समझाया तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष मीनाक्षी चंद्रा ( राष्ट्र सेविका समिति, महानगर बौद्धिक प्रमुख, बरेली) ने बहुत ही ओजपूर्ण वाणी में नागरिक कर्तव्यों को समझाया समस्त अतिथियों एवं मातृशक्ति का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा के द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की महिलाओं खुशबू गुप्ता,नीरू गुप्ता,कोमल गुप्ता,संगीता गुप्ता, कुमकुम गुप्ता इत्यादि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विद्यालय की आचार्या चांदनी गुप्ता ने सभी को प्रतिज्ञा दिलवाई तथा सरोज ने अतिथियों के अनुभव साझा किए कार्यक्रम का सफल संचालन सूर्यबाला शर्मा ने किया तथा सुरभि, ममता शर्मा, अनुपमा देवी, सोनाली गुप्ता,राधा दीक्षित,मंजू गुप्ता,मंजू शर्मा, रेखा देवी, वैशाली शर्मा,पूजा अग्रवाल, ज्योति पांडे,भावना वर्मा, सुनैना,पूनम पांडे और प्रार्थना पांडे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया कल्याण मंत्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया हैं।

# भ्रष्टाचार का शहंशाह कहे जाने वाले पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद में भ्रष्टाचार का सहंसा कहे जाने वाले पूर्ति निरीक्षक के भ्रष्ट कार्यों से तंग आकर आखिर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर विभागीय कार्यवाही की मांग की जनपद की पूरनपुर तहसील में भ्रष्टाचार चर्म पर है जहां माफियाओं ने डेरा जमा लिया है माफियाओं को पूर्ति निरीक्षक का संरक्षण है। गलत कामों को करने के लिए दूसरों कंधों का सहारा लेता है और मोटी रकम वसूल करता है कोटेदारों को तो कम राशन वितरण करने की खुली छूट दे रखी है चार पहिया वाहन स्वामियों के राशनकार्ड बने हुए जबकि विकलांग गरीब विधवा औरतों के राशनकार्ड अभी तक नहीं बने हुए हैं तहसील की ग्राम पंचायत अमरैया कलां के विकलांग, भूमिहीन और असहाय विधवाओं ने भ्रष्टाचार जनरल डांग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है ग्रामीणों का आरोप है कि हमारे राशनकार्ड नहीं बने हुए हैं जबकि धन सम्पन्न लोगों को राशन दिया जा रहा है जिसका शिकायत जिलाधिकारी से की थी लेकिन खानापूर्ति कर दी गई कुछ दिन पूर्व पूर्ति निरीक्षक ने एक कोटेदार को बचाने के लिए 60 हजार रूपए ऐंठ लिये और 46 लोगों के फर्जी ब्यान लिए 46 लोगों ने झूठी गवाही दी शायद उत्तर प्रदेश में ऐसा यह पहला मामला होगा लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी व जिलाधिकारी ने अभी तक पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। न लखनऊ के लिए अब तक कोई पत्र लिखा भ्रष्टाचार को खत्म करने का दावा करने वाले मुख्यमंत्री के अधिकारियों ने अब तक कोई दिलचस्पी ही नहीं ली जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को कमाऊ पूत बनाकर खुली आजादी दे रखी है मुख्यमंत्री दावे और वादे सब हवा हवाई नजर आ रहे हैं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शासन स्तर से कार्यवाही की मांग की गांव के ही छत्रपाल, सियाराम भगत जी, मुनीश कुमार, जंगबहादुर, जितेन्द्र कुमार, धर्मवीर, मोतीराम ने पूर्ति निरीक्षक के भ्रष्ट कार्यशैली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

# पुलिस लाइन में प्रदेश का प्रथम पिकलबॉल कोर्ट का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।पीलीभीत पुलिस लाइन मे प्रदेश का पहला पिकलबॉल कोर्ट की स्थापना हुई जिसे पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक नई पहल की है शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में उत्तर प्रदेश के पहले पिकलबॉल कोर्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया इस आधुनिक खेल को अब विभाग की खेल संस्कृति में पारंपरिक खेलों के साथ शामिल किया गया है इस विशेष कोर्ट का उद्घाटन ऑल इंडिया वेट लिफ्टिंग विजेता महिला आरक्षी उर्वशी ने किया उर्वशी ने अपनी खेल प्रतिभा से विभाग का मान बढ़ाया है और हाल ही में उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी दिया गया है पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रखने और उन्हें फिट बनाने के लिए लगातार नए खेलों से परिचित कराया जा रहा है यह खेल न केवल मनोरंजन प्रदान करेगा, बल्कि पुलिस बल की सक्रियता और चपलता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा इस अवसर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपमहानिरीक्षक और पीलीभीत पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## लकड़ी काटते समय वन विभाग की टीम ने दो को दबोचा चार फरार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। वन विभाग ने साल प्रजाति की बहुमूल्य लकड़ी के साथ दो वन तस्करों को दबोचा है। पूरनपुर रेंज के गोपालपुर बीट से आधी रात को साल की लकड़ी के साथ पकड़ा वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि साल प्रजाति की बहुमूल्य लकड़ी के टुकड़े के साथ दो वन तस्करों को दबोचा है तस्करों से लकड़ी जब्त कर कार्रवाई की जा रही है। रेंज के वन कर्मियों ने गोपालपुर सिरसा के जंगल से दो लकड़कट्टों को लकड़ी काटते समय धर दबोचा जिन्हें पकड़कर पूरनपुर रेंज कार्यालय लाया गया आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजा पूरनपुर रेंज के वन दरोगा को सूचना मिली कि जंगल में कुछ लकड़कट्टे लकड़ियां काट कर लाई और टुकड़े कर रहे हैं सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टुकड़े करते दो लोगों को पकड़ लिया जबकि उनके चार साथी मौके से फरार हो गये पकड़े गये आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम बुन्दन खा पुत्र मोहम्मद सैद , शाकिर खा पुत्र हबीब खा निवासी गोपालपुर बताया है।

## अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ:उद्घाटन जिसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है मोहल्ला साहूकारा में शुक्रवार को दूसरे अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभकिया गया उद्घाटन कार्यक्रम में जिला कार्य समिति के सदस्य ऋतुराज पासवान ने फीता काटकर केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया इस अवसर पर ऋतुराज पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों को उनके घर के नजदीक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाए अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलने से शहरी क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक उपचार जांच और परामर्श की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी जिससे उन्हें सामुदाविक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे बताया गया कि पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कार्यक्षेत्र काफी बड़ा है। जिसके चलते वहां प्रतिदिन मरीजों की भारी भीड़ रहती है ऐसे में नए अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के शुरू होने से सीएचसी पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा कार्यक्रम में मौजूद एमओआईसी डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि इस केंद्र पर सामान्य रोगों का उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, आवश्यक जांचें तथा स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा।

## अमेठी में पुलिस ने दो सौ सत्रह वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिवस पर कस्बा अमेठी में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया और कोहरे को देखते हुए वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाये गये। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो सौ सत्रह वाहनों का चालान कर दो लाख सैंतालीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा अमेठी में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये।कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल दो सौ सत्रह वाहनों का चालान कर दो लाख सैंतालीस हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

## एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ एवं बीएलए की बैठक ग्यारह जनवरी को होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम–2026 के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ग्यारह जनवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेण्ट के साथ संबंधित मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियो की पूर्वान्ह दस बजे से बैठक आयोजित की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की गणना अवधि में चिहिन्त किये गये अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक, एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा बीएलए को उपलब्ध कराई जायेगी, साथ ही बीएलओ द्वारा बैठक में संबंधित बीएलए की उपस्थिति भी दर्ज की जायेगी।

## पुलिस अफसर के घर हुई चोरी के मामले में 26 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के अति सुरक्षित माने जाने वाले रुद्रनगर मोहल्ले में हुई चोरी का मुकदमा घटना के 26 दिन बाद दर्ज हुई है । हालांकि पीड़ित पुलिस कर्मी के घर हुई चोरी का अभी तक खुलासा भी नही हुआ है। परिजनों के अनुसार उनका परिवार रोजी रोजगार के सिलसिले में बैंगलोर शहर मे परिवार के साथ रहता है। बीते 12 दिसंबर को प्रार्थी के रुद्रनगर स्थित आवास पर जब काम करने वाली मेड आयी तब अन्दर से घर का मुख्य द्वारा बन्द मिला था। अगल–बगल सूचना देने पर मोहल्ले वासी जब आये तब डायल –112 पर सूचना दी गयी । जब बगल घर की छत से सभी लोग अन्दर गये तो सारा सामान बिखरा मिला। पीड़ित अंकित राज ने बताया कि सभी आलमारी बक्सो के ताले टूटे मिले ।मोहल्ले वासी हमे फोन पर सूचना दिए ।सूचना मिली तब तक यह बता पाना मुश्किल था कि घर से क्या सामान गायब हुआ। पीड़ित अंकित राज ने बताया कि घर में कुल तीन परिवार रहते है जिसमे मेरी बडी मम्मी माधुरी श्रीवास्तव उनके पुत्र अमित राज सपरिवार, मेरे मझले पिता रामनरायन व उनकी पत्नी कामिनी श्रीवास्तव व मेरा परिवार रहते है । घटना के वक्त घर में कोई नही था। परन्तु यह अफवाह थी कि घर मे किसी के न होने से घर बिक रहा है जिससे लोगो को यह अन्दाजा था कि घर मे कोई नही रहता जब मैं और मेरी माताजी मधु श्रीवास्तव घर पर आये और हम लोगो ने देखा कि घर से सोने व चांदी के जेवरात व अन्य धातु के कीमती बर्तन व जमीन व मकान सम्बन्धी कागजात जैसे खतौनी, बैनाम, इनकम टैक्स व वेतन सम्बन्धी कागजात व कुछ पहचान पत्र आदि शामिल है ।आपको बता दें कि मकान मालिक अमित राज श्रीवास्तव एडिशनल एसपी हैं और पश्चिम उत्तर प्रदेश में तैनात हैं।

# जिले में धारा–163 लागू, दो माह रहेगी निषेधाज्ञा जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने 9 जनवरी को संभावित संवेदनशील कार्यक्रमों के मद्देनज़र जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है यह प्रतिबंध जनवरी से मार्च के पहले सप्ताह 2026 तक जनपद के सभी क्षेत्रों में प्रभावी रहेगा इसका उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक निषेधाज्ञा लागू रहने के दौरान किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, आमसभा, प्रदर्शनी या मेला उप जिलाधिकारी की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जा सकेगा केवल शव यात्राओं को इस प्रतिबंध से छूट रहेगी किसी भी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों के उद्देश्य से समूह में इकट्ठा होने, सड़क या रेल यातायात बाधित करने और रोड जाम लगाने की अनुमति नहीं होगी उन्होंने निर्देश दिया कि धार्मिक स्थल, व्यावसायिक संस्थान, न्यायालय और परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा कोई भी व्यक्ति जाति, संप्रदाय या धर्म विशेष से जुड़े मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर किसी वर्ग में आक्रोश फैलाने का प्रयास नहीं करेगा मंदिर मस्जिद में शस्त्र लेकर प्रवेश वर्जित इसके अलावा मंदिर, मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल पर शस्त्र लेकर प्रवेश की सख्त मनाही रहेगी डीएम ने कहा कि बिना लाइसेंस तेजाब, विस्फोटक पदार्थ या उससे संबंधित सामग्री का भंडारण नहीं किया जा सकेगा कंकड़-पत्थर, खाली बोतलें, शीशे के टुकड़े जैसे सामान, जो शांति व्यवस्था प्रभावित करने के लिए उपयोग हो सकते हैं, किसी भी स्थान पर जमा करने या रखने की मनाही रहेगी बिना अनुमति नहीं होगा कोई कार्यक्रम साथ ही बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान पर ऐसा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा जिससे किसी धर्म या संगठन की भावनाओं को ठेस पहंचने की आशंका हो उन्होंने स्पष्ट किया कि लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग संबंधित उप जिलाधिकारी की अनुमति के बिना प्रतिबंधित रहेगा जिलाधिकारी ने कहा कि प्रायः छोटी घटनाओं को तूल देकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की जाती है इसलिए प्रशासन छोटी से छोटी घटनाओं पर भी कड़ी नजर रखेगा और सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी आवास खाली कराने के नोटिस पर प्रशिक्षण अधिकारी ने डीएम से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राजकीय शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण संस्थान में तैनात प्रशिक्षण अधिकारी ध्रुव देव मिश्र ने सरकारी आवास खाली कराने के नोटिस को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की है। प्रशिक्षण अधिकारी ने प्रार्थना पत्र देकर आवास खाली न कराए जाने और पूरे मामले की जांच कर न्यायोचित निर्णय लेने की मांग की है।प्रार्थना पत्र में बताया गया कि वह मूल रूप से अंबेडकरनगर जनपद के निवासी हैं और जून 2025 में स्थानांतरण के बाद सुल्तानपुर में पदस्थापित हुए। संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा सरकारी आवास टाइप-2 जीटी-1 खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया गया। इसके क्रम में 5 जनवरी 2026 को टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कर 10 दिन के भीतर आवास खाली करने का निर्देश दिया गया।प्रशिक्षण अधिकारी का कहना है कि पूर्व की भांति उनके वेतन से मकान किराया भत्ता की कटौती की जा रही है और इसके बावजूद उन्हें आवास खाली करने का नोटिस दिया गया, जो अनुचित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह अवैध रूप से आवास में निवास नहीं कर रहे हैं तथा दोनों संस्थानों का परिसर एकीकृत है, जिसका कोई बंटवारा नहीं हुआ है।प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि एक अन्य कर्मचारी और उसकी पत्नी को मानदेय पर रखकर परिसर में अवैध रूप से रहने दिया जा रहा है और उनके मानदेय का भुगतान किराये के रूप में लिया जा रहा है। वहीं, एक अन्य आवास खाली होने के बाद भी उसे आवंटित नहीं किया गया और अतिरिक्त धनराशि की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा एक महिला अनुदेशिका को न्यायसंगत ढंग से आवंटित आवास पर पुनर्विचार किए जाने की मांग भी उठाई गई है। अंत में प्रशिक्षण अधिकारी ने जिलाधिकारी से बिंदुवार जांच कराकर भौतिक सत्यापन के आधार पर आवास प्रकरण का निस्तारण कराने का अनुरोध किया है।

# निबंध लेखन में संस्कार ने मारी बाज़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## अभिनव और अवीर रहे क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर

सुलतानपुर। विश्व हिंदी दिवस के पूर्व संध्या पर हिंदी 'हमारी पहचान विषय' पर आर.ए.वी.डी. स्पेक्ट्रम एकेडमी मूँगर जयसिंहपुर में शीतकालीन अवकाश के चलते ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से सत्रह बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें संस्कार वर्मा को प्रथम स्थान, अभिनव मिश्रा को द्वितीय स्थान और अवीर सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में साध्वी वर्मा, अनुभव विक्रम सिंह, सोनाक्षी सिंह, अर्पित वर्मा, कार्तिक पांडेय, अभिनव अग्रहरि, आंचल यादव, आनंद सिंह, अनन्या वर्मा, समर प्रताप सिंह आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया।निर्णायक के रूप में पाठ्य-पुस्तक लेखक,कवि एवं साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा 'सरल' ने विद्यार्थियों की भाषा, विचार और प्रस्तुति की सराहना की। निर्णय देते समय उन्होंने सरल भाषा, मौलिक विचार और विषय की स्पष्टता को मुख्य आधार बताया। प्रतियोगिता में द्वितीय निर्णायक विद्यालय की हिंदी अध्यापिका एवं साहित्यकार अमिता सिंह ने विद्यार्थियों को लेखन के महत्व के बारे में बताया और नियमित पढ़ने-लिखने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को विश्व हिंदी दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# सीआरपीएफ जवानों को निष्ठा अनुशासन और मानवता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिये : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर तिसुंडी में 1660 प्रशिक्षु नवआरक्षियों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने पर भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जवानों को मातृभूमि की सेवा की शपथ दिलाई गई और उन्हें उनके निर्धारित गंतव्य स्थानों के लिये रवाना किया गया।दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि डीआईजी प्रशिक्षण बल्लभ चन्द्र शर्मा ने परेड की सलामी ली और नवप्रशिक्षित जवानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सीआरपीएफ देश की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ है और जवानों को पूरी निष्ठा, अनुशासन व मानवता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिये। उन्होंने जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सीआरपीएफ के सोलहवें बैच का यह प्रशिक्षण चौवालिस सप्ताह में पूर्ण हुआ। इस दौरान जवानों को शारीरिक दक्षता, हथियार प्रशिक्षण के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण, मानवाधिकारों की समझ, आपदा प्रबंधन तथा जनसंपर्क के दौरान अपनाये जाने वाले व्यवहारिक पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया जिससे वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर ढंग से कार्य कर सकें।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच नवआरक्षियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उनके अनुशासन, परिश्रम और कार्यकुशलता की सराहना की गई।दीक्षांत परेड में सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# एक बेतुका आदेश

हाल के दिनों में देश की शीर्ष अदालत से लेकर आम विमर्श तक में आवारा कुत्तों का मामला सुर्खियों में रहा है। इस संवेदनशील, जटिल व विवादास्पद मुद्दे से जुड़े कई तरह के अंतर्विरोध सामने आ रहे हैं। लेकिन इस कड़ी में बिहार के एक नगर निगम के बेतुके फरमान को लेकर आलोचना की जा रही है। यह निर्णय न केवल बेतुका है बल्कि हास्यास्पद भी है। बिहार के सासाराम के नगर निगम ने शिक्षकों से सड़कों में घूमने वाले आवारा कुत्तों की गिनती करने को कहा है। दरअसल, अदालत के निर्देशों के अनुरूप स्थानीय निकायों की इस बाबत जवाबदेही तय की गई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों व गिरते परीक्षा परिणाम के बावजूद शिक्षकों को गैर-शिक्षण कार्यों में लगाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर हर छोटे-बड़े सरकारी अभियान में शिक्षकों की जिम्मेदारी लगाना प्रशासनिक विफलता को भी उजागर करता है। कभी जनगणना, कभी चुनावी ड्यूटी तो कभी आपदा सर्वेक्षण, और अब कुत्तों की गिनती का बेतुका काम शिक्षकों के जिम्मे लगा दिया गया है। दरअसल, बिहार के शिक्षक विषम परिस्थितियों के चलते पहले ही अत्यधिक दबाव में हैं। जिसके कारण वे शैक्षणिक जिम्मेदारियों व गैर-शिक्षण दायित्वों के लगातार बढ़ते बोझ के बीच संतुलन बनाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि हर इस तरह का व्यवधान कक्षा के समय, पाठ योजना और छात्रों की सहभागिता को गहरे तक प्रभावित करता है। निश्चित रूप से प्राथमिक शिक्षा बच्चे के विकास की नींव रखती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहता है। वर्षों से पेश की जा रही एएसईआर रिपोर्टों में कई बार उजागर किया गया है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम देश में सबसे कमजोर रहा है। जो कि एक चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में जब पहले ही बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहता है तो शिक्षकों को एक और गैर-शैक्षणिक कार्य के लिये कक्षाओं से बाहर निकालना, निस्संदेह शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम ही कहा जाएगा। इससे भी बुरी बात यह है कि यह आदेश कई वास्तविक खतरों से भरा है। आवारा कुत्तों की गिनती करना शिक्षण के कागजी कार्य के समान सहज नहीं है। निश्चित रूप से अनेक शिक्षक ऐसे होंगे जो कुत्तों से डरते भी होंगे। खासकर शिक्षिकाओं के लिये यह कार्य खासा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कुछ लोग इस गणना प्रक्रिया में वास्तविक खतरे का सामना भी कर सकते हैं। इस बात का संकेत शीर्ष अदालत की टिप्पणी में भी मिलता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया था कि किसी कुत्ते के मन को पढ़ना या यह अनुमान लगाना असंभव है कि कोई जानवर कब आक्रामक हो जाएगा। निश्चित रूप से अप्रशिक्षित शिक्षकों को ऐसे कार्य करने के लिए कहना, उनकी सुरक्षा के लिये भी चुनौती होगी। खासकर तब जब आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं और रेबीज से होने वाली जीवन क्षति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे में नगर निगम के आदेश की तार्किकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण और जन सुरक्षा उपायों को लागू करने में नगरपालिकाओं की विफलता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद एक स्थानीय निकाय ने अपनी मूल जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोपकर इसका जवाब दिया है। निश्चित रूप से यह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा है। निर्विवाद रूप से इस बेतुके आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की जरूरत है। सही मायनों में नगरपालिका के अधिकारियों को अपना काम करना चाहिए और शिक्षकों को भी अपना काम करने की आजादी दी जानी चाहिए। यह समस्या केवल शिक्षकों की ही नहीं है बल्कि यह हमारे नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्यत्र काम सौंपना, कहीं न कहीं छात्रों और छात्राओं को शिक्षा पाने के अधिकार से वंचित करने जैसा भी है।

# भूख से मुक्ति का राष्ट्रीय संकल्प है अटल कैंटीन योजना

भूख केवल एक शारीरिक पीड़ा नहीं है, वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक कुंठा और नैतिक विचलन की जननी भी है। इतिहास साक्षी है कि जब पेट खाली होता है, तो विचार उग्र हो जाते हैं, व्यवस्था के प्रति विश्वास डगमगाने लगता है और विद्रोह की भावना पनपती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली जिम्मेदारी यह होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न रहे। इसी बुनियादी और मानवीय सोच के साथ दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा शुरू की गई रुपये 5 में भोजन उपलब्ध कराने की 'अटल कैंटीन योजना' निस्संदेह एक दूरदर्शी, करुणामय, मानवीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना का उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट और मानवीय है कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। राजधानी जैसे महानगर में, जहाँ एक ओर समृद्धि और चमक-दमक है, वहीं दूसरी ओर असंगठित श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शाचालक, ठेला-पटरी वाले, घरेलू कामगार और बेघर लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। इनके लिए दो वक्त का सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन आज भी एक चुनौती बना हुआ है। अटल कैंटीन योजना इन्हीं वर्गों के लिए जीवनरेखा बनकर सामने आई है, जो 'संकल्प से सिद्धि' के लक्ष्य को दर्शाता है और इसे देश में भोजन सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस योजना का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर किया जाना केवल एक औपचारिक तिथि चयन नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक है। अटलजी का संपूर्ण राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के विचार से प्रेरित रहा। वर्ष 2000 में शुरू की गई अंत्योदय अन्न योजना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अटलजी के लिए गरीब केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि नीति का केंद्र था। उस योजना के अंतर्गत अत्यंत गरीब परिवारों को रियायती दरों पर अनाज उपलब्ध कराया गया, जिससे करोड़ों लोगों को भुखमरी से राहत मिली। अटल कैंटीन योजना उसी सोच का आधुनिक शहरी संस्करण है, जहाँ अनाज के बजाय तैयार, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन सीधे थाली में परोसा जा रहा है। यह नीतिगत निरंतरता इस बात का प्रमाण है कि सुशासन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि संवेदनशील क्रियान्वयन से साकार होता है। अटल कैंटीन में भोजन की कीमत रुपये 5 रखी गई है, जबकि सरकार प्रत्येक थाली पर रुपये 25 की सब्सिडी दे रही है। यह मूल्य निर्धारण अत्यंत सोच-समझकर किया गया है। भोजन पूरी तरह मुफ्त न देकर एक न्यूनतम राशि तय करने का उद्देश्य यह है कि भोजन की कद्र बनी रहे और लाभार्थी इसे भीख नहीं, बल्कि अधिकार और सम्मान के रूप में ग्रहण करे। यह नीति सामाजिक मनोविज्ञान को समझने का उत्कृष्ट उदाहरण है। रेखा गुप्ता सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए जिस संवेदनशीलता, निर्णय क्षमता और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया है, वह उनके प्रभावी राजनीतिक नेतृत्व को रेखांकित करता है; अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ बताती हैं कि वे शासन को सत्ता नहीं, सेवा का माध्यम मानती हैं। किंतु सर्दी के इस कठोर मौसम में दिल्ली की सड़कों, फुटपाथों और फ्लाईओवरों के नीचे ठिठुरती रातें काटने को विवश गरीब और बेघर लोगों के लिए केवल मौसमी रैन-बसेरे पर्याप्त नहीं हैं, आवश्यकता एक स्थायी, समन्वित और मानवीय शीत-रक्षा योजना की है, जिसमें अस्थायी आश्रय के साथ गरम वस्त्र, पौष्टिक भोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा और पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था हो, ताकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी की सड़कों पर कोई भी व्यक्ति सर्द रात में बेसहारा और अदृश्य न रहे; ऐसा कदम न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रमाण होगा, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक जिम्मेदारी का भी सशक्त निर्वाह बनेगा। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि उपलब्ध कराया जा रहा भोजन पोषण मानकों के अनुरूप है। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एफएसएसएआई मानकों का पालन किया जाता है, जिसमें प्रति थाली 700-800 कैलोरी और 20-25 ग्राम प्रोटीन होता है। डिजिटल टोकन, सीसीटीवी और निगरानी के साथ पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है। प्रत्येक

इतिहास साक्षी है कि जब पेट खाली होता है, तो विचार उग्र हो जाते हैं, व्यवस्था के प्रति विश्वास डगमगाने लगता है और विद्रोह की भावना पनपती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे पहली जिम्मेदारी यह होती है कि उसका कोई भी नागरिक भूखा न रहे। इसी बुनियादी और मानवीय सोच के साथ दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा शुरू की गई रुपये 5 में भोजन उपलब्ध कराने की 'अटल कैंटीन योजना' निस्संदेह एक दूरदर्शी, करुणामय, मानवीय और जनकल्याणकारी पहल है। इस योजना का उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट और मानवीय है कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। राजधानी जैसे महानगर में, जहाँ एक ओर समृद्धि और चमक-दमक है, वहीं दूसरी ओर असंगठित श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शाचालक, ठेला-पटरी वाले, घरेलू कामगार और बेघर लोग भी बड़ी संख्या में रहते हैं। इनके लिए दो वक्त का सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन आज भी एक चुनौती बना हुआ है। अटल कैंटीन योजना इन्हीं वर्गों के लिए जीवनरेखा बनकर सामने आई है, जो 'संकल्प से सिद्धि' के लक्ष्य को दर्शाता है और इसे देश में भोजन सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस योजना का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर किया जाना केवल एक औपचारिक तिथि चयन नहीं, बल्कि एक वैचारिक निरंतरता का प्रतीक है। अटलजी का संपूर्ण राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के विचार से प्रेरित रहा।

कैंटीन प्रतिदिन लगभग 1000 लोगों को भोजन परोसने की क्षमता रखी है, और 100 कैंटीन खोलने का लक्ष्य है। दाल, सब्जी, रोटी/चावल जैसे संतुलित आहार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें आरओ वाटर एवं अचार आदि भी परोसा जा रहा है ताकि यह योजना केवल पेट भरने तक सीमित न रहकर स्वास्थ्य सुधार में भी योगदान दे सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और निम्न आय वर्ग के लिए मुफ्त एवं रियायती अनाज योजनाएँ लगातार संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी पहलों ने संकट काल में करोड़ों परिवारों को राहत दी है। इन योजनाओं का मूल दर्शन यही है कि भूखा नागरिक न आत्मनिर्भर बन सकता है और न ही राष्ट्रनिर्माण में भागीदार। रेखा गुप्ता सरकार की अटल कैंटीन योजना इन राष्ट्रीय प्रयासों के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। यह दर्शाती है कि केंद्र और राज्य, यदि समान मानवीय दृष्टि से काम करें, तो सामाजिक समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से संभव है। समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र दोनों ही इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि भुखमरी और अपराध के बीच गहरा संबंध होता है। जब व्यक्ति की मूल आवश्यकताएँ पूरी नहीं होतीं, तो वह व्यवस्था के प्रति विद्रोही दृष्टिकोण अपनाने लगता है। यही कारण है कि अनेक महान नेताओं ने यह कहा है कि गरीब को पहले रोटी दो, उपदेश बाद में। भूखे को खिलाना किसी प्रकार का राजनीतिक प्रलोभन नहीं है। यह सच्ची राष्ट्रभक्ति, मानवीय कर्तव्य और सामाजिक सुरक्षा का आधार है। अटल कैंटीन जैसी योजनाएँ अपराध को नियंत्रित करने, सामाजिक असंतोष को कम करने और लोकतंत्र में विश्वास को मजबूत करने का कार्य करती हैं। हालाँकि, किसी भी जनकल्याणकारी योजना की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके पारदर्शी, निगरानी और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। यह अत्यंत आवश्यक है कि अटल कैंटीन योजना को भ्रष्टाचार, अपव्यय और लापरवाही से पूरी तरह मुक्त रखा जाए। खाद्य सामग्री की खरीद, भोजन की गुणवत्ता, लाभार्थियों की पहुँच, वित्तीय प्रबंधन और संचालन व्यवस्था-हर स्तर पर सख्त निगरानी, नियमित ऑडिट और सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि इस योजना में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार प्रवेश करता है, तो वह न केवल सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होगा, बल्कि गरीब के विश्वास के साथ भी विश्वासघात होगा। दिल्ली की यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकती है। शहरीकरण के इस दौर में लगभग हर बड़े शहर में श्रमिक और निम्न आय वर्ग भोजन संकट से जूझ रहा है। यदि प्रत्येक राज्य अपनी परिस्थितियों के अनुसार ऐसी योजनाएँ विकसित करे, तो देश से भुखमरी को काफी हद तक समाप्त किया जा सकता है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसी योजनाएँ खर्च नहीं, बल्कि सामाजिक निवेश हैं। यह निवेश समाज को स्थिरता, शांति और विश्वास लौटाता है। अंततः रुपये 5 की थाली केवल भोजन नहीं है। यह करुणा, गरिमा और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति है। यह अटल बिहारी वाजपेयी की अंत्योदय सोच और नरेन्द्र मोदी के वर्तमान नेतृत्व की मानवीय दृष्टि का सार्थक संगम है। रेखा गुप्ता सरकार की यह पहल यह संदेश देती है कि सुशासन वही है, जो सबसे पहले सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचे। यदि इस योजना को पारदर्शिता, ईमानदारी और निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया गया, तो यह न केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश के लिए भूख-मुक्त भारत की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगी। –ललित गर्ग

# एआई में नवाचार से नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

वर्ष 2026 के आरंभ में भारत एक ऐसे निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता देश की तकनीकी दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार बन रही है। यह परिवर्तन किसी एक नीति, संस्था या कंपनी का परिणाम नहीं है। यह भारत की सामूहिक बौद्धिक शक्ति, युवाओं की उद्यमशील सोच और एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि का परिणाम है। जिस वैश्विक एआई प्रतिस्पर्धा में भारत कुछ वर्ष पहले तक दर्शक की भूमिका में माना जाता था, उसी मंच पर आज वह अग्रणी दावेदार के रूप में उभर रहा है। वस्तुतः स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत का सातवें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुँचना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। अमेरिका और चीन के बाद भारत का नाम आना यह दर्शाता है कि भारतीय प्रतिभा, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी सोच अब वैश्विक स्तर पर गंभीरता से ली जा रही है। आज हम इस सत्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के पास विशाल संसाधन और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसके बावजूद भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। भारतीय एआई इकोसिस्टम की खासियत उसकी समस्या-समाधान आधारित सोच और बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता है। स्टार्टअप फंडिंग में भारत का वैश्विक टॉप-5 में आना और एआई पब्लिकेशंस में लगातार बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि भारत ज्ञान और नवाचार दोनों में आगे बढ़ रहा है। देखा जाए तो एक तरह से ख्र्द्बदन्धपधद्धऋ, क्ष्ंधदद्यद्ग, इद्वथभ्धद्ब और इददद्गद्य जैसी वैश्विक कंपनियों का भारतीय एआई स्टार्टअप्स में निवेश इस भरोसे को दर्शाता है कि आने वाले वर्षों में भारत एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आज भारत में 150 से अधिक जेनरेटिव एआई स्टार्टअप्स सक्रिय हैं। इन स्टार्टअप्स ने वर्ष 2020 के बाद से 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। यह आँकड़ा एक स्थायी तकनीकी बदलाव की ओर इशारा करता है। भारत के एआई स्टार्टअप्स शिक्षा, स्वास्थ्य, भाषा, कृषि, ई-कॉमर्स, गेमिंग, मीडिया और औद्योगिक विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में गहराई से काम कर रहे हैं। Sarvam AI भारतीय भाषाओं के लिए बड़े भाषा मॉडल विकसित कर रहा है, जिससे एआई तकनीक आम नागरिक की पहुँच में आ सके। Gnani.ai और Soket AI वॉयस टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिजिटल सेवाओं को सरल और स्वाभाविक बना रहे हैं। Avataar.ai और Gan AI जनरेटिव एआई के ज़रिये डिजिटल कंटेंट और वर्चुअल अनुभवों को नए आयाम दे रहे हैं। Krutrim का भारत का पहला एआई यूनिकॉर्न बनना यह स्पष्ट करता है कि भारतीय एआई नवाचार अब वैश्विक व्यावसायिक मानकों पर खरा उतर रहा है। भारतीय एआई यात्रा की एक बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ सरकार और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग की स्पष्ट भावना दिखाई देती है। IndiaAI मिशन इसी सहयोग का परिणाम है। पाँच सौ से अधिक प्रस्तावों में से बारह स्टार्टअप्स को फाउंडेशन मॉडल्स के लिए चुना जाना यह दर्शाता है कि भारत अपनी एआई क्षमताओं को स्वयं विकसित करना चाहता है। जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित गोलमेज बैठक ने इस सोच को और मजबूती दी। इस बैठक में शामिल एआई स्टार्टअप्स ने अपने अनुभव साझा किए और भारत में उपलब्ध अनुकूल वातावरण की सराहना की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि स्टार्टअप्स भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं।ङ्क देश के हर युवा इनोवेटर के लिए प्रेरणा का संदेश है। यहां प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नैतिकता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और डेटा गोपनीयता पर दिया गया जोर यह स्पष्ट करता है कि भारत तकनीक को केवल प्रगति का साधन नहीं, बल्कि विश्वास का माध्यम भी मानता है। किफायती और समावेशी एआई की दिशा में भारत की पहल दुनिया के लिए एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है। भारत की एआई रणनीति की सबसे बड़ी ताकत उसका स्थानीय दृष्टिकोण है। भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक संदर्भों और सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे एआई मॉडल देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं। BharatGen जैसे प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय डेटा और भाषाओं पर आधारित मॉडल भारत की अपनी जरूरतों को पूरा करें।

## सेहत मंत्र

# फिट रखने के साथ तरोताजा भी रखती है फ्रॉग जंप एक्सरसाइज

अपने आपको हमेशा फिट रखने के लिए अक्सर लोग कई तरह की एक्सरसाइज करते रहते हैं जिससे की वह हमेशा अपने आपको स्वस्थ देख सके। हम सब जानते हैं कि एक्सरसाइज करना हमारे लिए काफी बेहतर है जो हमे स्वस्थ रखने के साथ-साथ ताजा भी रखता है। लेकिन कई लोग एक्सरसाइज तो करते हैं लेकिन उन्हें ये नहीं पता होता कि कौन-सी एक्सरसाइज उनके लिए बेहतर है। एक्सरसाइज करना एक बहुत बड़ा विषय है, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन-सी एक्सरसाइज ठीक है ये जानना बहुत जरूरी है। आपको अपने वर्कआउट रूटीन में उन एक्सरसाइज को शामिल करना बहुत जरूरी है जो आपके लिए और आपके शरीर के लिए फायदेमंद हो। कई बार छोटी सी एक्सरसाइज ही हमारे लिए वरदान की तरह होती है। ऐसी ही एक एक्सरसाइज है जिसे आपको अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करना चाहिए। फ्रॉग जम्प एक ऐसी एक्सरसाइज है जो आसान होने के साथ-साथ आपको पूरी तरह से एक्टिव भी रखने में मदद करेगी। फ्रॉग जम्प कोई बहुत मुश्किल या बहुत बड़ी एक्सरसाइज नहीं है, ये काफी आसान एक्सरसाइज है जो आप मस्ती करते हुए कर सकते हैं। इसमें आपको ज्यादा कुछ नहीं करना बस आपको एक मेंढक की तरह कूदना है जो आपके लिए एक एक्सरसाइज का रूप है। ये आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। फ्रॉग जम्पिंग एक्सरसाइज में बस आपको एक मेंढ़क की तरह कूदना है। इससे शरीर का पूरा भार आपके शरीर के नीचे हिस्से पर पड़ता है। इस एक्सरसाइज के लिए आपको किसी भी तरह की मशीन की जरूरत नहीं पड़ती। जरूरी नहीं कि इस एक्सरसाइज को आप जिम में ही करें, इस एक्सरसाइज को आप अपने घर पर भी कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है- बिना किसी आशा या उम्मीद के दूसरों की सेवा कर अपना ऋण चुकाएं

अच्छे विचार ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन और बल किसी को भी गलत राह पर ले जा सकता है किन्तु अच्छे विचार सदैव ही अच्छे काम के लिए प्रेरित करते हैं। आइए ! गीता प्रसंग में चलें- पिछले अंक में भगवान श्री कृष्ण ने अपने परम मित्र अर्जुन को संसार के शोक सागर से उबारने के लिए इंद्रियों को वश में करते हुए बुद्धिमानी पूर्वक निष्काम कर्म करने का उपदेश दिया था। भगवान की बात सुनकर अर्जुन दुविधा में पड़ गए। अपनी दुविधा दूर करने के लिए उन्होंने भगवान से यह प्रश्न पूछा-


अर्जुन उवाच
ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव?

अर्जुन ने कहा- सभी जन की याचना पूरी करने वाले हे जनार्दन! यदि आप निष्काम-कर्म की अपेक्षा ज्ञान को श्रेष्ठ मानते हैं तो फिर मुझे इस भयंकर कर्म (युद्ध) में क्यों लगाना चाहते हैं?

व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोहमाप्नुयाम।।

आपके अनेक अर्थ वाले शब्दों से मैं दुविधा में पड़ गया हूँ। मेरी बुद्धि काम नहीं कर पा रही है, अतः इनमें से मेरे लिये जो एकमात्र कल्याणप्रद हो उसे कृपा करके निश्चय-पूर्वक मुझे बतायें, जिससे मैं उस श्रेय को प्राप्त कर सकूँ।

## पर्यटन



# बीजापुर में है भारत का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद, जहां से देख सकते हैं पूरा शहर

गोल गुंबद भारत की सबसे बड़ी खुली छतरी है, जिसकी छांव में बीजापुर शहर गर्मी के मौसम में भी सुकून की सांस लेता है। गोल गुंबद भारत का सबसे बड़ा और विश्र्व का दूसरा सबसे बड़ा गुंबद है। इस विशाल गुंबद का व्यास 44 मीटर और ऊंचाई 51 मीटर है। इसके निर्माण में तीस वर्ष लगे थे। आश्चर्य की बात यह है कि इतने विशाल गुंबद के सहारे के लिए एक भी खंभा नहीं है। दरअसल, यह एक मकबरे का गुंबद है, जिसके मुख्य हॉल के भीतर चारों ओर सीढ़ियों से घिरा हुआ एक चौकोर चबूतरा बना हुआ है। इस चबूतरे के मध्य में कब्र का पत्थर है, जिसके नीचे बीजापुर के सुल्तान मुहम्मद आदिल शाह की कब्र है। मकबरे के गुंबद की आंतरिक परिधि पर एक गोलाकार गलियारा बना हुआ है। इस गुंबद को अंग्रेजों ने 'व्हिसपरिंग गैलरी' नाम दिया था, क्योंकि इस गलियारे के एक तरफ फुसफुसा कर बोला गया शब्द भी दूसरी तरफ तक स्पष्ट सुनाई देता है। यही नहीं, इस गैलरी में एक आवाज सात बार गूंजती है। उस जमाने में गायक इस गैलरी में बैठ कर गाते थे, ताकि उनकी आवाज और संगीत प्रत्येक कोने तक सुना जा सके। इसे फारसी वास्तुकार दाबुल के याकूत ने 1626 ईस्वी में बनाया था। पूरे बीजापुर शहर का नजारा गोल गुंबद के ऊपर जाकर लिया जा सकता है। इमारत के चारों कोनों से जुड़ी चार मीनारें हैं। दरवाजों पर सागौन की लकड़ी से किया हुआ महीन नक्काशीदार काम है। इस इमारत की सबसे बड़ी बॉलकनी को 'व्हमसा' कहा जाता है। गहरे भूरे बेसाल्ट पत्थर से बना मकबरा दक्षिण भारतीय-मुगल वास्तुकला का अद्भुत नमूना है, जो द्रविड़ वास्तुशैली से घुल-मिल गया है। यह अष्टकोणीय इमारत नफ़ीस नक्काशी फूल-बूटे, आलों-मेहराबों से सजी हुई है। इमारत की दीवारों पर पत्तेनुमा और ज्यामितीय आकार उकेरे गए हैं। व्हिसपरिंग गैलरी में भीतर की दीवारों पर डायमंड कट पैटर्न का काम दिखाई देता है। गुंबद की बाहरी दीवार पर हर ओर पत्थर की बड़ी पंखुडियां इस तरह से बनाई गई हैं, जिसे देखकर लगता है जैसे शिल्पी ने कमल का फूल खिला दिया है। पत्थर पर किया ऐसा काम यकीन दिलाता है कि पत्थर में भी फूल खिला करते हैं।

# मिशन पहचान परीक्षा, निंदूरा के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। तहसील स्तरीय ‖बच्चों का ज्ञान, गुरु जी की पहचान मिशन पहचान परीक्षा‖ का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी के निर्देशन में फ़तेहपुर में किया गया। इस परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कक्षा 11 विज्ञान वर्ग से निहारिका ने द्वितीय स्थान, जबकि सौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12 विज्ञान वर्ग से चांदनी यादव ने प्रथम स्थान, राहुल भारती ने तृतीय गणित समूह स्थान तथा किशन जीव विज्ञान समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डीपी तिवारी, भानु प्रताप सिंह एवं अरविंद कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के मार्गदर्शन से ही ऐसे परिणाम संभव होते हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने बाराबंकी में लॉन्च किया एडमीशन व स्कॉलरशिप पोर्टल 'सीयूसीईटी 2026' ऐतिहासिक पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।देश की प्रथम एआई-ऑगमेंटेड प्राइवेट यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी ने उत्तर प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ऐतिहासिक 50 करोड़ की सीयूसीईटी स्कॉलरशिप 2026-27 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ अजय यादव ने बताया कि सीयूसीईटी स्कॉलरशिप ने उत्तर प्रदेश में अपना एक सफल सत्र पूरा कर लिया है, जिसके तहत पहले ही 2000 से अधिक छात्र करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति का लाभ उठाकर अपनी उच्च शिक्षा के सपनों को साकार कर रहे हैं। सीयू यूपी का लक्ष्य राज्य को एक ज्ञान और तकनीक-आधारित विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है। 2500 करोड़ की लागत से तैयार यह एआई-सपोर्टेड कैंपस न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को देश का टॉप रिसर्च-इंटेंसिव हब बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में यूनिवर्सिटी ने 22 मल्टीडिसिप्लिनरी पीएचडी प्रोग्राम्स भी लॉन्च किए हैं, जो कृषि, डेटा एनालिटिक्स, क्वांटम रिसर्च और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

हाइटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक ओरिएंटेड इकोसिस्टमः सीयू यूपी ने अपने वादे के अनुसार छात्रों के लिए हाइटेक इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक ओरिएंटेड इकोसिस्टम विकसित किया है। रिसर्च स्कॉलर्स और छात्रों के लिए कैंपस में एप्पल विज़न प्रो लैब, एआई-एमएल रिसर्च सेंटर और माइक्रोसॉफ्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी उच्च-स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो प्रैक्टिकल ऐजुकेशन को बढ़ावा देती हैं। यूनिवर्सिटी का मुख्य फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तकनीक और इंडस्ट्री की प्रासंगिकता को शिक्षा के साथ इंटीग्रेट करना है। इसके अलावा, सीयू यूपी ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप एडवांस्ड क्रेडिट और स्किल बेस्ड प्रोग्राम शुरू किए हैं, जो छात्रों को उनके करियर की शुरुआत में ही वैश्विक स्तर पर तैयार करते हैं। ''महिला सशक्तिकरण'' राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा शुरू की गई 'नारी योजना' तकनीक और शोध के क्षेत्र में महिलाओं को नए अवसर प्रदान कर रही है। ग्लोबल एक्सपोज़र और इंटरनेशनल कोलैबोरेशन साझेदारीः वैश्विक स्तर पर छात्रों को एक्सपोज़र देने के लिए सीयू यूपी ने दुनिया की टॉप रैंक्ड यूनिवर्सिटीज़ के साथ कई एमओयू साइन किए हैं, जिससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप और संयुक्त शोध के अवसर मिलते हैं।

''पहले ही वर्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ'

बाराबंकी में आयोजित इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के अवसर पर सीयू यूपी के रजिस्ट्रार डॉ. अजय यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश का पहला वर्ष उपलब्धियों, इनोवेशन और विश्वास का वर्ष रहा है, जहाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वार उद्घाटन के बाद देश की पहली निजी एआई आधारित मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी के रूप में सीयू यूपी ने बहुत ही कम समय में राष्ट्रीय पहचान बनाई है।

## समाजसेवी ने जरूरतमंदों को दिए कंबल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत देने के लिए समाजसेवी गौरीकांत दीक्षित द्वारा ग्राम पंचायत थाल खुर्द और गोंदौरा में कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया।उन्होंने स्वयं गांवों में पहुंचकर गरीब और असहाय लोगों में कंबल वितरित किए।गौरीकांत का यह मानवीय सेवा अभियान रामनगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातार चल रहा है।



## मिर्गी का दौरा पड़ने से विवाहिता की दर्दनाक मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोटी सेकते समय मिर्गी का अचानक दौरा पड़ने से विवाहिता जिंदा जल गई। कुर्सी के ओदार गांव निवासी सुधीर रावत लखनऊ स्थित एक होटल मे नौकरी करते है।घर पर उसकी पत्नी रंगोली व पिता रहते हैं।सुधीर ने बताया कि पत्नी रंगोली को मिर्गी के दौरा पड़ते थे।शुक्रवार सुबह लखनऊ नौकरी के लिए निकल गया था।जबकि पिता गांव के बाहर मंदिर गए थे।रंगोली घर में अकेली थी। चूल्हे पर खाना बना रही थी। पिता जब मंदिर से घर लौटे तो आवाज लगाई। कोई जवाब नहीं मिला।जब वह अंदर गए पहुंचे। रसोई घर के चूल्हे में रंगोली औंधे मुंह पड़ी थी। आग से उसका चेहरा और धड़ जलने से मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव कब्जे में ले लिया।ओदार चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि मृतका के मायके वालों ने मिर्गी आने की बात स्वीकार की है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## फांसी लगाकर आत्महत्या

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे घिसियावन गांव के पास खेत में लगे चिलबिल के पेड़ से एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला । जिससे देखकर गांव में हड़कंप मच गया। व्यक्ति की पहचान गांव के ही निवासी चंदन (38 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय श्यामलाल के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

## एकल अभियान द्वारा महादेवा में खिचड़ी भोज आयोजन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर एकल अभियान द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।विश्व हिंदू परिषद की शाखा एकल अभियान के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संदीप सिंह ने की जिन्होंने एकल अभियान द्वारा शिक्षा संस्कार और सेवा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के प्रयासों पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने अभियान के उद्देश्यों और ग्रामीण सशक्तिकरण में इसकी भूमिका पर जानकारी दी।महिलाओं युवतियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता के साथ आयोजन सामाजिक समरसता और सेवा भावना का संदेश देता हुआ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## चांदी का छत्र आभूषण मंदिर से चोरी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट क्षेत्र के ग्राम बडेला नारायणपुर में चंडी धाम मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।मंदिर के पुजारी महंत शिवानंद दास पुरी ने बताया कि बीती रात करीब नौ बजे भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह करीब चार बजे उठने पर देखा कि मंदिर के गेट का ताला टुटा हुआ है और देवी मां के उपर लगा चांदी का छत्र तथा नाक की नथुनी चोरी हो गई है प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रेस्क्यू आपरेशन संचालित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने बताया कि आज श्रम विभाग, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, संवाद संस्था के समन्वय से बेसहारा लोगों का चिंहान्कन एवं पुनर्वासन तथा बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत जनपद बारावंकी के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं प्रमुख चौराहों पर रेस्क्यू आपरेशन संचालित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत होटल, ढाबा, मेडिकल स्टोर एवं अन्य दुकानों पर छापेमारी की गयी। होटल, ढाबा, मेडिकल स्टोर एवं अन्य दुकानों के संचालकों को चेतावनी दी गयी कि यदि कोई भी बच्चे उक्त स्थानो पर बाल श्रम करते हुए पाए गए तो संचालकों के विरूद्व नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। उक्त अभियान मे सदस्य, बाल कल्याण समिति, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी, ए0एच0टी0यू0. संरक्षण अधिकारी, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं जिला समन्वयक, संवाद संस्था एवं टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक मिलने पर बाइक सवार का चालान

**बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म पर 96 वाहन चालकों का चालान**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क सुरक्षा बढ़ाने व नियमों का पालन करवाये जाने की दिशा मे परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत उप परिवहन आयुक्त अयोध्या जोन श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या श्री विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी श्री रविचन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने पटेल चौराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म के विरुद्व विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की। इस दौरान शराब पीकर दो पहिया वाहन चलाते मिले चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक पाये जाने पर चालान किया गया। तो वही बीच सड़क पर सवारी बैठाने वाले परिवहन निगम के बस चालक व कंडक्टर को फटकार लगाते हुये चालान किया गया। आज शुक्रवार को उप परिवहन आयुक्त अयोध्या के नेतृत्व मे प्रवर्तन टीमो द्वारा ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट का उल्लंघन मिलने पर 96 वाहन चालको को चालान किये। चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने लोगो से सड़क पर वाहन चलाते समय रोड़ सेफ्टी नियम पालन करने, दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा के लिए हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कभी न करने की अपील भी की।

## अमेठी पुलिस आईजीआरएस मासिक रैंकिंग में यूपी टाप

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आईजीआरएस मासिक रैंकिंग माह दिसम्बर में जनपद अमेठी पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में व आईजीआरएस के नोडल अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व आईजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर के कुशल नेतृत्व में थानों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण व शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये संतुष्टि फीडबैक के आधार पर शासन द्वारा मासिक रैंकिंग जारी की जाती है।एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा माह दिसम्बर हेतु जारी की गयी रैंकिंग में जनपद अमेठी पुलिस को एक सौ फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

# ग्राम चौपाल योजना, समस्या निस्तारित! सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत इटौंजा एवं लिलौली में ग्राम चौपाल मे का आयोजन किया गया।चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा वीबीजी रामजी योजना का सजीव प्रसारण देखा। ग्राम पंचायत इटौंजा में आयोजित चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। यहां परिवार रजिस्टर की नकल एवं हैंडपंप की मरम्मत को लेकर प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका ग्राम पंचायत सचिव आनंद सिंह द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समस्याओं का तत्काल समाधान होने से ग्रामीण संतुष्ट दिखे। वहीं ग्राम पंचायत लीलौली में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसबी अनिल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। यहां परिवार रजिस्टर की नकल एवं नाली सफाई से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका ग्राम पंचायत सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा तुरंत निस्तारण कर दिया गया। ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे प्रशासन के प्रति उनका भरोसा और मजबूत हुई। एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम चौपाल शासन और ग्रामीणों के बीच सेतु का कार्य कर रही है, जिससे योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सीधे पहुंच रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान हेतु बीएसए ने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने जताया बीएसए का आभार**

सुल्तानपुर। नववर्ष पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लम्भुआ के अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए उपेंद्र गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षकों के वर्षों से लम्बित देयक प्रोन्नत वेतनमान के निस्तारण हेतु एक कमेटी बनाए जाने का अनुरोध किया था। उपर्युक्त अनुरोध के क्रम में बीएसए द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र दिलीप कुमार सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा नरेंद्र पाल सिंह तथा वरिष्ठ लिपिक अविनाश यादव को नामित करते हुए प्रोन्नत वेतनमान सूची को 15 दिवस के अंदर ब्लाकों से संपर्क कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया है। कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर द्वारा बताया गया कि जनपद में 2010 के बाद से ही प्रोन्नत वेतनमान सूची निर्गत नहीं हो पाई थी जिससे बहुत सारे वरिष्ठ शिक्षक इस लाभ से वंचित रहे है जिनको अब इसका लाभ मिल सकेगा।विदित हो कि एक ही पद पर चयन वेतनमान प्राप्त होने की तिथि से 12 वर्ष तक पदोन्नति न होने पर प्रोन्नत वेतनमान दिया जाता है। प्रति वर्ष चयन वेतनमान धारकों की संख्या का 20 शिक्षकों को देय होता है उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लंभुआ अध्यक्ष रणवीर सिंह व उनके प्रतिनिधिमंडल ने वर्षों से लंबित इस प्रकरण के निस्तारण हेतु कमेटी बनाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

# थाना प्रभारियों को नागरिकों की भावभीनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। बड्डूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार तथा कुर्सी थाना प्रभारी अनिल सिंह शुक्रवार को विदाई के बाद अपने नवीन तैनाती स्थल के लिए स्थानांतरित हो गए। विदाई की सूचना मिलते ही दोनों थाना क्षेत्रों के तमाम गणमान्य लोग थाने पहुंचे और भावुक माहौल में उन्हें विदा किया। करीब एक वर्ष तक कुर्सी थाने में प्रभारी रहे अनिल सिंह का क्षेत्रीय जनता से गहरा लगाव रहा। गौरतलब है कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी ट्रांसफर सूची में कुल 11 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसी क्रम में कुर्सी थाने का नया चार्ज पूर्व में सुबेहा थाने के प्रभारी रहे कृष्णकांत सिंह को सौंपा गया है। वही बड्डूपुर थाने का चार्ज मनोज कुमार सोनकर जो दरियाबाद में तैनात थे उन्हें दिया गया है। विदाई समारोह में उमरा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति, एसएसआई तेजबहादुर सिंह, मधुसूदन सिंह, अमित गुप्ता, उमेश यादव, मुकेश सिंह, आशीष सोनी, सुनील विश्वकर्मा, अर्जुन तिवारी, विनय शुक्ला, पवन सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ग्राम बलवन्तपुर भनमतिया स्थित बाबू दास कुटी पर शुक्रवार से पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सुबह गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं ग्राम बहरौली स्थित बाबा मस्तराम दास आश्रम पहुंचीं, जहां पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल भरकर करीब पांच किलोमीटर लंबी यात्रा शुरू की गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और वैदिक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास वेद प्रकाश सिंह यादव ने प्रवचन में कहा कि धरती पर बढ़ते अत्याचारों के विनाश के लिए भगवान विष्णु समय-समय पर अवतार लेते रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अवतार भी इसी उद्देश्य से हुआ। कार्यक्रम के दौरान दीपक यादव व श्रीश रावत द्वारा श्रद्धालुओं को बूंदी व हवा का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विपिन यादव, ग्राम प्रधान उमेश कुमार, बृजेश कुमार, पप्पू वर्मा, दयाराम यादव, अनूप कुमार, मोहित, अतुल कुमार, दिलीप कुमार, पप्पू यादव, सहजराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## महादेवा कॉरिडोर निर्माण कार्य को गति

बाराबंकी। प्रसिद्ध शिवतीर्थ श्लोधेश्वर महादेवा तीर्थ में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे कॉरिडोर निर्माण कार्य ने शुक्रवार से दोबारा गति पकड़ ली।मंदिर के सामने परिक्रमा मार्ग निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई शुरू हो गई है।लंबे समय से रुके कार्य के पुनः प्रारंभ होने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।हाल ही में विभाग और आर्किटेक्ट टीम सक्रिय हुई जिसके चलते काम फिर शुरू हुआ।मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार कॉलम की फाउंडेशन का कार्य कराया जा रहा है।श्रद्धालुओं का मानना है कि कॉरिडोर बनने से मंदिर की भव्यता और महादेवाधाम में सुविधाओं की वृद्धि होगी।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे के लिए श्रेयस अय्यर को मिली हरी झंडी

एजेंसी

मुम्बई। श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम टीम का हिस्सा बनने की मंजूरी मिल गई है। वहीं सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। श्रेयस को 15 सदस्यीय दल में शामिल तो किया गया था लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर तय था। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित करने के बाद शुक्रवार को वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। वड़ोदरा में में होने वाले पहले एकदिवसीय से केवल दो दिन पहले वह टीम के साथ जुड़ेंगे। भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में पसली में चोट लगी थी और इसके बाद वह पहली बार भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाए हैं। सर्जरी से



गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया, ल्लगुरुवार की सुबह तिलक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई और शुक्रवार को वह हैदराबाद वापस जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वह फिजिकल और स्किल ट्रेनिंग वापस शुरू करेंगे। ट्रेनिंग पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए आखिरी दो टी-20 में उनके खेलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मुंबई के लिए 82 और 45 रनों की पारियां खेलकर अय्यर ने वापसी के लिए मजबूत इरादे दिखाए हैं। चोट के कारण शार्दुल की अनुपस्थिति में उन्होंने मुंबई की कप्तानी भी की है। भारत की एकदिवसीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सात जनवरी को वड़ोदरा पहुंच चुके है हैं। 15 सालों से अधिक के समय के बाद वड़ोदरा में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। नए बने कोटांबी स्टेडियम ने महिला वनडे और डब्ल्यूपीएल मैचों की मेजबानी की हैं।

भारत की एकदिवसीय टीम इस प्रकार हैः- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

# मलेशिया ओपन : चोट के कारण यामागुची के हटने से सेमीफाइनल में पहुंचीं पीवी सिंधु

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने शुक्रवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण मैच से हटने के बाद सिंधु को यह सफलता मिली।

लंबे समय बाद चोट से वापसी कर रहीं पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने मुकाबले में शानदार शुरुआत की और पहला गेम 21-11 से अपने नाम किया। इस दौरान मौजूदा विश्व चैंपियन और विश्व नंबर-3 अकाने यामागुची घुटने पर ब्रेस लगाए नजर आईं। पहले गेम के बाद यामागुची ने अपनी चोट को देखते हुए मैच आगे नहीं खेलने का फैसला किया। इस जीत के साथ विश्व नंबर-18 सिंधु ने यामागुची के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को 15-12 कर लिया। खास बात यह है कि सिंधु आठ साल बाद मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल




में पहुंची हैं, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। सेमीफाइनल में अब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु का सामना इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वारदानी या चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी यी से होगा। आज भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी कोर्ट पर उतरेगी। भारतीय जोड़ी का मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहीबुल फिकरी से होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स की नजरें डब्ल्यूपीएल में शुरुआती लय हासिल करने पर

**नवी मुंबई।** यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स की टीम शनिवार को यहां अपने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अभियान की शुरुआत करेंगी और पिछले सत्र में विपरीत प्रदर्शन के बाद दोनों टीमें पहले खिताब की तलाश में होंगी। यूपी वॉरियर्स नयी कप्तान मेग लैनिंग पर बहुत अधिक निर्भर रहेगी क्योंकि उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन फाइनल में पहुंची थी। टीम पिछले तीन सत्र में तीसरे, चौथे और फिर तालिका में निचले स्थान पर रही थी और उसकी निगाहें इस लगातार गिरावट को रोकने की है। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के आने से टीम में स्पष्टता आने की उम्मीद है। टीम पिछले साल कप्तान एलिसा हीली की गैरमौजूदगी में संतुलन और निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही थी। हालांकि वॉरियर्स के टीम संयोजन को लेकर सवाल बने हुए हैं, विशेषकर विकेटकीपिंग विभाग में जिसमें शिप्रा गिरी एकमात्र विशेषज्ञ विकल्प हैं। शीर्ष पर फोबे लिचफील्ड लचीलापन प्रदान करती हैं और उनके किरण नवगिरे के साथ साझेदारी करने की संभावना है। लैनिंग और हरलीन देओल की मौजूदगी वाला मध्यक्रम प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में महत्वपूर्ण होगा। सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा और अनुभवी शिखा पांडे और क्रांति गौड़ जैसी खिलाड़ियों के साथ वॉरियर्स के पास ताकतवर गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें विश्व स्तरीय स्पिन, नयी गेंद से गेंदबाजी का अनुभव और अंतिम ओवरों में विशेज्ञता का मिश्रण है। दूसरी ओर गुजरात जायंट्स दो निराशाजनक सत्र के बाद पिछली बार प्लेऑफ में पहुंची थी और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। एशले गार्डनर की अगुवाई वाली जायंट्स के पास मजबूत विदेशी खिलाड़ियों का कोर है लेकिन एक प्रमुख भारतीय बल्लेबाज की कमी है। स्टंप के पीछे और शीर्ष क्रम में बेथ मूनी होंगी जबकि सोफी डिवाइन 2025 सत्र से चूकने के बाद डब्ल्यूपीएल में वापसी कर रही हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण रेणुका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में काफी संतुलित दिखता है जिन्हें किम गार्थ और काश्वी गौतम का सहयोग मिलेगा। गार्डनर, जॉर्जिया वारेहम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर के रूप में स्पिन के कई विकल्प मौजूद हैं। दोनों टीम बदलाव के दौर से गुजर रही हैं इसलिए शनिवार का मुकाबला उनके अभियानों की लय तय कर सकता है। यूपी वारियर्सः श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, मेग लैनिंग (कप्तान), फोबे लिचफील्ड, किरण नवगिरे, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, आशा शोभना, डायंड्रा डॉटिन, शिखा पांडे, शिप्रा गिरी, सिमरन शेख, चार्ली नॉट, क्लो ट्रायोन, सुमन मीना, जी त्रिशा, प्रतिका रावल। गुजरात जायंट्सः एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फूलमाली, टिटास साधु, काशवी गौतम, कनिका आहुजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वारेहम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, शिवानी सिंह, डानी वाट हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़, आयुषी सोनी।

## महबूब खान करेंगे अंडर-19 विश्वकप में अफगानिस्तान की कप्तानी

**काबुल।** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है और उन्हें एक ऐसी टीम की कमान सौंपी गई है जो स्पिन-बॉलिंग टैलेंट से भरी हुई है। गेंदबाजी आक्रमण में सबसे खास नाम वाहिदुल्लाह जादरान का है। 18 साल के इस ऑफस्पिनर की काबिलियत इस बात से पता चलती है कि वह पिछले वर्ष आईएलटी20 टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स के लिए सीनियर लेवल क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने दिसंबर में आईपीएल नीलामी के लिए भी अपना नाम दिया था, लेकिन उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला। वाहिदुल्लाह को लेफ्ट-आर्म स्पिनर जैतुल्लाह शाहीन और लेगस्पिनर हफीज जादरान का साथ मिलेगा। खालिद अहमदजई के नाम प्रथम श्रेणी शतक है और उजैरउल्लाह नियाजी टीम में सबसे होनहार बल्लेबाजों में से हैं। अफगानिस्तान ने पिछले वर्ष एशिया क्वालीफायर जीतकर अंडर-19 विश्वकप में अपनी जगह पक्की की थी। अफगानिस्तान अंडर-19 विश्व कप ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया और वेस्टइंडीज के साथ है। अंडर-19 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान टीम :- महबूब खान (कप्तान), खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, फैसल खान, उजैरउल्लाह नियाजी, अजीज मिया खिल, नजीफ अमीरी, खातिर स्टानिकजई, नूरिस्तानी उमरजाई, अब्दुल अजीज, सलाम खान, वाहिदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन, रोहुल्लाह अरब और हफीजुल्लाह जादरान।

## ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुजरेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159.5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतरराष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

## भारत के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य बनकर उभरा चीन, अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 33 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** चीन चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर के दौरान धीरे-धीरे भारत के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा है। इस दौरान निर्यात 33 बढ़कर 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली ये आंकड़े द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में संरचनात्मक बदलाव का संकेत दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में वृद्धि तेल खली, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण और मसालों जैसे उत्पादों के कारण हुई है। भारत ने अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सामान निर्यात किया।

# महिला हॉकी इंडिया लीग का फाइनल शनिवार को रांची में, मिलेगा नया चैंपियन

एजेंसी

रांची। दो सप्ताह तक चले रोमांचक मुकाबलों और 12 मैचों में कुल 37 गोल देखने के बाद महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 अपने चरम पर पहुंच गई है। शनिवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल में एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1.5 करोड़ की इनामी राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता को 1 करोड़ रुपये मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रही रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा टूर्नामेंट की हीरो प्लेयर को 20 लाख, जबकि बेस्ट गोलकीपर, उभरती खिलाड़ी (अपकमिंग प्लेयर) और टॉप स्कोरर को 5-5 लाख की पुरस्कार राशि




प्रदान की जाएगी। फ़ेयरप्ले ट्रॉफी भी उस टीम को दी जाएगी जिसने पूरे टूर्नामेंट में खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया हो। लीग चरण की बात करें, तो एसजी पाइपर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। श्राची बंगाल टाइगर्स ने नियमित समय में दो जीत और शूटआउट में दो जीत के दम पर 10 अंक जुटाकर दूसरा स्थान पाया। रांची रॉयल्स 9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। दोनों फाइनलिस्ट टीमों के बीच लीग चरण में दो मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार श्राची बंगाल टाइगर्स ने शूटआउट में जीत दर्ज की। पहला मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा, जिसके बाद टाइगर्स ने शूटआउट में 4-3 से बाजी मारी। दूसरे मैच में गोलरहित ड्रॉ के बाद टाइगर्स ने 7-6 से शूटआउट में जीत हासिल की। आंकड़ों के लिहाज से एसजी पाइपर्स का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। टीम ने अब तक 11 गोल दागे हैं और वह टूर्नामेंट की दूसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम है। कप्तान नवनीत कौर ने 4 गोल किए हैं, जबकि लोला रिएरा (3) और सुनेलिता टोप्पो (2) ने भी अहम योगदान दिया है। पाइपर्स की डिफेंस भी मजबूत रही है और उन्होंने लीग चरण में सिर्फ 9 गोल खाए हैं। एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, ल्लपिछले सीजन तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद इस बार फाइनल तक पहुंचना हमारे लिए खास है। टीम ने निडर हॉकी खेली है और अब हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। श्राची बंगाल टाइगर्स ने अब तक 7 गोल किए हैं, जिनमें से 5 गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ अगुस्तीना गोरज़ेलानी के नाम हैं। लालरेमसियामी ने भी दो गोल किए हैं। हालांकि टीम को डिफेंस में सुधार की जरूरत होगी, क्योंकि उन्होंने लीग चरण में 11 गोल गंवाए हैं। कप्तान वंदना कटारिया के नेतृत्व में टीम अनुभव के दम पर खिताब जीतने की उम्मीद लगाए बैठी है।

## ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुजरेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं।

# दादरा-नागर हवेली और दमन-दीव में मल्लखंभ बना आदिवासी बच्चों के आत्मविश्वास और पहचान का माध्यम

एजेंसी

दीव। दादरा और नागर हवेली व दमन-दीव के आदिवासी इलाकों में, जहां खेल लंबे समय तक रोज़मर्रा की आजीविका की जद्दोजहद के पीछे दबा रहा, वहीं पारंपरिक भारतीय खेल मल्लखंभ आज बदलाव की एक शांत लेकिन मजबूत कहानी लिख रहा है। कभी खुले खेतों और खाली मैदानों तक सीमित रहा यह खेल अब आत्मविश्वास, पहचान और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनता जा रहा है—वह भी संसाधनों से वंचित समुदायों के बच्चों के लिए। इस परिवर्तन की धुरी हैं मल्लखंभ कोच शुभम मैर, जो 2019S20 में महाराष्ट्र के नासिक जिले से यहां आए थे। उन्हें खानवेल ग्राम पंचायत द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया। वर्तमान में शुभम खानवेल डिवीजन के शेल्टी गांव स्थित मल्लखंभ अकादमी में मुख्य कोच के रूप में कार्यरत हैं। शुभम बताते हैं, पहले दिन कुछ भी नहीं था—न प्रशिक्षण सुविधा, न उपकरण, न सुरक्षा इंतज़ाम। बच्चे धान के खेतों में, नंगी ज़मीन पर अभ्यास करते थे, कभी-कभी पेड़ों पर भी चढ़ते थे। पोल, मैट, तेल या पाउडर कुछ नहीं था। लेकिन सीखने की भूख असाधारण थी। अधिकांश बच्चों ने पहले कभी मल्लखंभ का नाम तक नहीं सुना था। खेती और दिहाड़ी मज़दूरी करने वाले आदिवासी परिवारों से आने वाले इन बच्चों के लिए खेल को करियर के रूप में देखना लगभग असंभव-सा था। जहां दो वक्त की रोटी जुटाना भी चुनौती हो, वहां व्यवस्थित प्रशिक्षण एक दूर का सपना लगता था। 2019S20 में निर्णायक मोड़ तब आया, जब शुभम खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारी के लिए पंचकूला (हरियाणा) गए। इसके बाद लक्ष्य स्पष्ट था—उभरते खिलाड़ियों को प्रतियोगिता का अनुभव दिलाना। मकसद तुरंत पदक जीतना नहीं, बल्कि बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के माहौल से परिचित कराना और आत्मविश्वास विकसित करना था। इस प्रयास को बाद में संस्थागत सहयोग भी मिला। युवा कार्य एवं खेल, दादरा और नागर हवेली व दमन-दीव के संयुक्त सचिव अरुण गुप्ता ने बताया कि आदिवासी खेल विकास संघ शासित प्रदेश की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। दादरा और नागर हवेली में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी आदिवासी समुदायों की है। उन्होंने बताया कि खानवेल में स्थायी मल्लखंभ प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है, जबकि सिलवासा में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से तीरंदाजी, एथलेटिक्स और टेबल टेनिस को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस केंद्र में लगभग 75 खिलाड़ी आवासीय सुविधा के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें अधिकांश आदिवासी पृष्ठभूमि से हैं। इसके अलावा दिउ, दमन और दादरा एवं नागर हवेली में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना और हाई-परफॉर्मेंस सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

# भारत के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य बनकर उभरा चीन, अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 33 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर के दौरान धीरे-धीरे भारत के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभरा है। इस दौरान निर्यात 33 बढ़कर 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली ये आंकड़े द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में संरचनात्मक बदलाव का संकेत दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में वृद्धि तेल खली, समुद्री उत्पाद, दूरसंचार उपकरण और मसालों जैसे उत्पादों के कारण हुई है। भारत ने अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सामान निर्यात किया। अप्रैल-नवंबर 2022-23 में यह 9.89 अरब अमेरिकी डॉलर और 2023-24 में 10.28 अरब अमेरिकी डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में 12.22 अरब अमेरिकी डॉलर तक की तीव्र वृद्धि न केवल पिछले वर्ष की गिरावट के उलट है बल्कि पिछले चार वर्ष में सर्वाधिक भी है। इलेक्ट्रॉनिक खंड में अप्रैल से नवंबर (पहले आठ महीनों) के दौरान जिन मुख्य वस्तुओं में वृद्धि दर्ज की गई, उनमें 'पॉपुलेटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड' (निर्यात 2.39 करोड़ डॉलर से बढ़कर 92.24 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया), फ्लैट पैनल डिस्प्ले मॉड्यूल और टेलीफोनी के लिए अन्य विद्युत उपकरण शामिल थे। निर्यात किए जाने वाले प्रमुख कृषि एवं समुद्री उत्पाद सूखी मिर्च, ब्लैक टाइगर झींगा, हरी मूंग, वन्नामेई झींगा और तेल खली के अवशेष हैं। इसी प्रकार एल्युमीनियम और परिष्कृत तांबे के 'बिलेट' ने भी निर्यात वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया। एक अधिकारी ने कहा, '' इलेक्ट्रॉनिक सामान, कृषि और मूल धातु में फैला यह प्रसार दर्शाता है कि निर्यात में यह उछाल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि यह चीन को भारत के निर्यात के व्यापक संरचनात्मक विस्तार को दर्शाता है।

# भारत- ईयू के बीच एफटीए पर वार्ता: किसानों, एमएसएमई के हितों की रक्षा का वादा

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस वार्ता के लिए यूरोपीय संघ मुख्यालय की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने एक पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए सुनिश्चित करने के लिए ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविच के साथ उच्च स्तरीय चर्चा की। गोयल ने सोशल मीडिया पर लिखा, इस वार्ता के दौरान हमने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया। हमने एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और एक आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ते हुए किसानों और एमएसएमई के हितों की रक्षा करती है। यह मंत्री-स्तरीय वार्ता ब्रसेल्स में एक सप्ताह के गहन विचार-विमर्श के बाद हो रही है। इसकी आधारशिला इस सप्ताह की शुरुआत में (6-7 जनवरी) भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग के व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच हुई उच्च स्तरीय चर्चा के दौरान रखी गई थी। ये वार्ताएं महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि दोनों पक्ष जल्द से जल्द बातचीत को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 27 जनवरी को यहां होने की संभावना है, और यूरोपीय संघ का शीर्ष नेतृत्व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगा। अग्रवाल ने 15 दिसंबर को कहा था कि भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के बीच बातचीत निर्णायक चरण में पहुंच गई है, और दोनों पक्ष मतभेदों को दूर करने तथा वार्ता को जल्द समाप्त करने में लगे हुए हैं।

# सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ बीसीसीएल का आईपीओ, 13 तक लगा सकते हैं बोली

नई दिल्ली। कोयले का उत्पादन करने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी कोल इंडिया की सब्सिडरी भारत कोकिंग कोल लिमिटिड (बीसीसीएल) का 1,071.11 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 13 जनवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 14 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 15 नवंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 16 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। ये आईपीओ साल 2026 का पहला मेनबोर्ड सेगमेंट का आईपीओ है। दोपहर 1:30 बजे तक कंपनी का आईपीओ 5.42 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 21 रुपये से लेकर 23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600




शेयर का है। बीसीसीएल के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 600 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 13,800 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर्स अधिक से अधिक 14 लौट यानी 8,400 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 1,93,200 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 46.57 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले 8 जनवरी गुरुवार को बीसीसीएल ने एंकर इनवेस्टर्स से 273.13 करोड़ रुपये जुटाए। एंकरबुक में सबसे अधिक पैसे देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने लगाए। एलआईसी ने 78 करोड़ रुपये के निवेश से बीसीसीएल के 3.39 करोड़ शेयर अपने नाम किए। इसके अलावा एंकर बुक में निप्पन लाइफ इंडिया म्यूचुअल फंड ने 75 करोड़ रुपये के निवेश से 3.26 करोड़ शेयर और बंधन म्यूचुअल फंड ने 75 करोड़ रुपये के निवेश से 3.26 करोड़ शेयर हासिल किए। इन तीनों एंकर इनवेस्टर्स के अलावा, यूटीआई म्यूचुअल फंड, सोसिएट जेनेरेल, साइट्रिन फंड, राजस्थान ग्लोबल सिक्योरिटीज, एम-7 ग्लोबल फंड, कॉप्थल मॉरिशस इनवेस्टमेंट और मेबैंक सिक्योरिटीज जैसे प्रमुख नाम भी एंकर बुक में शामिल हुए हैं।

# पुरातत्वविद डॉ. वाकणकर ने पुरातत्व को बनाया जन आंदोलन : मोहन यादव

एजेंसी

- पुरातत्वविद डॉ. प्रो. यशोधर मठपाल 19वें डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान वर्ष 2022-2023 से सम्मानित

भोपाल । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर का भारतीय पुरातत्व के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है। पुरातत्वविद डॉ. वाकणकर ने पुरातत्व को जन आंदोलन बना दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके व्यक्तित्व और संप्रेषण का ही प्रभाव था कि उज्जैन का जन-जन अपने परिवेश को पुरातत्व की दृष्टि से देखने लगा था। पुरातत्व को लोक रुचि का विषय बनाने का डॉ. वाकणकर का प्रयास अद्भुत और अनुकरणीय था। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर अनेक प्रतिभाओं के धनी थे। उन्होंने सितार वादन, मूर्ति कला, चित्रकला, काव्य लेखन एवं संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 19वें डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समारोह में पद्मश्री से सम्मानित डॉ. प्रो. यशोधर मठपाल को शॉल-श्रीफल और भू वराह की प्रतिकृति तथा 2 लाख रुपये का चैक भेंट कर 19वें डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान वर्ष 2022-2023 से सम्मानित किया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय सितार वादक स्मिता नागदेव एवं कवि लेखक राहुल शर्मा ने सितार और कविता की जुगलबंदी से डॉ. वाकणकर द्वारा रचित कविता ''इतिहास के पटल पर'' का राग बैरागी भैरव में गायन प्रस्तुत किया।

उन्होंने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और डॉ. वाकणकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने ''20वीं सदी में मध्य प्रदेश में स्वाधीनता आंदोलन 1920-1947, दुर्लभ अभिलेख और छाया चित्रों की प्रदर्शनी'' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया तथा एक स्टॉल पर कुम्हार के चाक पर स्वयं शिवलिंग की प्रतिकृति का निर्माण कर भारतीय संस्कृति, कला एवं शिल्प परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय का तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 11 जनवरी तक चलेगा।

डॉ. वाकणकर के परिश्रम और प्रयासों से कालगणना के केन्द्र डोंगला की हुई खोजमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर के परिश्रम और प्रयासों से काल गणना के केंद्र डोंगला की खोज हुई। उन्होंने बताया कि पृथ्वी की दीर्घकालीन घूर्णन धुरी में परिवर्तन के कारण उज्जैन में होने वाला शून्य देशांतर-रेखा और कर्क रेखा का मिलन उत्तर की ओर खिसक कर डोंगला में हुआ। पुरातत्वविद डॉ. वाकणकर ने उज्जैन क्षेत्र में गहन सर्वेक्षण किया था। शंकु की सहायता से उन्होंने कर्क रेखा की नई स्थिति का पता लगाया। पुरातत्वविद डॉ. वाकणकर ने शिलाओं और गुफाओं में छिपे प्रमाणों के माध्यम से भारतीय सभ्यता की उस कहानी को दुनिया के सामने रखा, जो लिखित इतिहास से भी पहले की है। भारत ही नहीं यूरोप और अमेरिका के शैल चित्रों की खोज और अध्ययन में रहा डॉ. वाकणकर का योगदानमुख्यमंत्री ने कहा कि भीमबेटका के शैलचित्र 30 हजार वर्ष पुराने माने जाते हैं। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर ने वर्ष 1957 में भीमबेटका के शैलचित्रों का उत्खनन और गहन अध्ययन कर न केवल इन प्राचीन स्थलों पर प्रकाश डाला, बल्कि भारत को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई। आज भीमबेटका केवल मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है। इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संचालित किया जा रहा है।

पुरातत्वविद डॉ. वाकणकर ने महेश्वर, मंदसौर, नावड़ाटौडी, इंद्रगढ़, मनोटी, आवरा, कायथा, आजादनगर, इंदौर, दंगवाड़ा और रूनिजा जैसे विभिन्न पुरातात्विक स्थलों के उत्खनन और अध्ययन का नेतृत्व किया। डॉ. वाकणकर का मानना था कि ऋग्वेद में वर्णित सरस्वती नदी कोई मिथक नहीं, बल्कि एक वास्तविक, विशाल प्राचीन नदी थी। उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर यह दिखाने का प्रयास किया कि आज की घग्गर-हकरा नदी प्रणाली ही प्राचीन सरस्वती का अवशेष है। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर भारत तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने भारत, यूरोप और अमेरिका में 4 हजार से अधिक शैलचित्रों की खोज और अध्ययन किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें पद्मश्री से अलंकृत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. वाकणकर के इस अद्वितीय योगदान के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया था। पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों से ओत-प्रोत थे। मुख्यमंत्री ने डॉ. वाकणकर द्वारा पद्मश्री सम्मान ग्रहण करने के समय का संस्मरण साझा करते हुए बताया कि डॉ. वाकणकर ने राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के गणवेश का प्रमुख अंग 'ब्लैक कैप' धारण करके ही पद्मश्री सम्मान ग्रहण किया था। उन्होंने कहा कि इस विरासत को संजोते हुए हम विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उनके सम्मान में रातापानी अभ्यारण्य का नाम डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम पर रखकर राज्य सरकार ने महान इतिहासदृष्टा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में पुरातत्व संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आज से 1000 साल पहले गुजरात के सोमनाथ महादेव मंदिर पर हुए आक्रमण के बाद आज हमारी आस्था का यह केंद्र भव्य और गौरवशाली रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन में 14 जनवरी से महाकाल महोत्सव की शुरुआत करने जा रही है। राज्य सरकार उज्जैन में पुरातत्वविद् डॉ. वाकणकर की स्मृतियों और उनके एकत्रित पुरातत्व ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं का संरक्षण करते हुए संग्रहालय को भी वर्तमान तकनीकी व्यवस्थाओं से लैस कर रही है।

# स्कूलों को समाज से जोड़ना होगा: धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए एक बार फिर स्कूलों को समाज से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था और शिक्षकों का वेतन सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन स्कूलों के संचालन और समग्र विकास में समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। प्रधान ने यह बात शुक्रवार को 'समग्र शिक्षा' को नए सिरे से परिकल्पित करने पर आयोजित परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन के पांच वर्ष पूरे होने के बाद वर्ष 2026-27 में देश 'समग्र शिक्षा' के एक नए प्रारूप की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था और मानव संसाधन तैयार करना आज सबसे बड़ी चुनौती है। भारत की बड़ी आबादी समग्र शिक्षा से अपेक्षाएं रखती है और शिक्षा के माध्यम से न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए राज्यों के पास अपने-अपने अनुभव और श्रेष्ठ प्रथाएं मौजूद हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सीखने के परिणाम (लर्निंग आउटकम) और पोषण परिणामों में सुधार, परीक्षा के बोझ को कम करना, शिक्षा को सहज बनाना, कक्षा 12 तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, स्कूलों का समग्र विकास, तकनीक और डिजिटलीकरण जैसे अनेक घटकों के सार्थक रूपांतरण के लिए समाज की भूमिका को फिर सशक्त करना होगा।

उन्होंने कहा कि जब हम समग्र शिक्षा के नए प्रारूप की ओर बढ़ रहे हैं, तो यह भी सोचना होगा कि सरकार और समाज मिलकर इसकी जिम्मेदारी कैसे निभाएं। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए, जिसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया जाए। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो विजन रखा है, वह तभी साकार होगा जब देश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और कक्षा 12 तक शत-प्रतिशत नामांकन हासिल किया जाए। उन्होंने सीखने की खाइयों को कम करने, ड्रॉपआउट घटाने, शिक्षकों की क्षमता निर्माण, बच्चों में रचनात्मक दृष्टिकोण और महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने तथा 'अमृत पीढ़ी' को मैकाले मानसिकता से बाहर निकालने पर जोर दिया।

# नड्डा ने कोलकाता के चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के न्यू टाउन परिसर का किया दौरा

एजेंसी

कोलकाता । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के न्यू टाउन परिसर का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना की। नड्डा ने कहा कि चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान ने देश में कैंसर उपचार, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय



योगदान दिया है।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात को रेखांकित किया कि यह भारत का पहला सरकारी कैंसर अस्पताल है, जिसे राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। नड्डा ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और मील का पत्थर बताया। उन्होंने संस्थान में हो रहे अनुसंधान और नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि कैंसर से संबंधित शिक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में यह संस्थान देश का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है।

उल्लेखनीय है कि, चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान केंद्र सरकार के अंतर्गत संचालित देश के 27 क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों में से एक है। इसकी स्थापना वर्ष 1950 में कोलकाता के हाजरा क्षेत्र में की गई थी। वर्तमान में संस्थान के दो परिसरों में कुल 670 बिस्तरों की व्यवस्था है। इसके साथ ही यहां एक सशक्त और उन्नत शोध वातावरण भी विकसित किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में यह संस्थान कैंसर उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा तथा देशभर के मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करेगा।

# हिमाचल प्रदेश के हरिपुरधार में निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, आठ की मौत, पांच घायल

एजेंसी

नाहन। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पाच्छाद उपमंडल अंतर्गत हरिपुरधार में आज दोपहर एक निजी बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। बस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह निजी बस शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही थी। इसी दौरान हरिपुरधार के समीप अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और स्थानीय लोग मौके



पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए राजगढ़ अस्पताल भेजा जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नाहन मेडिकल कॉलेज और ददाहु अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रबंध किए गए हैं।

नाहन में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी तक आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की आधिकारिक जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि बस में कुल कितने यात्री सवार थे, इसका पता लगाया जा रहा है और राहत एवं बचाव कार्य अभी भी जारी है। मंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बस दुर्घटना में बहुमूल्य मानव जीवन के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए तथा घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# पेज एक का शेष

## यूपी...

इस पूरी सुविधा का निर्माण 24 महीने में होना था, लेकिन आप लोगों ने इसे 18 महीनों में तैयार किया है। अब जैसे ही यहां काम शुरू हो जाएगा, उसके बाद हर महीने लगभग 2,500 इलेक्ट्रिक वाहन यहां से बनकर निकलेंगे। इससे सबसे बड़ा लाभ, हमारी स्थानीय जनता को होने वाला है। सरकार का लक्ष्य है, कि अगले पांच साल में यहां हजारों करोड़ रुपये का नया काम आए और हमारे लाखों नौजवानों को सीधा रोजगार मिले। यानी हमारे गांव, कस्बे और शहरों के बच्चे, अब यहीं काम करेंगे, यहीं कमाएंगे और अपने परिवार को संभालेंगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा, ऐसा मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं। आज, जब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो उसमें उत्तर प्रदेश का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण होने वाला है। मुझे पूरा विश्वास है कि 2047 में जब देश आजादी के 100 साल पूरे होने पर, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करेगा, तब तक उत्तर प्रदेश रोजगार, उद्योग, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में भी देश का नेतृत्व कर रहा होगा। उत्तर प्रदेश में, लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा। आज उत्तर प्रदेश की पहचान, एक ऐसे राज्य के रूप में हो रही है, जो देश के विकास में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का जो समय है उसमें स्किल का बड़ा महत्त्व है। कौशल विकास को बढ़ावा देकर, हमारे युवाओं को, भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। इस तरह की तमाम कोशिशों के माध्यम से, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश, और देश के विकास में लगे हुए हैं, लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं।

आने वाले कुछ सालों में, तेल से चलने वाली गाड़ियाँ कम दिखेंगीं, इलेक्ट्रिक गाड़ियां ज्यादा दिखेंगी। पर्यावरण के लिए भी यह जरूरी है, कि हम इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा दें। इसलिए हमारी सरकार भविष्य की इन टेक्नोलोजिक पर अधिक ध्यान दे रही है और उनको बढ़ावा दे रही है। हमारी सरकार ने औद्योगिक विकास को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज आप देखिये, भारत में हमने ह्लमेक इन इण्डियाङ्क पहल शुरू की है। तमाम बड़ी चीजें, जो पहले विदेशों से आती थीं, आज वो भारत में ही बनने लगी हैं।

## फियरलेस...

कर सकें, यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट इस दिशा में किए जाने वाला प्रयास का एक हिस्सा है। इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए नौकरी व रोजगार की संभावनाएं भी विकसित हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। सीएम ने बेहतर कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए बताया कि देश के एक्सप्रेसवे का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास है। देश में सर्वाधिक शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों व मेट्रो का संचालन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी के पास है। देश में बन रहे दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी से होकर जा रहे हैं। इन पर यूपी का लॉजिस्टिक टर्मिनल व लॉजिस्टिक एंड ट्रांसपोर्ट हब को भी विकसित करने का कार्य हो रहा है। देश में पहली रैपिड रेल व वाटर वे का संचालन भी यूपी में हो चुका है।

सीएम ने कहा कि अशोका लेलैंड का ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट एफडीआई व फॉर्चून-500 पॉलिसी का हिस्सा है। 2017 के पहले यूपी में एफडीआई का अंश ऊंट के मुंह में जीरा जैसा था, लेकिन आज यूपी ने अपनी पॉलिसी के माध्यम से एफडीआई व फॉर्चून-500 को आकर्षित किया है। बताया कि सितंबर, 2023 में एमओयू हुआ। जनवरी, 2024 में एलओआई व भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई संपन्न हुई। मात्र 18 महीने में विश्वस्तरीय प्लांट निर्मित होकर आज देश को समर्पित हो रहा है तो यह डबल इंजन की फास्ट ट्रैक अप्रूवल प्रणाली और सुशासन का परिणाम है।

योगी आदित्यनाथ ने प्लांट में निर्मित बस का जिक्र करते हुए बताया कि यह 15 लाख की 17-18 सीटर बस है। इसके अलावा स्कूल बस, सिटी टू सिटी कनेक्ट की दृष्टि से जो अन्य मैन्युफैक्चरिंग यहां प्रारंभ हुई हैं, यूपी की इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी इसे नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। यूपी सरकार इस प्लांट में प्रतिवर्ष यूपी के 10 हजार युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के साथ जोड़ने का एमओयू हिंदुआ ग्रुप के साथ करने जा रही है।

समारोह में अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्षा तंत्र की मजबूती और स्थायित्व से देश में निवेश का भरोसेमंद वातावरण बना है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व में उद्योगों के लिए विकसित सकारात्मक माहौल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस और प्रभावी पहल की जा रही है। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में देश लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा एमडी-सीईओ शेनू अग्रवाल ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।-

## राष्ट्रीय...

में पहुंच सकेगी। एनएसजी के अनुसार, एनआईडीएमएस राष्ट्रीय बम डेटा केंद्र (एनबीडीसी) का हिस्सा है। यह प्रणाली देशभर में हुई आईईडी और अन्य विस्फोटक घटनाओं से संबंधित सूचनाओं को साझा डिजिटल भंडार के रूप में संग्रहित करेगी। इससे एनआईए, राज्य पुलिस बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य जांच एवं आतंकवाद निरोधक एजेंसियों को ऑनलाइन, दो-तरफा डेटा उपलब्ध हो सकेगा।

एनआईडीएमएस के माध्यम से अलग-अलग मामलों की फाइलों में बिखरे आंकड़े अब एक क्लिक पर जांच एजेंसियों को उपलब्ध होंगे। यह मंच विभिन्न बम विस्फोटों के बीच 'सिग्नेचर लिंक' की पहचान करने, घटनाओं के पैटर्न और रुझानों का विश्लेषण करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम की रणनीति तैयार करने में सहायक होगा।

सरकार का कहना है कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म समय के साथ और अधिक उन्नत होता जाएगा, जिससे भारत की आईईडी निरोधक क्षमता, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था और आतंकवाद एवं उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई को नई मजबूती मिलेगी।

## लव जिहाद ...

करीब 2:40 बजे सिटी स्टेशन गेट के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

चौक थाना प्रभारी नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि इस सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों (शारिक खान और सैय्यद जाहिद हसन) का भी पता लगाया जा सके। इस मामले में पुलिस की तत्परता और सख्त धाराओं के प्रयोग से उम्मीद जागी है कि पीड़िता को जल्द ही न्याय मिलेगा।

## दिल्ली...

हंगामा करने के कारण ये चारों सदस्य तीन दिन के लिए निलंबित किए गए थे। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 8 जनवरी तक चलना था, जिसे एक दिन बढ़ाकर 9 जनवरी तक कर दिया गया।

## निजी...

इससे लगभग आठ करोड़ कंटेंट निर्माताओं के लिए संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

वैष्णव ने कहा कि इस समय वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 250 से अधिक टीवी और एफएम रेडियो चैनल उपलब?ध हैं। उन्होंने कहा कि उनका विचार है कि टेलीविजन विनिर्माताओं से अनुरोध किया जाए कि वे अपने अपने टीवी सेट्स में वेव्स ओटीटी इनबिल्ट करके बाजार में लाएं।

वैष्णव ने कहा कि क्रिएटर्स कॉर्नर को लेकर विज्ञापन कंपनियों से भी बात हो गई है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि कंटेंट क्रिएटर्स को निष्पक्ष मौका और समुचित राजस्व अवश्य मिलना चाहिए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी विचारधारा को प्रोत्साहित करने और किसी को हतोत्साहित करने की प्रवृत्ति पर उन्होंने नाखुशी जताई और स्वदेशी प्लेटफॉर्म्स की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई एक्स, फ़ेसबुक या इंस्टाग्राम जैसे भारतीय प्लेटफॉर्म आते हैं तो वह उन्हें पूरा समर्थन देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने क्रिएटर्स कॉर्नर की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल सामग्री निर्माताओं को पहचानने और बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रसार भारती ने ''क्रिएटर कॉर्नर'' लॉन्च किया है जो डीडी न्यूज पर देशभर के डिजिटल रचनाकारों द्वारा बनाई गई सामग्री को प्रदर्शित करने के लिए एक समर्पित मंच होगा। इस पहल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के निर्माण को प्रोत्साहित करके और प्रसार भारती और व्यक्तिगत सामग्री निर्माताओं के बीच साझीदारी के माध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि क्रिएटर कॉर्नर में समाचार और वर्तमान मामलों, संस्कृति, यात्रा, भोजन, कला और साहित्य, संगीत और नृत्य, स्वास्थ्य और कल्याण, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, प्रेरक कहानियां, पर्यावरण और सतत विकास और मनोरंजन सहित विषयों की एक विस्तृत शृंखला पर सामग्री होगी।

प्रसार भारती के अधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम का प्रसारण सोमवार से शुक्रवार तक डीडी न्यूज पर शाम 7:00 बजे किया जाएगा, जिसमें अगले दिन सुबह 9:30 बजे दोहराया जाएगा। प्रत्येक एपिसोड में चार से छह रील या वीडियो होंगे जो विविध विषयों को कवर करेंगे। यह पहल एक पारस्परिक रूप से लाभकारी साझीदारी होगी जो डिजिटल रचनाकारों को एक विश्वसनीय मंच और प्रसार भारती/डी न्यूज की व्यापक पहुंच प्रदान करेगी। इससे उनके काम को प्रदर्शित किया जा सके, जबकि प्रसार भारती अभिनव और विविध सामग्री को क्यूरेट करने में सक्षम बनेगी।-

## ईडी...

पर थी, जिसके यहां करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत आई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री बनर्जी जाती हैं, उनके पुलिस अधिकारी जाते हैं, ईडी के लोगों को धमकाते हैं, ममता बनर्जी उनसे बहस करती हैं और पेपर छीन कर चली जाती हैं।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उनका आचरण न केवल अमर्यादित, असंवैधानिक और शर्मनाक है, बल्कि उन्होंने इससे संवैधानिक मर्यादाओं को भी तार-तार किया है। ममता जी, आपको इतनी घबराहट क्यों है? ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं, 14 साल से मुख्यमंत्री हैं, केंद्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं और गवर्नेंस समझती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने सारे नियमों, कानूनों और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करके वहां जाना जरूरी समझा, तो वहां कुछ ऐसा संदिग्ध था जिसे निकालना आवश्यक था। ममता जी ने कॉन्ट्रैक्ट लिया हुआ है कि बंगाल में कोई जांच नहीं होने देंगी? बंगाल के भ्रष्टाचार में किसी भी सीबीआई और ईडी की जांच नहीं होने देंगी, क्योंकि हर जगह उनके सिस्टम के पांव फैले हुए हैं। हम इसकी कड़ी भर्त्सना करते हैं।

## आई-पैक...

मार्च का नेतृत्व किया, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस की शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। ममता बनर्जी आठ बी बस स्टैंड इलाके से हाजरा मोड़ तक पैदल चलीं। उनके साथ राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। रैली के दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की।

यह विरोध मार्च एक दिन पहले की उस घटना के बाद निकाला गया, जब ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी अचानक आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास पहुंच गई थीं। उस घटनाक्रम के बाद केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव और तेज हो गया है।

रैली में बंगाली सांस्कृतिक रंग भी साफ नजर आया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रसिद्ध गीत 'आमी बांग्लाय गान गाइ' गाया, जबकि कई महिलाओं ने शंखनाद किया। इससे विरोध प्रदर्शन एक राजनीतिक मार्च के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्सव जैसा रूप लेता दिखा।

अपनी पारंपरिक सफ़ेद सूती साड़ी, शॉल और चप्पल में ममता बनर्जी जुलूस के आगे चलती रहीं। वह बीच-बीच में सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन करती दिखीं। बड़ी संख्या में लोग इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड करते नजर आए।

रैली में तृणमूल कंग्रेस के अभिनेता-नेता और लोकसभा सांसद देव, अभिनेता सोहम चक्रवर्ती सहित बांग्ला फिल्म और टेलीविजन जगत के कई जाने-माने चेहरे भी शामिल हुए। उनकी मौजूदगी से भीड़ में उत्साह और बढ़ गया और राजनीति तथा सिनेमा का मेल एक बार फिर देखने को मिला।

तृणमूल कंग्रेस नेताओं ने कहा कि यह मार्च राज्यभर में प्रस्तावित आंदोलनों की पहली कड़ी है। पार्टी का संकेत है कि ममता बनर्जी अब राजनीतिक लड़ाई को अदालतों और बैठकों से बाहर निकालकर सड़कों पर ले जाना चाहती हैं। पार्टी नेताओं के अनुसार, जनआंदोलन और प्रतीकात्मक राजनीति वह क्षेत्र है, जहां ममता बनर्जी खुद को सबसे मजबूत मानती हैं।

## दिल्ली...

प्रदर्शन कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

ममता बनर्जी ने लिखा कि लोकतांत्रिक अधिकार के तहत विरोध प्रदर्शन कर रहे निर्वाचित प्रतिनिधियों को सड़कों पर घसीटना कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि ह्लवर्दी में घमंडङ्क है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतंत्र है, न कि भारतीय जनता पार्टी की निजी संपत्ति।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सत्ता में बैठे लोगों की सुविधा या आराम पर नहीं चलता। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भाजपा नेता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें विशेष सुविधाएं और सम्मान दिया जाता है, जबकि विपक्षी सांसदों को अपनी आवाज उठाने पर घसीटा जाता है, हिरासत में लिया जाता है और अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा, ह्लयह दोहरा मापदंड भाजपा की लोकतंत्र की परिभाषा को उजागर करता है, जहां आज्ञाकारिता को महत्व दिया जाता है, असहमति को नहीं। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि संस्थानों और राजनीतिक प्रतिनिधियों के बीच सम्मान परस्पर होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ह्लआप हमारा सम्मान करेंगे, तो हम आपका सम्मान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने के प्रयासों का जवाब संविधान में निहित सहिष्णुता, असहमति और लोकतांत्रिक नैतिकता के सिद्धांतों को और मजबूती से स्थापित करके दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम अधिकार से नागरिक हैं, किसी कुर्सी, बैज या सत्ता के पद की दया पर नहीं। किसी भी सरकार, किसी भी पार्टी या किसी भी गृह मंत्री को यह तय करने का अधिकार नहीं है कि लोकतंत्र में किसे गरिमा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

## ■ कार्य शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को जेपी गंगा पथ पर कराए जा रहे लैंडस्केपिंग, पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगा नदी के किनारे विकसित किए जा रहे पार्क का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पार्क विकास से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क गंगा नदी के किनारे स्थित है, इसलिए लोगों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यहां अच्छा कार्य हो रहा है और पार्क के विकसित होने से जेपी गंगा पथ क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी। इससे लोग अपने परिवार के साथ यहां समय बिता सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पौधारोपण से पूरा क्षेत्र हरा-भरा और आकर्षक दिखाई देगा। उन्होंने जेपी गंगा पथ को एक अद्‌भुत परियोजना बताते हुए कहा कि इसका सौंदर्यीकरण बेहतर ढंग से किया जा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र आम लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जेपी गंगा पथ पर सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सदस्य सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेश परासर, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर 43 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग्स व तस्करी की सिगरेट जब्त, चार यात्री गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कस्टम्स विभाग ने आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी का खुलासा किया है। कस्टम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि बैंकॉक से दिल्ली पहुंचे चार भारतीय यात्रियों के पास से भारी मात्रा में गांजा/मारिजुआना और तस्करी की सिगरेट बरामद की है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 43.15 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

कस्टम अधिकारियों के अनुसार, पांच जनवरी को बैंकॉक से दिल्ली आ रही उड़ानों टीजी-315 और टीजी-331 से पहुंचे यात्रियों को 6 जनवरी को टर्मिनल-3 पर स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर ग्रीन चैनल पर रोका गया। इसके बाद यात्रियों के सामान को एक्स-रे जांच और तलाशी के लिए भेजा गया। तलाशी के दौरान चार ट्रॉली बैग (दो



नीले, एक ग्रे और एक पर्पल रंग के) से 36 पॉलीथीन पाउच बरामद हुए, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ मिला। प्राथमिक जांच में यह गांजा/मारिजुआना पाया गया, जिसका कुल वजन 43.135 किलोग्राम (नेट) है। इसके अलावा दो अन्य ट्रॉली बैग (एक पीला और एक आसमानी रंग का) से गोल्ड फ्लेक ब्रांड की 76 डंडियां सिगरेट भी बरामद की गईं। जांच में बरामद पदार्थ प्रथम दृष्टया गांजा/मारिजुआना और सिगरेट पाए गए। कस्टम्स विभाग का कहना है कि इस मामले में मादक पदार्थ निषेध अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट), 1985 की धारा 8 का उल्लंघन हुआ है, जो धारा 20, 23 और 29 के तहत दंडनीय अपराध है। कस्टम अधिकारियों ने चारों यात्रियों को सात जनवरी को अलग-अलग समय पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 43(बी) के तहत गिरफ्तार किया। साथ ही गांजा/मारिजुआना, सिगरेट, छिपाने में इस्तेमाल किया गया सामान और पैकेजिंग सामग्री को भी जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तस्करी का यह नेटवर्क किन-किन लोगों से जुड़ा है और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

# 7.4 प्रतिशत विकास दर रहा तो बढ़ता निवेश और उत्पादों का निर्यात होगा सबसे अहम : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। वित्तीय वर्ष 2026 में यदि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.4 प्रतिशत से अधिक रहती है, तो इसके पीछे देश के भीतर बढ़ता निवेश और उत्पादों का निर्यात सबसे अहम भूमिका निभाएगा। यह बातें बिहार के भागलपुर जिले के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शुक्रवार को कही। भागलपुर में चल रही विकास योजनाओं और निवेश की रफ्तार पर बात करते हुए डीएम ने कहा कि जिले में लगातार बढ़ रही निर्माण गतिविधियां और निजी और सरकारी निवेश आने वाले समय में न सिर्फ क्षेत्रीय विकास को गति देंगी, बल्कि समग्र आर्थिक विकास में भी अहम योगदान देंगी। उन्होंने बताया कि आधारभूत संरचना, सड़क, आवास, उद्योग और शहरी विकास से जुड़ी परियोजनाओं में तेजी लाई जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियों में निरंतर विस्तार होगा। डीएम का मानना है कि जब जिला स्तर पर विकास मजबूत होता है, तो उसका सीधा असर राज्य और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। भागलपुर में निवेश के अनुकूल माहौल बनने से छोटे और मध्यम उद्योगों को भी बढ़ावा मिल रहा है। इससे न केवल उत्पादन क्षमता में इजाफा होगा, बल्कि निर्यात को भी नई दिशा मिलेगी। डीएम ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में भागलपुर आर्थिक गतिविधियों का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि एक डीएम होने के नाते मैं कह सकता हूँ कि भागलपुर में निवेश की गति और निर्माण कार्यों की रफ्तार आने वाले समय में इलाकाई विकास के साथ-साथ इकोनॉमी ग्रोथ का एक बड़ा कारण बनेगी।

# आतिशी के बयान के खिलाफ भाजपा का आम आदमी पार्टी दफ्तर पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच सियासी टकराव लगातार तेज होता जा रहा है। सिख गुरुओं को लेकर कथित टिप्पणी के मुद्दे पर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। इसी कड़ी में मंगलवार को फिरोजशाह रोड स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर दिल्ली भाजपा के सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर लेकर आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की और पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी से माफी की मांग की। राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना के बयान के विरोध में हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दिल्ली भाजपा के सिख प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। भाजपा कार्यकर्ता विंडसर प्लेस पर एकत्र हुए और वहां से



आतिशी मार्लेना के इस्तीफ़े और अरविंद केजरीवाल एवं सरदार भगवंत मान से माफी मांगने के नारे लगाते मार्च करते हुए आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़े पर कार्यालय से कुछ पहले फिरोजशाह रोड़ - माधवराव सिंधिया मार्ग रेड लाइट के समीप भारी बैरिकेड्स लगा कर दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका, उनकी डिटेनशन की घोषणा की और फिर कुछ देर बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि सुश्री अतीशी का दिल्ली विधानसभा में आचरण और बयान सिख गुरुओं और सिख मर्यादाओं के प्रति गहरे अनादर को दर्शाता है, जो संवैधानिक गरिमा के भी विरुद्ध है। अरविंद केजरीवाल के इशारे पर एक तरफ़ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के पंजाब में दिए गए बयान बार-बार यह साबित करते हैं कि आम आदमी पार्टी की सिख आस्था के प्रति सोच संवेदनशील नहीं, बल्कि द्वेषपूर्ण रही है। संवैधानिक मंचों पर सिख धार्मिक प्रतीकों और परम्पराओं का इस तरह अपमान केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सिख समाज की भावनाओं को जानबूझकर आहत करने का गंभीर प्रयास है। चुग ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी की 350वीं जयंती जैसे पावन अवसर पर ऐसा आचरण आम आदमी पार्टी की वैचारिक संकीर्णता और सिख-विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर करता है। आम आदमी पार्टी अब सिख आस्थाओं के अपमान का पर्याय बन चुकी है। सरदार भगवंत मान और अतीशी मार्लेना को सिख समुदाय से बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि यह अपमान सिख समाज कभी नहीं भूलेगा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता लगातार लोगों की आस्था और संस्कृति का मजाक उड़ाते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सिख गुरु श्री तेगबहादुर जी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है, लेकिन इसके बावजूद वह माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विकास की राजनीति की जगह आप समाज को बांटने का काम कर रही है।

# तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामला: एक और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य जिले के तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी के मामले में एक और आरोपित मोहम्मद इमरान (36) को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपितों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस का कहना है कि हिंसा भड़कने की एक बड़ी वजह सोशल मीडिया पर फैलाई गई भ्रामक और झूठी जानकारी थी। इसी सिलसिले में पुलिस ने एक महिला सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह कार्रवाई उन 10 सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान के बाद की गई है, जिन्होंने कथित तौर पर यह अफवाह फैलाई थी कि अदालत के आदेश पर चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान तुर्कमान गेट के पास स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम ने एक वीडियो के आधार पर महिला को बुलाया, जिसमें उसने यह दावा किया था कि मस्जिद को रामलीला मैदान इलाके में तोड़ दिया गया है।

# साकेत कोर्ट में पांचवीं मंजिल से कूदकर दिव्यांग कर्मचारी ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। साकेत कोर्ट की पांचवीं मंजिल से शुक्रवार को 60 फीसदी दिव्यांग एक कर्मचारी ने कूदकर जान दे दी। वह जज नंदिनी गर्ग की कोर्ट में अहलमद के पद पर तैनात था। आत्महत्या की घटना के बाद साकेत कोर्ट के सभी स्टाफ धरने पर बैठ गए। इस घटना पर वकील और राष्ट्रीय दिव्यांग अधिकार मंच के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने रोष जताते हुए इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। हरीश सिंह महार ने मौके से एक नोट भी छोड़ा है, जिसमें काम का अत्यधिक दबाव बनाने की बात कही गई है। नोट में कहा गया है कि अहलमद का काम संभालने के बाद से ही उसे खुदकुशी का विचार आने लगा था, लेकिन उसने अपनी खुदकुशी का इरादा किसी से शेयर नहीं किया। नोट में कहा गया है कि उसे लगा कि वो अपनी समस्या से बाहर आ जाएगा, लेकिन वो इसमें विफल रहा।

# विधायक पर लगाया जनता के मुद्दों को अनदेखा करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के राष्ट्रीय सचिव तरुण कौशिक ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक पर व्यवस्थाओं को लेकर निशाना साधा।

तरुण कौशिक ने कहा कि धर्म नगरी हरिद्वार से पांच बार विधायक बनने के बाद भी जनता के मुद्दों की ओर उनका ध्यान नहीं है। मंशा देवी में जो भगदड़ मची उसमें श्रद्धांलुओं की जाने गईं, मगर उस मुद्दे को दबा दिया गया। उस पर क्या जांच हुई उसका पता नहीं और अब भी व्यवस्था को नहीं सुधारा जा रहा। आने वाले समय में कुम्भ में क्या इन्हीं चरमराई व्यवस्था के साथ श्रद्धांलु आएंगे। पूरे हरिद्वार में नशे का




कारोबार चल रहा उसको संरक्षण देने का काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने कहा कि अंकिता भण्डारी के न्याय के लिए हम जनता के साथ है और 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद पर हमारा समर्थन है। मुख्यमंत्री धामी न तो सीबीआई जांच की बात कर रहे हैं और न ही कोई संतोषजनक जवाब दें रहे हैं। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। हेमा भण्डारी ने कहा कि उर्मिला सनावर नार्को टेस्ट करवाने को तैयार हैं, तो जिन नेताओं के रिकॉर्डिंग में नाम हैं उनका भी नार्को टेस्ट करवाया जाए। उन्होंने कहा सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो।

# विभिन्न मांगों को लेकर वैक्सीन कूरियर कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

भागलपुर। जिले के पीरपैंती रेफरल अस्पताल में वैक्सीन कूरियर कर्मी अपने मांगों के समर्थन में शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों के कार्य बहिष्कार के कारण टीकाकरण व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कूरियर कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से वैक्सीन की आपूर्ति हेल्थ सब सेंटरों तक नहीं हो पा रही है, जिससे पूरे प्रखंड में टीकाकरण कार्य बाधित हो सकता है। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे वैक्सीन कूरियर कर्मी महेश पासवान ने बताया कि पिछले छह माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। अस्पताल प्रशासन हर माह अगले माह भुगतान का आश्वासन देकर काम करवाता रहा, लेकिन अब तक बकाया राशि नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। न तो उन्हें 30 दिन का नियमित काम मिलता है और न ही 30 दिनों की मजदूरी दी जाती है। हड़ताल में शामिल मो. नूर जमा आलम ने बताया कि वर्तमान में 10 किलोमीटर के अंदर वैक्सीन बॉक्स पहुंचाने पर 100 रुपये प्रतिदिन और 10 किलोमीटर से अधिक दूरी पर 200 रुपये प्रतिदिन का भुगतान किया जाता है, जो बेहद कम है। उन्होंने बताया कि पीरपैंती प्रखंड में कुल 39 हेल्थ सब सेंटर हैं, जहां हर महीने औसतन करीब 25 हजार लोगों को विभिन्न प्रकार के टीके लगाए जाते हैं। ऐसे में कूरियर कर्मियों की हड़ताल से हजारों लाभार्थियों को समय पर टीकाकरण नहीं मिल पाने की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

# बर्फबारी न होने से पर्यटन व खेती के नुकसान के साथ बढ़ा हिमस्खलन का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ज्योतिर्मठ। दिसंबर महीना बीत गया जनवरी भी आ गई लेकिन बर्फ नहीं आई, समय पर बर्फबारी नहीं होने का असर केवल पर्यटन व्यवसायियों पर ही नहीं अपितु खेती किसानी पर भी इसका गहरा असर पड़ा है, और इन सबसे ज्यादा आशंका हैंगिग ग्ल्येशियर टूटने व एवलांच का खतरा भी हो सकता है, ऐसा फरवरी 2021 से पूर्व भी देखा गया था तब दिसंबर 2020 एवं जनवरी 2021 मे न्यूनतम बर्फबारी हुई थी और हैंगिग ग्ल्येशियर खिसकने से ऋषि गंगा मे भारी तबाही हुई थी। इस बार तो देखा गया कि बर्फबारी को लेकर मौसम विभाग का पूर्वानुमान में कुछ सटीक नहीं रहा, दिसंबर- जनवरी महीने मे ही अब तक कई बार मौसम विभाग ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे हिमपात का पूर्वानुमान जारी किया, खबर देख सुन पर्यटक पहाड़ों



की ओर उमड़े भी लेकिन बर्फ का दीदार न कर पाने से मायूस भी दिखे, हालांकि ट्रैकिंग के शौकीन पर्यटकों ने विभिन्न ट्रैकिंग रुट्स पर पहुंचकर नए साल का जश्न मनाया। बहरहाल समय पर बर्फबारी नहीं होने से पर्यटन व्यवसाय पर जो असर पड़ा सो पड़ा परन्तु इससे खेती किसानी को भी नुकसान ही हुआ है, सेब के पेड़ो को लगाने का सबसे उपयुक्त समय दिसंबर-जनवरी ही होता है, लेकिन बर्फबारी न होने के कारण काश्तकार यह नहीं कर सके लेकिन इन सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि कम बर्फबारी का होना और समय समय पर नहीं होना क्या यह एवलांच का खतरा बन सकता है, यदि फरवरी 2021की ही बात करें तो उस वर्ष भी बर्फबारी भी बेहद कम हुई थी और ऋषि गंगा के ऊपर हैंगिग ग्ल्येशियर टूटने से रैणी से लेकर तपोवन तक भारी तबाही हुई थी, तब के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2020 मे साढ़े दस हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित औली मे ही 12दिसंबर 2020को मात्र 5सेमी बर्फ गिरी थी और जनवरी 2021मे मात्र 6सेमी बर्फ गिरी थी। ग्ल्येशियर वैज्ञानिक डा डीपी डोभाल बताते हैं कि ग्लोवल वार्मिंग के कारण बर्फबारी का सिलसिला सिफ्ट हो रहा है और यह पिछले कई वर्षो से देखा जा रहा है, उन्होंने कहा कि स्थिर ग्ल्येशियर से ज्यादा हैंगिग ग्ल्येशियर खतरनाक होते हैं, ये बेहद सेंसटिव होते हैं, जल्दी बनते हैं और जल्दी खत्म भी होते हैं। देर से बर्फबारी होने पर हैंगिग ग्ल्येशियर के क्रेक होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है।

# बिहार गृह रक्षा वाहिनी की महिला प्रशिक्षुओं का पारण परेड

भागलपुर। जिले के नाथनगर स्थित एस.एस. बालिका इंटर उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को बिहार गृह रक्षा वाहिनी की महिला बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 131 महिला होमगार्ड जवानों का पासिंग आउट परेड सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परेड की सलामी बिहार गृह रक्षा वाहिनी के उप महासमादेष्टा (डीआईजी) मनोज कुमार नट, डिवीजनल कमांडेंट सह जिला समादेष्टा अखिलेश कुमार ठाकुर और भागलपुर के जिला समादेष्टा संजय कुमार ने संयुक्त रूप से ली। समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी मनोज कुमार नट ने प्रशिक्षित महिला जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब सभी पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हो चुकी हैं और जहां भी उनकी तैनाती होगी, वहां वे ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। डीआईजी नट ने यह भी बताया कि होमगार्ड जवान केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आपदा प्रबंधन, सामाजिक कार्यों और जनसेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डीआईजी नट ने महिला जवानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063